सुप्रभात

रांची, सोमवार

27.05.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, चर्तुथी , संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 312


12 पापियों के अंत तक चैन की सांस नहीं लेंगे : योगी

## न्यूज डायरी

### झारखंड में वज्रपात, बारिश के आसार, ऑरेंज अलर्ट

**रांची।** झारखंड के कई इलाकों में चक्रवाती तूफान के असर को ले कर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने राज्य में 1 जून तक बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम जिले में बारिश के साथ वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### धनबाद में सड़क हादसा तीन लोगों की मौत

**धनबाद ।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड कल्याणपुर के समीप रविवार को सड़क हादसे में मारुति वैन के ड्राइवर समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में सात लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि ट्रेलर ने वैन में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ये हादसा हुआ। मृतकों में मारुति वैन के चालक शमसाद अंसारी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। सूचना पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि सदलबल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

### उसरी फॉल में डूबने से देवघर के दो छात्रों की मौत

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगापुर स्थित उसरी फॉल (वाटरफॉल) में रविवार को डूबने से 2 युवकों की मौत हो गयी। दोनों युवक वर्षीय पवन कुमार (19) और दीपक कुमार वर्मा (18) देवघर के रहने वाले थे। दोनों नहाने के लिए फॉल में घुसे और फिर बाहर नहीं निकल सके। स्थानीय लोगों और गोताखोरों के सहयोग से दोनों युवकों का शव फॉल से बाहर निकाला। तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया पर चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

### गोवा में बिहार के चार मजदूरों की हादसे में मौत

**पूर्वी चंपारण।** गोवा में हुए एक सड़क हादसे में बिहार के चार मजदूरों की मौत हो गयी। मृतक सभी मजदूर पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र अंतर्गत गायघाट और मुरारपुर घटूली गांव के रहने वाले थे। इस हादसे में तीन अन्य मजदूर घायल हुए हैं, जिनमें एक सीवान जिले का रहने वाला है।

### आधी आबादी को देंगे पूरा हक : मल्लिकार्जुन

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने महिला सशक्तीकरण को पार्टी की प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को पूरा सम्मान देने के साथ ही आधी आबादी को उनका पूरा हक दिया जाएगा। एक ट्वीट कर उन्होंने कहा नारी न्याय लिखेगा महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय।


गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 92000 रु./प्रति किलो |


### तीसरी आंख






# केकेआर बना चैंपियन

## गंभीर प्रयास से हैदराबाद 8 विकेट से हारा, तीसरा खिताब

**चेन्नई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को रौंदकर आइपीएल 2024 का खिताब जीत लिया है। यह केकेआर का तीसरा आइपीएल खिताब है। कोलकाता और हैदराबाद आइपीएल 2024 की दो बेस्ट टीमें थीं। पॉइंट टेबल में टॉप-2 पर रही थीं। इसीलिए उम्मीद थी कि कांटे का मुकाबला होगा। लेकिन केकेआर ने इसे इतिहास का सबसे एकतरफा फाइनल बना दिया। श्रेयस अय्यर की टीम केकेआर ने एसआरएच को पहले तो आईपीएल फाइनल में महज 113 रन पर समेटा। इसके बाद 10.3 ओवर में मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया।

**तीनों खिताब का श्रेय गंभीर को :** आइपीएल की इस जीत में जितनी तारीफ कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाड़ियों की हो रही है, उतनी ही मेंटोर गौतम गंभीर की भी । यह महज इत्तफाक नहीं है कि आईपीएल को तीनों खिताब दिलाने में गौतम गंभीर का योगदान रहा है। केकेआर ने पहले दो खिताब (2012 और 2014) में गंभीर की कप्तानी में जीते थे। अब 2024 में जब केकेआर ने खिताब जीता तो गौतम गंभीर टीम के मेंटोर हैं।

**पैट कमिंस को बैरटों ने किया निराश :** हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीता। पहले बैटिंग चुनी लेकिन उनके बैटर्स ने निराश किया। केकेआर ने पहले ही ओवर से विकेट चटकाने शुरू किर दिये और महज 113 रन पर ढेर कर दिया। हैदराबाद की जिस टीम ने आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था, उसी ने फाइनल का लोएस्ट स्कोर बना डाला। टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी। वह 18.3 ओवर में ढेर हो गयी। कोलकाता के गंभीर प्रहार के आगे हैदराबाद पूरी तरह से लाचार हो गयी।

# भाजपा झूठ की मशीन, गठबंधन ही बनायेगा सुंदर भारत : कल्पना

### आपका एक वोट भी टस से मस नहीं हो

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका, गोड्डा।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा झुठ बोलनेवाली एक मशीन है। झुठ बोलकर ही उसने झारखंड की गरीब जनता, किसानों और युवाओं को सिर्फ ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा, दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। भारत का विकास गठबंधन से ही हो सकता है न कि झुठ बोलने वाली तानाशाह भाजपा सरकार से। उन्होंने कहा कि आप लोग आज मुसलधार बारिश में भी टस से मस नहीं होकर सभा में डटे रहे, इसी तरह आपका एक वोट भी टस से मस नहीं होना चाहिए। आपका एक वोट भारत की दशा और दिशा बदल सकती है। कल्पना सोरेन रविवार को अमडापहाडी के भुसकीबाडी मैदान में चुनावी सभा में बोल रहीं थी। उन्होंने दुमका सीट से झामुमो प्रत्याशी नलीन सोरेन को भारी मतों से जिताने की अपील की। वहीं गोड्डा में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव को संसद भेजने की अपील की। साथ ही कहा कि जिस तरह प्रदीप यादव की दमदार आवाज विधानसभा में गुंजती है, अब इनकी आवाज आप लोगों के आशीर्वाद से संसद में गूंजेगी।

### पूरे देश में गठबंधन की लहर

कल्पना ने कहा कि पूरे देश में इंडी गठबंधन की लहर चल है। आपका वोट ही हेमंत सोरेन को जेल से निकलेगी। चार जून के बाद जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब हेमंत दादा आपके साथ होंगे। झारखंड में तीन चरण के चुनाव में जनता ने हमें आश्वस्त कर दिया है कि इंडी के सारे प्रत्याशी जीत रहे हैं। एक जून को संथाल के तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है। वहां भी गठबंधन के प्रत्याशियों को मजबूत कराना है। इंडी गठबंधन को दिल्ली पहुंचने से कोई ताकत नहीं रोक सकती है।

**भाजपा ने झूठ बोल कर सिर्फ ठगा :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी ने भाजपा पर प्रहार करते कहा कि भाजपावाले हमारे जल जंगल जमीन और खनीज संपदा पर कब्जा जमाना चाहते हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# प्रचंड चक्रवाती तूफान का दिखने लगा असर

## रेड अलर्ट जारी, सैकड़ों फ्लाइट-ट्रेनें रद्द, पीएम ने की आपात बैठक

एजेंसी



**नयी दिल्ली, कोलकाता।** प्रचंड चक्रवाती तूफान रमेल का असर पश्चिम बंगाल में दिखने लगा है। कई जगहों पर बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। आइएमडी के अनुसार चक्रवात रेमल देर रात कभी भी बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल तटों के बीच टकरायेगा। इधर चक्रवात रेमल से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम ने कमर कस ली है। तूफान को देखते हुए बंगाल के तटीय जिलों में कई ट्रेनें रद्द कर दी गयी हैं। साथ ही 21 घंटे के लिए कोलकाता एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन निलंबित कर दिया गया है। भयंकर चक्रवाती तूफान रेमल ने केंद्र सरकार की भी टेंशन बढ़ा दी है। पीएम मोदी ने एक हाई लेवल बैठक कर रेमल से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों और प्रयासों की समीक्षा की। साथ ही सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा। एनडीआरएफ की टीम ने कमर कस ली है। राज्य के कई इलाकों में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। तूफान का असर पड़ोसी राज्यों पर भी पड़ने के आसार हैं।

**हवाई और रेल सेवाएं रद्द :** चक्रवात को देखते हुए पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रेलवे ने एहतियात के तौर पर दक्षिण और उत्तर 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिले के तटीय जिलों में कई ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी हैं। कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों ने चक्रवात ह्यरेमलह्व के संभावित प्रभाव के कारण रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ान संचालन निलंबित करने का फैसला किया है। इससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें मिलाकर कुल 394 उड़ान प्रभावित होंगी। (शेष पेज 11 पर)

### भारी क्षति का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार रेमल के तटों पर पहुंचने पर 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और उनका वेग 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगा। चक्रवात के कारण पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा और कोलकाता एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। इसका असर दिखने भी लगा है।

## जामताड़ा में सीएम ने भाजपा पर किया हमला, कहा

# मोदी सरकार में लोकतंत्र और संविधान खतरे में

खबर मन्त्र टीम



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने केंद्र की भाजपा सरकार को मनमौजी, तानाशाह और झूठ की राजनीति करनेवाली सरकार बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में लोकतंत्र और देश का संविधान खतरे में है। इसे बचाने के लिए इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। सीएम ने रविवार को जामताड़ा के नारायणपुर में इंडिया गठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और जनता से इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। आखिरी चरण में संथाल की तीन सीट दुमका, गोड्डा और राजमहल में एक जून को वोटिंग होनी है।

**जनता को नहीं दोस्तों के लिए सबकुछ किया :** सीएम चंपई ने कहा कि देश हित और गरीबों के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने कोई काम नहीं किया है। सिर्फ मुट्ठी भर अपने पूंजीपति मित्रों के लिए केंद्र सरकार काम कर रही है।

(शेष पेज 11 पर)

## संथाल के महामुकाबले में एनडीए-इंडी के दिग्गज लगा रहे दम

# कल मोदी, परसों नड्डा आयेंगे, राहुल-खड़गे भी आ रहे

खबर मन्त्र टीम



**रांची।** झारखंड के भाजपा और झामुमो-कांग्रेस के नेताओं ने अपनी सारी ताकत संथाल की तीन लोकसभा सीट में झोंक दी है। यहां अंतिम चरण में 01 जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा में मतदान होना है। भाजपा की ओर से पीएम मोदी 28 मई को फिर झारखंड आ रहे हैं। वह दुमका में चुनावी सभा कर राजमहल, दुमका और गोड्डा के भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे। वहीं, 29 को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की राजमहल, दुमका और गोड्डा क्षेत्र में तीन जनसभाएं होंगी। वहीं दूसरी ओर इंडी गठबंधन की ओर से राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मलिलकार्जुन खड़गे भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। झामुमो की और से कल्पना सोरेन, सीएम चंपई सोरेन तो पहले से ही कमान संभाले हुए है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लगातार संथाल में प्रचार अभियान छेड़े हुए हैं।

भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अंतिम चरण के मतदान वाले तीन लोकसभा क्षेत्र में जनसभा होने की सूचना देते हुए प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनसभा का व्यापक असर जनता और वोटरों पर होता है. इसके साथ साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी रीचार्ज हो जाते हैं जिसका पॉजिटिव असर चुनाव परिणाम पर पड़ता है।

**साख बचाने को लगा रहे जोर :** संथाल की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित करने को ले कर झामुमो, राजद, कांग्रेस और माले के नेताओं और स्टार प्रचारकों ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। संथाल की राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई जितना दिशोम गुरु शिबू सोरेन और झामुमो के लिए महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण भाजपा और उसके प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के लिए भी है। (शेष पेज 11 पर)

### राहुल- खड़गे का बन रहा कार्यक्रम

कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव कन्हैया कुमार और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की चुनावी सभाएं 28, 29 और 30 मई में से किसी भी दिन संथाल में संभव है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि ये वरिष्ठ नेता गोड्डा, दुमका और राजमहल में गटबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगेगे। उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### 28 को चौथी बार दुमका आयेंगे मोदी

**रांची।** पीएम मोदी 28 मई को झारखंड के दुमका आ रहे हैं। इसे लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। वह भाजपा की विजय संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी दुमका एयरपोर्ट पर पार्टी की विजय संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे। दुमका एयरपोर्ट में कार्यकर्म तय होने के बाद से ही तैयारियों का दौर शुरू हो चुका था। एसपीजी अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले ही बैठक कर ली है। वीआईपी एंट्री सहित तमाम चीजों का ध्यान रखा जा रहा है। पीएम मोदी पीएम मोदी चौथी बार दुमका आ रहे हैं। पहले दुमका के जामा के मधुबन में और फिर राजमहल के लिट्टीपाड़ा में जनसभा को संबोधित करने वाले थे, लेकिन कार्यकम में बदलाव किया गया।

## समान नागरिक संहिता और एक राष्ट्र एक चुनाव पर अमित शाह का दावा

# अगले पांच साल में देश भर में यूसीसी लागू

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सत्ता में आने पर भाजपा अगले पांच साल के भीतर देश भर में यूसीसी (समान नागरिक संहिता)लागू करेगी। इससे पहले इस पर सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श भी होगा। इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार अपने अगले कार्यकाल में एक राष्ट्र, एक चुनाव को भी लागू करेगी। देश में एक साथ चुनाव कराने का समय आ गया है। एक साथ चुनाव कराने से खर्च भी कम होगा और समय की भी बचत होगी। श्री शाह ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत में उक्त बातें कही।

**यूसीसी एक बड़ी जिम्मेदारी :** श्री शाह ने कहा, समान नागरिक संहिता एक बड़ी जिम्मेदारी है जो हमारे संविधान निमार्ताओं द्वारा स्वतंत्रता के बाद से हमारी संसद और हमारे देश के राज्य विधानसभाओं पर छोड़ी गयी है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि समान नागरिक संहिता एक बड़ा सामाजिक, कानूनी और धार्मिक सुधार है। भाजपा का लक्ष्य है कि पूरे देश के लिए समान नागरिक संहिता हो। यह अगले पांच साल में ही होगा। उन्होंने कहा, पांच साल का समय पर्याप्त है। अमित साह ने कहा, संविधान सभा ने हमारे लिए जो मार्गदर्शक सिद्धांत तय किये थे, उनमें समान नागरिक संहिता शामिल है। उस वक्त भी के एम मुंशी, राजेंद्र बाबू, आंबेडकर जी जैसे कानूनविदों ने कहा था कि एक पंथनिरपेक्ष देश के अंदर धर्म के आधार पर कानून नहीं होना चाहिए। एक समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने उत्तराखंड में एक प्रयोग किया है, क्योंकि वहां बहुमत की सरकार है।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र के साथ यह राज्यों का भी विषय है। उत्तराखंड द्वारा बनाये गये कानून की सामाजिक और कानूनी जांच होनी चाहिए। धार्मिक नेताओं से भी सलाह ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरे कहने का मतलब है कि इस पर एक व्यापक बहस होनी चाहिए।

### कभी भी एकसाथ चुनाव पर विचार

देश भर में एक साथ चुनाव को सर्दियों या साल के किसी अन्य समय में आयोजित करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा, इस पर विचार किया जा सकता है। यदि हम कोई एक चुनाव प्रीपोन (निर्धारित समय से पूर्व) कराते हैं तो यह किया जा सकता है। यह किया भी जाना चाहिए। यह छात्रों की छुट्टी का समय भी होता है। यह बहुत सारी समस्याएं भी पैदा करता है। समय के साथ, चुनाव (लोकसभा) धीरे-धीरे इस अवधि (गर्मियों के दौरान) में होने लग गये।

# हाथ में हथकड़ी और कंधे पर थी मां की अर्थी

## हृदय विदारक दृश्य को देख रो पड़ा समाज



नमन नवनीत

**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र मे एक दिल झकझोर देने वाली तसवीर सामने आयी है। एक युवक जो हथकड़ी लगे हाथों से अपनी मां की अर्थी को कंधा दे रहा है। इस हृदयविदारक घटना को देखकर पूरा समाज रो पड़ा। जेल मे बंद पुत्र को इस अवस्था में देखकर न केवल उसके पिता बल्कि परिवार के अन्य सदस्य व आस पड़ोस के लोग भी रो पड़े। मां के शव को देख युवक भी रोते-रोते कई बार मूर्क्षित हो रहा था। साइबर ठगी मामले में युवक जेल में बंद था। इसी बीच उसकी बीमार मां का निधन हो गया। (शेष पेज 11 पर)

## गिरिडीह और धनबाद में महिलाएं आगे, रांची-जमशेदपुर में पुरुषों ने मारी बाजी

# छठे चरण में राज्य की चार सीटों पर 65.40% मतदान : के. रवि कुमार

### मतदान के बाद सभी इवीएम त्रिस्तरीय सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में सील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण का मतदान प्रतिशत 65.40 रहा है। यह बातें उन्होंने रविवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद इस आंकड़े में थोड़ी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि सभी इवीएम स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील किये जा चुके हैं। स्ट्रांग रूम त्रिस्तरीय सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरे की निगहबानी में है। उन्होंने कहा कि छठे चरण का मतदान शांतिपूर्ण रहा।



| | |
|---|---|
| जमशेदपुर लोस सीट | 67.68 |
| गिरिडीह लोस सीट | 67.23 |
| रांची लोस सीट | 65.36 |
| धनबाद लोस सीट | 62.06 |

उन्होंने बताया कि जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक 67.68 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 67.87 और महिला मतदाताओं ने 67.49 फीसदी मतदान किया है। इस तरह महिलाओं से पुरुष मतदाताओं से 0.38 फीसदी अधिक मतदान किया है।

इसी तरह तरह रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 65.36 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाता 65.53 और महिला मतदाताओं ने 65.20 फीसदी मतदान किया है। इस तरह महिलाओं से पुरुष मतदाताओं ने 0.33 फीसदी अधिक मतदान किया है।

उन्होंने बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 67.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक मतदान किया है। यहां पुरुष मतदाता 65.00 और महिला मतदाताओं ने 69.60 फीसदी मतदान किया है। इस तरह पुरुष मतदाताओं से 4.60 फीसदी अधिक मतदान महिलाओं ने किया है।

वहीं धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 62.06 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां भी पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक मतदान किया है। यहां पुरुष मतदाता 61.82 और महिला मतदाताओं ने 62.33 फीसदी मतदान किया है। इस तरह पुरुष मतदाताओं से 0.51 फीसदी अधिक मतदान महिलाओं ने किया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 129 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।


## बर्ड फ्लू से संक्रमित लोगों की मोर्टेलिटी रेट काफी अधिक

# बर्ड फ्लू को लेकर रिम्स अलर्ट मोड पर, आइसोलेशन वार्ड किया तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की राजधानी में पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इससे निपटने के लिए रिम्स ने तैयारी कर ली है। हॉस्पिटल में सभी निवारक उपायों के अलावा पर्याप्त संख्या में एंटी वायरल दवाएं भी तैयार रखी गई है। रिम्स डायरेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अपनी ओर से तैयारी रखें।

**आइसोलेशन वार्ड तैयार :** एवियन इन्फ्लूएंजा के किसी भी संदिग्ध मामले को कंट्रोल करने के लिए आइसोलेशन वार्ड या बिस्तर चिह्नित किए गए हैं। साथ ही माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जांच की समुचित व्यवस्था की गई है। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ हिरेंद्र बिरुआ ने मेडिसिन, पेडियाट्रिक वार्ड और माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रभारी को इस संदर्भ में पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।






### बर्ड फ्लू की पुष्टि ने जिला प्रशासन की नींद उड़ायी

पहले होटवार और फिर मरोहाबादी में बर्ड फ्लू की पुष्टि ने जिला प्रशासन की नींद उड़ा दी है। डीसी ने तत्काल रामकृष्ण मिशन आश्रम में सभी मुर्गियों और अंडे को न्ष्ट करने का आदेश दिया है। एक महीने के अंदर दो इलाकों में बर्ड फ्लू की पुष्टि से लोग भी डरे हुए हैं, क्योंकि एक रिपोर्ट की मानें तो दुनिया भर में अब तक करीब 900 लोगों को बर्ड फ्लू का इंफेक्शन हुआ। हालांकि यह संख्या काफी कम है लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि जिन लोगों को बर्ड फ्लू का इंफेक्शन हुआ उसमें लगभग आधे लोगों की मौत हो गयी। इससे साफ है कि इंसानों में भी इसकी मोर्टेलिटी रेट काफी हाई है। इस वजह से कहीं भी बर्ड फ्लू के केस मिलने पर स्वास्थ्य महकमा ज्यादा अलर्ट है।

# छठे चरण में सात विधानसभा सीटों पर 60 % से भी कम हुआ मतदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में छठे चरण के तहत चार लोकसभा सीटों पर मतदान बीते शनिवार को संपन्न हो गया। जमशेदपुर के मतदाताओं ने 66.92 फीसदी वोट देकर लोकतंत्र के महापर्व में सबसे ज्यादा भागीदारी निभाई, जबकि रांची लोकसभा सीट के मतदाताओं ने सबसे कम उत्साह दिखाया। यह चिंता का विषय है कि 4 लोकसभा सीट के अंदर आने वाले 24 विधानसभा क्षेत्रों में से 7 विधानसभा सीट पर 60 फीसदी से कम वोटिंग हुई, जबकि यह खुशी की बात है कि 8 सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए। लोकतंत्र के महापर्व में रांची लोकसभा सीट के अंदर आने वाले रांची विधानसभा सीट पर सिर्फ 54.90 फीसदी वोटिंग हुई। छठे चरण में भी राज्य के ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं ने लोकतंत्र पर अधिक आस्था दिखाई, जबकि शहरी क्षेत्र के मतादाताओं में वोटिंग के प्रति कम उत्साह दिखा।

### जमशेदपुर की तीन विस सीटों पर 70% से अधिक वोटिंग

धनबाद लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 70 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है, वहीं गिरिडीह के 1, जमशेदपुर के 3 और रांची के विधानसभा सीट पर 70 फीसदी से अधिक वोट डाले गये।

**70 फीसदी से ज्यादा वोटिंग वाले विधानसभा**

चंदनकियारी- 72.98%, निरसा- 70.73%, सिंदरी- 72.57%, टुंडी- 70.99%, बहरागोड़ा- 77.24%, घाटशिला- 73.10%, पोटका- 73.12% और ईचागढ़- 76.55% शामिल हैं।

**गिरिडीह के सभी विधानसभा सीटों पर 60% से अधिक वोटिंग**

धनबाद लोकसभा सीट के तीन विधानसभा सीटों पर 50 फीसदी से कम वोट पड़े, जबकि जमशेदपुर एवं रांची के 2 विधानसभा सीटों पर 60% से कम वोटिंग हुई। गिरिडीह के किसी विधानसभा सीट पर 60 फीसदी से कम वोटिंग नहीं हुई।

**60 फीसदी से कम वोटिंग वाले विधानसभा**

बोकारो- 52.86%, धनबाद- 56.49%, झरिया- 55.86%, जमशेदपुर इस्ट- 57.66%, जमशेदपुर वेस्ट- 57.10%, हटिया- 56.00% और रांची- 54.90% शामिल हैं।

# लिट्टीपाड़ा की रैली से पीएम साधेंगे संथाल परगना

## कल पीएम नरेंद्र मोदी लिट्टीपाड़ा के विराजपुर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेगे

### यह पहला मौका होगा, जब देश के कोई प्रधानमंत्री पाकुड़ जिले में कदम रखेंगे

उदय चौहान

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मंगलवार को चुनावी दौरे पर जिले के लिट्टीपाड़ा आयेंगे। यहां वे विराजपुर मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। सूत्रों के अनुसार अगर 28 मई को प्रधानमंत्री लिप्तीपाड़ा पहुंचते हैं, तो यह पहला मौका होगा, जब देश के कोई प्रधानमंत्री पाकुड़ जिले में अपनी कदम रखेंगे। प्रबुद्ध लोगों की मानें तो आज तक देश के किसी भी प्रधानमंत्री का कदम पाकुड़ जिले की धरती पर नहीं पड़ा है।



प्रधानमंत्री के आगमन कार्यक्रम को लेकर केवल भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं आम जनमानस में भी उत्साह है। राजनीतिक जानकार प्रधानमंत्री के इस चुनावी जनसभा को भाजपा के नजरिये से महत्वपूर्ण मान रहे हैं। लोगों का मानना है कि यहां चुनावी सभा के माध्यम से प्रधानमंत्री राजमहल लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ गोड्डा व दुमका लोकसभा क्षेत्र को साधने का काम करेंगे।

मालूम हो कि लिट्टीपाड़ा एक ऐसी जगह है जो राजमहल, दुमका व गोड्डा तीनों लोकसभा क्षेत्र का केंद्र बिंदू माना जा सकता है। जानकारी के मुताबिक दुमका जिले का गोपीकांदर का कुछ हिस्सा तथा गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी व बोआरीजोर प्रखंड का कुछ हिस्सा राजमहल लोकसभा क्षेत्र में आता है। लिट्टीपाड़ा से दुमका व गोड्डा जिला काफी नजदीक भी है। ऐसे में राजनीतिक जानकार यह कयास लगा रहे हैं कि तीनों लोकसभा का केंद्र बिंदु होने के कारण भाजपा ने प्रधानमंत्री का कार्यक्रम यहां आयोजित कराया है। चूंकि राजमहल लोकसभा सीट पर 1957 से लेकर अब तक भाजपा को महज दो बार ही जीत मिली है। अंतिम बार भाजपा को यहां से 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। इसमें देवीधन बेसरा सांसद के रूप में निर्वाचित हो कर सदन पहुंचे थे। उसके बाद 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में झामुमो के विजय हांसदा लगातार दो बार निर्वाचित हो कर सदन पहुंचे हैं।

इस बार राजमहल लोकसभा चुनाव अंतिम चरण में है। इसके लिए एक जून को वोटिंग होनी है। ऐसे में वोटिंग से तीन दिन पहले लिप्तीपाड़ा में पीएम की चुनावी जनसभा को राजनीतिक जानकार भाजपा के लिये फायदेमंद बता रहे हैं। वहीं, पीएम के आगमन की सूचना पर भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और सभा को सफल बनाने को लेकर तैयारी में जुटे हुये हैं। राजमहल लोकसभा चुनाव परिणाम पर गौर करें तो चुनाव दर चुनाव भाजपा का वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है। परंतु प्रतिद्वंद्वी से हार का अंतर भी बढ़ा है। जानकारी के मुताबिक 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोटिंग प्रतिशत 35.54 रहा था। वहीं झामुमो को 39.88 फीसदी वोट मिले थे। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 41337 मतों से हार मिली थी। वहीं बात करें 2019 के लोकसभा चुनाव की तो इस चुनाव में भाजपा को 39 फीसदी वोट मिले थे। वहीं झामुमो को 48.47 फीसदी मत प्राप्त हुए थे।

# कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण समाज का एक वर्ग राष्ट्रीय विचारधारा से दूर : सुदेश महतो

## कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संथाल परगना के विकास को अवरोध किया

### जामताड़ा विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन बर्मन ने थामा पार्टी का दामन

खबर मन्त्र ब्यूरो


**रांची।** कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण समाज का एक वर्ग राष्ट्रीय विचारधारा से दूर है। जेएमएम और कांग्रेस अपने राजनीतिक दायित्व से अलग होकर तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। विकास से इनका कोई वास्ता नहीं है। इन दोनों ने समाज के एक-एक वर्ग को अपने राजनीतिक लाभ के लिए अपना शिकार बना रखा है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संथाल परगना के विकास को अवरोध किया है। साथ ही सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को गुमराह किया है। यही वजह है कि लोकसभा चुनावों में राज्य की जनता ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि सातवें और अंतिम चरण में संथाल परगना की तीनों सीटों पर एनडीए की जीत होगी। पहले के चरणों में जिन 11 सीटों पर चुनाव हुए हैं, वहां इंडी गठबंधन की हार तय है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जामताड़ा के यज्ञ मैदान में आयोजित जामताड़ा विधानसभा स्तरीय ग्राम प्राभारी सम्मेलन में कही। मौके पर जामताड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन बर्मन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सम्मेलन में दुमका लोकसभा से एनडीए की उम्मीदवार सीता सोरेन भी उपस्थित रहीं। सम्मेलन में सुदेश महतो ने कार्यकर्ताओं को उनकी जीत सुनिचित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।




सुदेश महतो ने कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि राज्यवासियों का हित हो लेकिन मौजूदा सरकार ने राजनीति की परिभाषा ही बदल कर रख दी है। जिस सरकार को जनता ने विकास के लिए चुना था आज उसी सरकार के भीतर कौन अधिक भ्रष्टाचार करेगा इस बात की प्रतिस्पर्द्धा चल रही है।

इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, डॉ देवशरण भगत, जोनाथन टुडू, अजय सिंह, तरुण गुप्ता, नजरुल हसन हाशमी, जामताड़ा जिलाध्यक्ष राजेश महतो, देवघर जिलाध्यक्ष आदर्श लक्ष्य, जोबारानी पाल, मोहन बर्मन, सीतामुनी हांसदा, माने बेसारा, नमन ठाकुर इत्यादि थे। वहीं भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री राज पालिवाल, भाजपा के जामताड़ा जिलाध्यक्ष सुमित शरण थे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज उधवा में करेंगे जनसभा



**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज 27 मई को राजमहल लोकसभा क्षेत्र में अपराह्न 3 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन राजमहल लोकसभा के साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड के श्रीधर दियरा कॉलोनी नंबर 9 स्थित प्राथमिक विद्यालय मैदान में किया गया है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, लोकसभा संयोजक अनंत ओझा, लोकसभा प्रत्याशी ताला मरांडी, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल भी मौजूद रहेंगे।

# भाजपा ही आदिवासियों की हितैषी है : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा सरकार में ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में किया गया शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को दुमका लोकसभा के अंतर्गत सारठ विधानसभा के शहरजोरी, बुधनाडीह, पलमा, मोहनपुर के विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत बैठक को सम्बोधित किया। साथ ही, श्री मरांडी ने दुमका लोकसभा अंतर्गत जनसंपर्क कर माताओं बहनों को मतदान के लिये प्रेरित किया। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। भाजपा आदिवासियों की हितैषी है। भाजपा ने ही द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति बनाया है। झारखंडवासियों के मान और सम्मान को भाजपा ने रखा। अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य बनाया।



उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह कई दशकों तक देश के शासन में रही। वह चाहती तो अलग झारखंड राज्य बना सकती थी, लेकिन ऐसा कांग्रेस नहीं किया। इसलिए कहता हूं कि ये लोग झारखंड के विरोधी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा उन्हीं लोगों के साथ रहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। वह प्रत्येक महीने मुफ्त में पांच किलो अनाज दे रहे है। आयुष्मान कार्ड से बढ़िया अस्पताल में पांच लाख तक का मुफ्त इलाज हो रहा है। उन्होंने मतदाताओं से 1 जून को एक.एक वोट भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में देने की अपील की। जनसंपर्क अभियान सारठ विधायक रणधीर सिंह सहित कई पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# झारखंड में 12 लोस सीटों पर लहरायेगा इंडी गठबंधन का परचम : अनादि ब्रम्ह





### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं ने की चाय पर चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत की राहें आसान कर दी है। उक्त बातें रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के एचईसी परिसर स्थित आवासीय कार्यालय पर हुई चाय पर चर्चा और समीक्षा बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष अनादि ब्रम्ह ने कही। श्री ब्रम्ह ने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र सहित पूरे झारखंड की जनता ने भाजपा को नकार दिया। मोदी सरकार की जुमलेबाजी के झांसे में जनता इस बार नहीं आई। उन्होंने कहा कि भाजपा से झारखंड की जनता का मोह भंग हो गया है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में अधिकतर मतदाताओं ने मतदान किया।

वहीं, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व प्रदेश महासचिव सुरेंद्र सिंह ने कहा कि रांची लोक सभा सीट पर जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री सहाय को व्यापक समर्थन देकर उन्हें संसद भेजने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। उन्होंने ने कहा कि रांची के अधिकतर मतदाताओं ने कांग्रेस के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए अपना समर्थन दिया। इसके लिए रांची संसदीय क्षेत्र की जनता के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। समीक्षा बैठक सह चाय पर चर्चा में कांग्रेस के सुधीर सिंह, सुनील सहाय, निरंजन शर्मा, योगेंद्र सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## संथाल की तीनों सीटों पर झारखंड ही नहीं, देश के दिग्गज भी लगा रहे दम

# दुमका और गोड्डा में वापसी के लिए झामुमो व कांग्रेस ने झोंकी ताकत, राजमहल में सीट बचाने की चुनौती

सुधीर

**रांची।** छठे चरण के चुनाव के साथ झारखंड की 14 में से 11 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हो गया। अब सभी पार्टियों की नजर संथाल की बची हुई तीन सीटों पर टिकी है। आखिरी चरण की तीनों लोकसभा सीटों दुमका, गोड्डा और राजमहल सीट के लिए एक जून को वोट डाले जायेंगे। दुमका और गोड्डा भाजपा यानि एनडीए की सीटिंग सीट है, जबकि राजमहल सीट पर झामुमो का कब्जा है। इस बार इन तीनों सीटों पर एनडीए बनाम इंडिया की लड़ाई है। तीनों सीटों में राजमहल और दुमका एसटी सुरक्षित सीट है, जबकि गोड्डा सामान्य सीट है। आखिरी चरण के चुनाव में यहां सभी दलों के दिग्गजों की जोर आजमाइश होगी।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह गोड्डा और दुमका लोकसभा क्षेत्र में चुनावी हुंकार भर चुके हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तेजस्वी यादव भी देवघर में सभा कर चुके हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की भी गोड्डा में सभा हो चुकी हैं। इससे पहले राहुल गांधी का भी दौरा गोड्डा में हो चुका है। अब चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दुमका में हुंकार भरेंगे। वहीं, झामुमो की स्टार प्रचारक क्लपना सोरेन संथाल की कमान अपने हाथ में ले ली है। यहां की दुकना सीट पर देवरानी और जेठानी के बीच चुनावी जंग हो गयी है।

**एनडीए और इंडिया के प्रचार में सिर्फ हेमंत..हेमंत :** कभी झामुमो का गढ़ माने जाने वाले संथाल परगना में झामुमो फिर से कब्जा जमाने के लिए पूरा जोर लगा रहा है। दुमका सीट पर झामुमो की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। यहां सोरेन परिवार के बीच चुनावी जंग छिड़ी है। झारखंड सुप्रोमी और दिशोर गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन इस बार भाजपा से ताल ठोंक रही हैं। वहीं छोटी बहू कल्पना सोरेन और शिबू सोरेन के छोटे बेटे बसंत सोरेन इंडी गठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन को जीताने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। दुमका समेत पूरे संथाल परगना में झामुमो मुख्य रूप से हेमंत सोरेन के मुद्दा उठाकर चुनाव लड़ रही है। झामुमो और उसके सहयोगी दल जनता के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नायक की छवि देकर उभार रहे हैं। वे जनता को यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा आदिवासी विरोधी है। इसलिए ईडी के जरिये झूठे केस में फंसाकर उन्हें जेल में डाल दिया है। भाजपा की मंशा थी की हेमंत चुनाव प्रचार नहीं करें, क्योंकि भाजपा को पता है कि हेमंत मैदान में उतर गये तो झारखंड से भाजपा का सफाया तय है। उधर भाजपा भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के मुद्दे पर वोट मांग रही है और हेमंत सोरेन के जेल जाने को सही ठहरा रही है।

### संथाल की सीटों से जुड़ी बाबूलाल की साख

संथाल में 2019 के लोकसभा चुनाव और इस बार की स्थिति अलग है। इस बार भाजपा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के लिए संथाल का चुनावी जंग इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि सीता सोरेन को पार्टी में शामिल कराकर उन्हें दुमका से उम्मीदवार बनाया है। अगर सीता सोरेन चुनाव नहीं जीत पाती हैं, तो उसका इसका गलत मैसेज राज्य में जायेगा। संथाल की तीनों लोकसभा सीट से चुनाव जीतना बाबूलाल मरांडी के साख बचाने के लिए जरूरी है। उतनी ही प्रतिष्ठा का विषय दुमका सीट जीतना झामुमो और सोरेन परिवार के लिए भी है।

**लोबिन की इंट्री ने राजमहल को बनाया दिलचस्प :** राजमहल लोकसभा सीट फिलहाल झामुमो के कब्जे में है। मोदी लहर के बावजूद विजय हांसदा ने 2014 और 2019 में यहां से जीत दर्ज की थी। इस बार भी झामुमो से विजय हांसदा चुनावी मैदान में हैं। यहां उनके सामने भाजपा की ओर से बोरियो के पूर्व विधायक ताला मरांडी हैं। यहां के चुनाव को झामुमो के ही बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने दिलचस्प बना दिया है।

**दुमका में सीता-नलिन में सीधी टक्कर :** दुमका में भाजपा और झामुमो में सीधा मुकाबला है। भाजपा ने सीटिंग सांसद सुनील सोरेन को इस बार चुनाव में टिकट देकर फिर टिकट काट दिया और उनकी जगह झामुमो से भाजपा में आईं सीता सोरेन को चुनाव का टिकट दे दिया। इससे कहीं न कहीं सुनील सोरेन के समर्थकों में नाराजगी है। भाजपा को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं दूसरी तरफ झामुमो ने नलिन सोरेन को उतारा है।

**गोड्डा में निशिकांत की राह में रोड़ा अटका रहे प्रदीप :** गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा के निशिकांत दुबे लगातार तीन बार सांसद बन चुके हैं। चौथी बार फिर यहां से संसद पहुंचने के लिए जोर लगा रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रदीप यादव से है। प्रदीप यादव गोड्डा लोकसभा सीट से एक बार सांसद भी रह चुके हैं और पोड़ैयाहाट विधानसभा से सीटिंग विधायक है।

स्पीड न्यूज

### मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी के शिविर में रक्त संग्रह




जमशेदपुर। सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी द्वारा जमशेदपुर ब्लड सेंटर में आयोजित रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रहित किए गए। शिविर में शहर के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 10 ऐसे भी रक्तदाता शामिल हुए जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। साथ ही एक महिला रक्तदाता सुमन झा ने भी रक्तदान देकर महिलाओं को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी, प्रेस क्लब अफ जमशेदपुर के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के डायरेक्टर अरिजीत सरकार अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर संजय चौधरी ने बताया कि रक्तदान करने के प्रति जमशेदपुर शहर की पूरे भारत में एक अलग पहचान है। यहां कभी भी किसी भी मरीज को रक्त की कमी नहीं हुई। ऐसा तब है जब शहर में रक्तदान करने योग्य व्यक्तियों में महज एक प्रतिशत ही लोग रक्तदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर अन्य लोगों में भी जागरूकता आए और रक्तदान करें, तो रक्त की ना कमी होगी और ना ही रक्त रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने शहर के उन तमाम सामाजिक संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया जो रक्तदान शिविर का आयोजन करती है। कार्यक्रम में संस्था की ओर से सचिव स्मिता कुमारी, कोषाध्यक्ष निखिल सिन्हा, देवेंद्र सिंह, संतोष चौबे वैभव, स्वास्तिक पाठक, आदर्श वर्मा, युवराज प्रसाद अन्य मौजूद रहे।

### जयदा मंदिर में ब्रह्मलीन महंत के पुण्य स्मृति दिवस पर रुद्राभिषेक व भंडारा



चांडिल। अनुमंडल के प्राचीन कालीन जयदा शिव मंदिर में ब्रह्मलीन महंत नागा संन्यासी ब्रह्मानंद सरस्वती उर्फ जयदा बाबा उर्फ उड़िया बाबा के पुन्य स्मृति में दो दिवसीय रुद्राभिषेक महायज्ञ किया गया एवं रविवार को मंदिर प्रांगण में पूर्णाहुति के साथ महाभंडारा का आयोजन किया गया। रुद्राभिषेक एवं भंडारा का आयोजन जयदा शिव मंदिर के महंत केशवानंद सरस्वती के तत्वावधान में कराया गया। महंत केशवानंद सरस्वती ने बताया कि ब्रह्मलीन नागा संन्यासी ब्रह्मानंद सरस्वती के पुन्य स्मृति में प्रत्येक वर्ष रुद्राभिषेक महायज्ञ के साथ भंडारा का आयोजन किया जाता है।

### परसुडीह में नजरूल जयंती पर गीत-संगीत की प्रस्तुति ने बांधा समां



जमशेदपुर। परसुडीह स्थित अनुरानन संगीत शिक्षा केंद्र द्वारा विद्रोही कवि नजरूल इस्लाम की 125 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में छात्रों एवं कलाकारों द्वारा उन्हीं के लिखे गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की अध्यापिका विदुषी नुपुर गोस्वामी के वक्तव्य एवं नजरूल गीत गायन से हुआ। शहर के प्रतिष्ठित रविन्द्र संगीत गायक राजेन्द्र राज ने नजरूल गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकार अनिता बासु एवं विदिशा नन्दी ने भी गीत प्रस्तुत किया। अनुरानन के विद्यार्थियों में सुमित मुखर्जी, विभाष राणा, सौमी दास शर्मा, अपूर्वा घोष, शशि जोशी सात्रा, रूपम मंडल, अंकित पांजा, श्रेयसी दास, सानी घोष, सौरभ राय आदि ने नजरूल गीत, कविताएं एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। तबले पर प्रणव चक्रवर्ती ने सराहनीय संगत की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डा वंशीधर गोस्वामी ने किया।

### गम्हरिया : मसूरीकूदर मुर्गाघुटू जंगल में 30 हेक्टेयर में जंगल काटा



गम्हरिया। गम्हरिया प्रखंड के रपचा पंचायत अंतर्गत मूसरीकूदर मौजा के मुर्गाघुटू जंगल में लकड़ी माफियाओं द्वारा करीब 30 हेक्टेयर जंगल में लगे सैकड़ों पेड़ों को काट दिया गया। इससे जंगल का स्वरूप अब मैदान की तरह हो गया है। इससे ग्रामीणों में लकड़ी माफियाओं के प्रति रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि लकड़ी माफिया पहले जंगलों में आग लगाकर पेड़ों को खत्म कर देते है। उसके बाद उन पेड़ों वृक्षों को काट कर पूरे जंगल को साफ कर दिया जाता है। इस दौरान कई बार गांव के युवाओं द्वारा आग बुझाकर पेड़ों को बचाने का प्रयास भी किया गया है। इसके बाद भी लकड़ी माफिया सक्रिय रहे।

## डालसा ने गम्हरिया में चलाया नशा मुक्ति अभियान




**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा झालसा,रांची के निर्देशानुसार विभिन्न स्थानों पर अलग अलग जगरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तौसीफ मेराज के निर्देशानुसार, डालसा एवं सामाजिक संस्था संत कबीर सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गम्हरिया के जमालपूर, जुल्मटांड में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नशा एक अभिशाप है। अधिवक्ता अम्बिका चरण पाणी ने कहा कि नशापान से व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक नुकसान होता है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जेल निरीक्षण एवं संप्रेक्षण गृह का भ्रमण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर के प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा पूर्वी सिंहभूम माननीय अनील कुमार मिश्रा ने रविवार को सेन्ट्रल जेल घाघीडीह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संप्रेक्षण गृह का भी भ्रमण किया। जेल भ्रमण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश के साथ अन्य न्यायिक पदाधिकारियों में बिमलेश कुमार सहाय एडीजे 1 एवम विशाल गौरव सीजेएम तथा





डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद मौजूद थे । प्रधान जिला जज ने निरीक्षण के दौरान जेल के कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे बाथरूम, शौचालय, साफ-सफाई, स्वच्छता और पीने के पानी आदि की जांच के लिए कैदी वार्डो का निरीक्षण किया । साथ ही जेल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया । इस दौरान वहां जेल अधिकारी, जेल डॉक्टर सहित कई कैदी मरीज भी मौजूद थे। महिला वार्ड और किचेन का भी निरीक्षण किया गया : जिला जज ने जेल में उपलब्ध वीसी सिस्टम, ई मुलाकात सिस्टम, किचेन सिस्टम, कौशल घर, महिला वार्ड आदि का भी निरीक्षण किया और जेल में रह रहे कैदियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया। इसके अलावा संप्रेक्षण गृह में जाकर बच्चों के बीच चकलेट का वितरण भी किया गया।

# सभी ईवीएम स्ट्रांग रुम पहुंची, प्रत्याशी प्रतिनिधियों की निगरानी में हुआ सील







**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने आज जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संपन्न हो जाने के पश्चात को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर में बनाये गए स्ट्रांग रुम में जमा सभी ईवीएम को लॉक कर सील कर दिया है। वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी है, और स्ट्रांग रुम सीधे 4 जून को मतगणना के लिए खेला जायेगा। यानी जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव में भाग्य अजमा रहे भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो, झामुमो सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर कुमार महंती समेत सभी 25 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला अब 4 जून को मतगणना से होगा। दूसरी ओर, सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने पर भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो और झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार महंती ने मतदाताओं, मीडिया और मतदान प्रक्रिया में लगे तमाम प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया है। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर मतदान के बाद रविवार को सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो ने अपने परिवार के साथ दिन बिताया। बिद्युत महतो ने गम्हरिया क्षेत्र अंतर्गत अपने पैतृक गांव ष्णापुर में ग्राम पूजा की। ग्राम पूजा में उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया एवं झारखंडवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। ज्ञात हो कि सांसद बिद्युत महतो की रुचि प्रारंभ से ही धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में रही है। वे हमेशा से विशेष कार्य की शुरुआत और समापन धार्मिक कार्यों से करते हैं। वहीं, सांसद महतो ने भीषण गर्मी के बावजूद चुनाव में लगे समर्थकों एवं मतदाताओं के आशीर्वाद व समर्थन के लिए सभी के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान पुजारी परिमल महतो, भाई गौतम महतो, बिमल चंद्र महतो, शिशिर महतो समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## नयी सरकार कुड़मालि भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करे : प्रसेनजीत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स सेंटर, साकची में आदिबासि कुड़मि समाज का एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित हुआ। इसमें केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 21 फरवरी 2024 को माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार के नाम गृह मंत्रालय में हमने कुड़मालि भाषा से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर एक ज्ञापन जमा किया था। इसके प्रतिउत्तर में विगत 09 अप्रैल 2024 को गृह मंत्रालय द्वारा पत्र जारी किया गया है, जिसमें कुड़मालि भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने की मांग पर विचार किये जाने की बात कही गई है। इसके अलावे जनगणना में कुड़मालि भाषा कोड लागू किये जाने की मांग को आरजीआई में, जनजातीय भाषा के दर्जा की मांग को आदिवासी मंत्रालय में, कुड़मालि एकेडेमिक व कल्चरल बोर्ड के गठन की मांग को शिक्षा मंत्रालय में एवं अन्य मांगों को भी संबंधित विभाग में अग्रेषित कर दिया गया है। इसके लिए माननीय गृह मंत्रालय को बहुत बहुत आभार और धन्यवाद प्रकट करते हैं।

## अंजनिया इस्पात प्लांट में दब कर मजदूर की मौत

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के फेज पांस स्थित अंजनिया इस्पात कंपनी में बीते शनिवार की रात जेसीबी से दबकर बलराम उर्फ बबलू दास (20) नामक एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। जेसीबी से दबने के बाद आनन-फानन में कंपनी में मौजूद अधिकारियों द्वारा उसे टीएमएच ले गया जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह ईचागढ़ के बलरामपुर का निवासी था। घटना बीते शनिवार की रात्रि करीब तीन से चार बजे के बीच की बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बबलू दाद रात्रि पाली ड्यूटी के दौरान सो रहा था। इसी क्रम में जेसीबी चालक के अनदेखी से जेसीबी का चक्का उसपर चढ़ गया



जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। बताया जाता है कि जख्मी होने के काफी देर बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि वह फिरोज खान नामक व्यक्ति की जेसीबी गाड़ी है जो अंजनिया इस्पात में ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। घटना की जानकारी रविवार दोपहर को गम्हरिया पुलिस को हुई। उसके बाद कंपनी पहुंची पुलिस ने जेसीबी को जब्त कर थाने ले आई है। थाना प्रभारी राजू ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। फिलहाल मृतक का शव टीएमएच अस्पताल में है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना की सूचना उसके परिजनों को मिलते ही वे टीएमएच पहुंचे। वहां परिजनों ने कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को उसके पैतृक गांव बलरामपुर के सालडीह गांव भेज दिया। बताया गया कि मौत की एवज में कंपनी प्रबंधन की ओर से तत्काल उसे 15 हजार रुपए दाह संस्कार के लिए दिया गया है। जबकि बतौर मुआवजा मात्र ढाई लाख रुपए देने की कोशिश की, जिसे परिजनों ने अस्वीकार कर दिया है।

## घाटशिला कॉलेज में यूजी सेमेस्टर वन में नामांकन के लिए मांगे गये आवेदन

**चांसलर पोर्टल पर 27 मई से 19 जून तक करें आवेदन**

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**घाटशिला।** यूजीसी की एनईपी के तहत चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर चांसलर पोर्टल पर आनलाइन आवेदन 27 मई से 19 जून तक किया जा सकेगा। इसको लेकर कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। नामांकन के संदर्भ में घाटशिला कलेज के प्राचार्य ड आर के चौधरी ने बताया कि 4 वर्षीय स्नातक यूजी सेमेस्टर वन में नामांकन हेतु इंटर पास छात्र-छात्राएं चांसलर पोर्टल पर अनलाइन आवेदन करेंगे।

जो विद्यार्थी सीयूईटी परीक्षा में शामिल हुए हों या नहीं भी हुई हों, सभी नामांकन हेतु चांसलर पोर्टल पर आवेदन करेंगे। चांसलर पोर्टल पर आवेदन के बाद घाटशिला महाविद्यालय में 24 जून को नामांकन की प्रथम सूची प्रकाशित की जाएगी तथा 24 जून से 4 जुलाई तक नामांकन लिया जाएगा। रिक्तबचे सीट पर दूसरी एवं तीसरी सूची भी प्रकाशित की जाएगी। नामांकन के बाद 18 जुलाई से कक्षा प्रारंभ करवा दिया जाएगा।

प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि नामांकन प्रारंभ से पूर्व कलेज में हेल्प डेस्क लगवाया जाएगा ताकि नामांकन करवाने में छात्रों को कोई परेशानी नहीं हो। साथ हीं उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नामांकन प्रभारी ड एस पी सिंह के संयोजन में नामांकन समिति पुनर्गठित की जाएगी।

## गयात्री परिवार का 56वां रक्तदान शिविर सम्पन्न हुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अखिल विश्व गयात्री परिवार का नवयुगदल युवा प्रकोष्ठ एवं प्रज्ञा महिला मंडल और केउ ैबीववस वित म्बमससमदबम के द्वारा आयोजित 56 वां रक्तदान शिविर काशीडीह स्थित कैड ैबीववस मे सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 208 यूनिट रक्त संग्रह हुआ, सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे विश्व कल्याण के लिए गायत्री हवन यज्ञ के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य कर्ता के रूप में स्कूल के संचालक दिलीप सिंह अपने धर्म पत्नी सरोज सिंह के साथ भाग लिए। तत्पश्चात 9 बजे से रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि चन्द्रेश्वर खां, दिलीप सिंह के साथ साथ रक्तदान शिविर के संयोजक संजीव सिन्हा,नवयुगदल के संयोजक पुष्पेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार सचान ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किया।

चन्देस्वर खां ने गायत्री परिवार के युवाओं द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा किये।

## इंडिया प्रत्याशी के समर्थन में तन-मन व धन से कांग्रेस ने किया काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार समीर महंती के पक्ष में कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने धुआंधार एवं तन मन धन लगाकर बड़े रूप में समर्थन दिया एवं सुबह से ही सक्रियता के साथ बूथों पर कमान संभाला। इस संदेश से जिला कांग्रेस कमेटी काफी आशान्वित एवं गौरवान्वित है। जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने बताया कि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र का कमान जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले सभी वरिष्ठ



कांग्रेस के नेताओं तथा प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष अपने कमेटियों के साथ बड़े पैमाने पर तत्पर दिखाई दिए, कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई सभी अनुसांगिक इकाइयां जिसमें इंटक, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक विभाग, ओबीसी विभाग, अजा विभाग, आदिवासी विभाग सहित सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर योगदान देते नजर आए। यही समा जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भी देखने को मिला जिसमें माननीय मंत्री बना गुप्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता, प्रखंड के अध्यक्ष, मंडल के अध्यक्ष, बूथ कमेटी के अध्यक्ष सहित तमाम कांग्रेसजनों ने बढ़-चढ़कर विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर कमान संभाला और गजब का उत्साह भी देखा गया। इंडिया गठबंधन के तहत अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी उत्साहित कांग्रेसजनों ने सुबह से लेकर संध्या समय तक अपने उत्साह में कहीं भी कमी नहीं किया। यह सभी सक्रियता का मुख्य केंद्र बिंदु भारत में इंडिया गठबंधन का सरकार निर्माण को लेकर था। अब बहुत जल्द ही इंडिया गठबंधन के पक्ष में बहुमत बढ़ता हुआ दिख रहा है और ऐसा महसूस हो रहा है कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी मजबूती के साथ देश का नेतृत्व करते नजर आएंगे और उनके द्वारा जो मुख्य बातें जनता के बीच में रखी गई है। 30 लाख नौकरी जो सरकार के पास खाली एवं रिक्तपद के रूप में है उन्हें भरने का महान कार्य किया जाएगा, सभी गरीब परिवार के महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए दिए जाएंगे, सभी शिक्षित नौजवानों को ध्एक लाख रुपए अप्रेंटिसशिप की गारंटी दी जाएगी, नौजवानों के हित के लिए अग्निवीर योजना रद्द कर पूर्व की भांति भर्ती प्रारंभ की जाएगी।

## एक नजर में

### विधायक मंगल कालिंदी ने बिरसानगर में किया वोट



जमशेदपुर। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बिरसानागर जोन नं 4 कॉलोनी स्कूल बूथ नं 128 में अपना मतदान किया। उनके साथ अमित श्रीवास्तव, संतोष कालिंदी, सरबजोत भाटिया आदि उपस्थित थे।

### डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने बिष्टुपुर में किया मतदान




भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने आज जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के बुथ क्रमांक 155 में सपरिवार मतदान किया।

### इंटक प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने धर्मपत्नी संग किया मतदान



इंटक के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने जूस्को स्कूल साउथ पार्क बूथ नंबर 154 पर पत्नी सीमा पांडेय संग जाकर मतदान किया।

### अमरप्रीत सिंह काले ने सपरिवार किया मतदान



जमशेदपुर। भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने आज सपरिवार साकची के श्री साकची गुजराती इंगलिश स्कूल (बूथ संख्या 287) में अपना मतदान किया। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं का लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिये बधाई दी है । उन्होंने कहा कि आज तपती धूप के बावजूद जिस प्रकार से सभी बुजुर्ग , माताओं और नौजवानों ने मतदान किया यह प्रशंसा के काबिल है।

### आजसू प्रवक्ता अप्पू तिवारी पत्नी संग किया मतदान



आजसू प्रवक्ता अप्पू तिवारी जमशेदपुर लोकसभा चुनाव मे पूर्वी विधानसभा अंतर्गत आंध्र स्कुल स्थित 214नंबर बूथ मे अपने पत्नी संग मतदान किया।

### भरत सिंह ने अपने परिवार संग किया मतदान



भाजपा नेता भरत सिंह ने अपने परिवार के साथ मतदान किया।

### सतीश सिंह ने परिवार संग किया मतदान



नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सतीश सिंह ने अपने बड़े भाई संतोष कुमार शार्दुल एवं परिवार के साथ मतदान किया।

### कुलबंत बंटी ने परिवार संग किया मतदान



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने बूथ संख्या 242 के फाउंड्री यूनियन मध्य विद्यालय बमार्माइंस में परिवार परिवार संग अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## स्पीड न्यूज

### सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुन पाठक के निधन पर शोक की लहर



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जमुने निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुन पाठक का निधन रविवार को तीन बजे अपराह्न में अपने निवास स्थान पर हो गया। वे बिगत एक सप्ताह पूर्व गिर गए थे इससे उन्हें गम्भीर चोट लगा था। उन्हें बेहतर इलाज के लिए सैम्फोर्ड हॉस्पिटल रांची व पारस हॉस्पिटल रांची में ले जाया गया था। जहां चिकित्सको ने स्थिति को गम्भीर बताते हुए घर ले जाने की सलाह दी थी। वे काफी अस्वस्थ हो गए थे। उनका फिलवक्त इलाज नारायण अस्पताल मेदिनीनगर में डॉ गौरव अग्रवाल के देख रेख में चल रहा था। वे मंगलवार से वेंटिलेशन पर थे। रविवार को चिकित्सक के द्वारा उनका हालत नाजुक बताया गया था। उनके पुत्र लोग 2:30 बजे अस्पताल से घर ले आए थे। इसके बाद स्व पाठक की मौत हो गई। वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गये हैं। इधर इनकी निधन की खबर सुनकर उनके अंतिम दर्शन के लिए काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उनके आकस्मिक निधन पर शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के राम कुमार पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, अनिल मिश्र, मनोज पाठक, अमर मिश्र, सतेंद्र पाठक, रविन्द्र पाठक, वीरेंद्र पाठक, नरेंद्र पाठक, देवेंद्र पाठक,विनोद पाठक, प्रभात मिश्र, अमित मिश्रा, अभिषेक पाठक समेत, दर्जनो लोगो ने गहरी सम्बेदना व्यक्त किया है। लोगो ने कहा कि स्वर्गीय पाठक सच्चे दिल के इंसान थे।वे काफी विनम्र मृदुभाषी, सहज स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके आकस्मिक निधन से ब्राह्मण समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची हैं। भगवान परिवार के लोगों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

### रेड़मा के मिथिलेश तिवारी के निधन पर भाकपा ने जताया शोक



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने रविवार की सुबह रेड़मा निवासी मिथिलेश तिवारी के सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्व तिवारी हमारे चाचा थे, जो काफी मृदु भाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। तिवारी ने कहा कि एक वर्ष पूर्व भी उसी जगह पर एक बच्चा की दर्दनाक मौत हुई थी, लेकिन उसके बाद भी जिला प्रशासन एवं ट्रैफिक प्रभारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया। स्व मिथिलेश के शव के पोस्टमार्टम के बाद गोरेहो घाट पर दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में त्रिपुरारी तिवारी, रितेश तिवारी, शिव ध्यान तिवारी, युगल किशोर तिवारी, रोहित कुमार तिवारी, यशवंत तिवारी, बसंत तिवारी शाहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। भाकपा के सदस्यों ने भी इस घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### ट्रक ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा छेछानी टोला निवासी मिथलेश तिवारी की रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुशार मिथलेश तिवारी सुबह हर रोज की तरह आज भी मंदिर स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच कचहरी चौक के पास एक ट्रैक ने उन्हे अपने चपेट में ले लिया। बेकाबू ट्रक इतने रफ्तार में थी की शरीर को धड़ से अलग कर दिया। स्व मिथिलेश तिवारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि स्व तिवारी झामुमो नेता सह इंडियन रोटी बैंक के दीपक तिवारी के बड़े चाचा थे।

### मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष के साथ किया बैठक



जीत का संकल्प दिलाते मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के रानेश्वर स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को रानेश्वर मंडल के 9 पंचयात अध्यक्ष एवं 50 बूथ अध्यक्ष का विशेष बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह खेजुरह लोकसभा के सांसद बिष्णु दत्त शर्मा उपस्थित थे। बिष्णु दत्त ने बूथ अध्यक्ष को बूथ जितने का रणनीति बताते हुए कहा कहा कि बूथ अध्यक्ष ही हमारा संगठन का आसली चाणक्य है। उन्ही के बदौलत संगठन प्रदेश से लेकर केंद्र में सरकार बनाते है। उन्होंने हर बूथ में 10 प्रतिशत वोट बड़ाने का निर्देश दिया। शर्मा ने बताया कि इसमें कोई सक नही है कि केंद्र में हम तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे है। ओर इस बार हम हर हाल में 400 सीट पार करेंगे। कार्यक्रम में जिप सदस्य बिमान सिंह, महामंत्री कार्तिक घोष ने सम्बोधन किया। बैठक में कार्यकर्ता नब घोष, प्रदीप पातर, मनोज मंडल, बाबू पत्रा, बच्चन बागति, सिबधन बागति, सुमन घोष, सोमेन घोष आदि मौजूद थे।

# पलामू चेंबर का अनुकरण दिल्ली और रांची में भी : आनंद शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया गया प्रयास शनिवार को दिल्ली और रांची में भी व्यावसायिक संस्थाओं द्वारा अनुकरण करते हुए देखने को मिला। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं उनकी टीम के दूरदर्शी सोच ई रिक्शा मित्र जिसे चेंबर के सौजन्य से वोट के दिन निःशुल्क संचालित किया गया था। जिसका लाभ पलामू लोकसभा चुनाव में 3200 से ज्यादा असहाय लोगों ने लिया। दूसरा मेदिनीनगर के व्यवसायियों द्वारा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चेंबर के आह्वान पर अपने प्रतिष्ठानों में 10 से 40% तक का डिस्काउंट वोट दे सेल्फी ले डिस्काउंट पायें स्कीम का भी देश के कई व्यावसायिक संस्थानों ने सराहना करते हुए अपने शहर में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमली जामा पहनाया। रांची में झारखंड चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु 10 से 50% तक का डिस्काउंट अपने-अपने प्रतिष्ठानों में देना एवं दिल्ली कनॉट प्लेस के ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा 15 से 38% तक लगभग 50 दुकानों में डिस्काउंट दिया जाना पलामू चैंबर द्वारा शुरू की गई इस योजना को सफल बनाता है। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि मुझे खुशी है कि पलामू से शुरू हुई यह योजना देश के कई भागों में आजमाया जा रहा है। आशा है इसका सकारात्मक रिजल्ट आएगा निश्चित रूप से शहरी वोट का प्रतिशत बढ़ेगा।

# नर में होता है नारायण का वास : मिशन समृद्धि

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। वास्तव में उनके लिए कुछ भी अच्छा करना पूजा से कम नहीं। यह सच नहीं होता तो शायद निरंतर नहीं चल पाता। मिशन समृद्धि के सदस्यों द्वारा मेदिनीनगर अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों तथा शनि मंदिर के आसपास दिव्यांग रिक्शाचालक वृद्धों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। मिशन समृद्धि के सदस्यों ने कहा कि दोना पत्तल बनाने वाले बहुत ही श्रद्धा से भोजन लेते हैं उनके इमानदारी पूर्वक कार्यो और अपने आय पर संतुष्ट रहते देख उन्हें भोजन के अलावा समय समय पर कपड़ा भी देना जरूरी समझा जाता है और इसकी पूर्ति भी करने में आनन्द की अनुभूति होती है। ऐसे नेक कार्यों में यहाँ के नागरिकों का भी सहयोग प्राप्त होता रहता है। भोजन संग्रह से लेकर वितरण करने में संस्था के सहयोगियों का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भोजन देने वाले परिवारों का अभिनंदन है। भोजन वितरण में अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, आशा शर्मा, वीणा गुप्ता, शिल्पी गोस्वामी, शैलेन्द्र सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

# झारखंड की बदहाली के लिये झामुमो जिम्मेवार : गीता कोड़ा

भाजपाईयों ने प्रत्याशी के पक्ष में दुमका में किया सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा झारखंड प्रदेश की वरिष्ठ नेत्री गीता कोड़ा एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह दुमका लोकसभा क्षेत्र के सदर मंडल प्रभारी अविनाश वर्मा ने दुमका क्षेत्र के केराबनी पंचायत के कई क्षेत्रों का दौरा करते हुए एक आम सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में गीता ने राज्य सरकार की विफलताओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए राज्य की बदहाली के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा को कसुरवार ठहराया और 1 जून को भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सीता सोरेन को भारी मतों से वोट देकर चुनाव जीताने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित अविनाश वर्मा ने दुमका समेत संपूर्ण झारखंड राज्य में बालू की कालाबाजारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक साजिश के तहत बालू पर रोक लगाई गई है ताकि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के द्वारा गरीबों को दिए जाने वाले प्रधानमंत्री आवास का काम अधूरा रहे और भाजपा की सरकार बदनाम हो। सभा की अध्यक्षता एवं संचालन सदर मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश मंडल ने किया। मौके पर विधानसभा विस्तारक विजेंद्र ओझा, भरत दीक्षित, प्रहलाद सिंह, मुन्नीलाल गिरी, प्रमोद सिंह, अशोक पंडित, राजेश मंडल, राजेश टुडू, चंद्रशेखर पाल, जीत बाहन, नरेश सोरेन, आकाश वर्मा एवं कुश मंडल समेत सैकड़ो महिलाएं और बुजुर्ग शामिल थे।

## पांडू पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की छापेमारी, जावा महुवा किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड मुख्यालय के ग्राम कुटमू और ओरडीहा में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। उक्त जगहों से पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ व पुलिस ने छापेमारी के दौरान अवैध जावा महुआ एवं शराब को जब्त कर नष्ट किया। वही पांडू थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से शराब बनाया जाता है। छापामारी के दौरान लगभग पचास किलो जावा महुवा और शराब को नष्ट किया गया । साथ ही पुलिस ने अवैध शराब बनाने का उपकरण को भी नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि पांडू क्षेत्र में किसी को भी नशीला सामग्री की बिक्री व अवैध शराब बनाने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने शराब बनाने वाले लोगों को सचेत किया कि पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि शराब पीकर लोग अपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं। समाज में शराबियों के प्रति गलत संदेश फैल रहा है।

## छठवें चरण के मतदान में दिखे लगभग 110 वर्ष के बुजुर्ग



**बेरमो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय गंझुडीह बूथ संख्या85 में छठा चरण के मतदान को लेकर मतदाताओं की भीड़ सुबह से ही देखने को मिली। जिसमें ऐसे बुजुर्ग भी वोट देने बुथ पहुचे जिनकी उम्र लगभग 110 साल बताई जाती है। बता दें कि लोकतंत्र के इस महापर्व को मानने को लेकर काफी उत्साह देखने को मिली जहां एक ओर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्र पर सत प्रतिशत मतदान को लेकर खास इंतजाम करने में अपनी पूरी तैयारी दुरुस्त और पुख्ता इंतजाम कर ली थी ठीक उसी क्रम में शांतिपूर्ण ढंग से मतदाता अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने बुथ पर महिलाओं व पुरुषों की भीड़ नजर आए।

# पानी टंकी के पास ट्रांसफार्मर होने से कार्य करने में हो रही परेशानी

भाजपा नेता ने विभाग के अभियंता से की ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा ने मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त, उपायुक्त, बिजली विभाग और पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता से हमीदगंज बीएन कॉलेज के पास पानी टंकी के पास लगाये गये ट्रांसफार्मर को हटवाने की मांग की है। ओझा ने कहा कि पानी टंकी के पास मिस्त्री को कार्य करने में परेशानी होती है। बिजली ट्रांसफार्मर होने से टंकी के पानी गिरने से हादसा भी हो सकता है। कहा कि बीएन कॉलेज का स्पेंडल खराब हो गया था जिसे खोलने के लिए विभाग के कर्मचारी आए थे खोलना जब शुरू किया तो उसमें करंट आना शुरू हो गया। जिसके कारण पूरा नट नहीं खोला गया अगर पूरा नट खोल दिया जाता तो 20 फीट उपर ट्रांसफार्मर पर पानी जाता तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। ओझा ने उक्त पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि ट्रांसफार्मर को टंकी के पास से हटाकर आगे करने का व्यवस्था करवाया जाए ताकि घटना ना घटे। उन्होंने कहा कि पानी टंकी का काम नहीं होने से हमीदगंज में पानी भी सप्लाई नहीं हो पाया स्पेंडल आज नहीं खोला जा सका। गर्मी में पेयजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। इनकी समस्या को समझते हुए पानी टंकी के पास से ट्रांसफार्मर हटाया जाये।

## डीपीएस बोकारो के हार्दिक श्री को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में मिला पहला स्थान



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो का छात्र रह चुके19 वर्षीय हार्दिक श्री ने देश के सबसे बड़े डिजाइनिंग संस्थान राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान की परीक्षा में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। उसे ओपन और ओबीसी एनसीएल दोनों ही कैटेगरी में आल इंडिया रैंक 1 मिली। एक खास बातचीत में हार्दिक ने बताया कि उसकी दिली ख्वाहिश एनआईडी अहमदाबाद से डिजाइनिंग में चार-वर्षीय स्नातक करना था जो विगत वर्ष पूरी नहीं हो पाई थी। इसलिए उसने इस बार जी-तोड़ मेहनत की। एक जुलाई से वहां उसका सत्र शुरू हो रहा है। उसकी इस कामयाबी पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उसे बधाई देते हुए इसे विद्यालय सहित पूरे राज्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताई है। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों को हर वह अवसर प्रदान करता है, जिससे कि वे विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य संवार सकें। हार्दिक ने पिछले ही साल डीपीएस बोकारो से 90 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके पूर्व 10वीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था। हार्दिक की सफलता के पीछे उसकी मां बबीता सिंह ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। पारिवारिक परेशानियों के बीच बबीता ने हार्दिक को मां के साथ-साथ पिता का भी प्यार दिया। संगीत की राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में भी हार्दिक अपने विद्यालय को प्रथम पुरस्कार दिला चुका है। गायन में इंडियन आइडल तक भी वह पहुंच चुका है। बास्केटबॉल का भी वह एक अच्छा खिलाड़ी है।

# नदी के छाड़न में ठेकेदार ने कराया विद्यालय भवन का निर्माण

## ग्रामीणों ने कहा-नदी में गार्डवाल नहीं दिये जाने से भवन की सुरक्षा पर है खतरा

खबर मन्त्र संवाददाता



इंजीनियर व विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से गुणवत्ता का ध्यान रखे बिना नदी में भवन निर्माण विभाग से आठ कमरे वाला फर्स्ट फ्लोर तक विद्यालय भवन का निर्माण करवा दिया गया

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम सतौवा में विद्यालय के नाम से जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण ठेकेदार ने पैसे की निकासी के लिए विद्यालय भवन का निर्माण नदी के छाड़न में करवा दिया। इंजीनियर व विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से गुणवत्ता का ध्यान रखे बिना नदी में भवन निर्माण विभाग से आठ कमरे वाला फर्स्ट फ्लोर तक विद्यालय भवन का निर्माण करवा दिया गया। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग क्या करें। भवन निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान तो इंजीनियर व अधिकारियों को रखना चाहिए था। विद्यालय के नाम से आवश्यकतानुसार जमीन उपलब्ध नहीं रहने के अभाव में विद्यालय का भवन वापस ना हो इसका ध्यान रखते हुए भवन का कुछ भाग नदी में ही निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। नदी में गार्डवाल भी नहीं है ताकि भवन की सुरक्षा बनी रहे। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में नदी में अधिक पानी आ जाने पर भवन पर असर कर सकता है।

## कसमार में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ मतदान



**बोकारो/कसमार।** लोकसभा चुनाव के तहत गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के कसमार प्रखंड में शांति पूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। मतदान केंद्र संख्या 309 बगदा के ईवीएम मशीन कंट्रोल यूनिट में खराबी आने कारण 2 घंटे तक वोटिंग बाधित रहा। वहीं मतदान केंद्र संख्या 209 दांतू में एक दल के एजेंट के बदले अन्य व्यक्ति बैठा था। उसी वक्त ओबजर्वर के आने और आईडी कार्ड की मांग करने पर नहीं दे पाया। ओबजर्वर द्वारा कसमार थाना को गिरफ्तार प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड के कुल में 73.30% मतदान हुआ है।

# विष्णु मंदिर तोलरा का मनाया गया वार्षिकोत्सव

## जय विजय का प्राण प्रतिष्ठा व सुंदरकांड पाठ का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता





**बिश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव स्थित बिष्णु मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया । भगवान बिष्णु के द्वारपाल जय विजय की मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व भव्य भंडारा एवं 75+आयु वर्ग के बुजुर्ग को सम्मानित किया गया। रात्रि में मानस मंडली गढ़वा की टीम के द्वारा सुंदरकांड का पाठ संपन्न कराया गया। मानस मंडली में 45 लोग हनुमान भक्ती व श्रीराम भक्ती में लीन दिखे । मधुर आवाज में तीन घंटे तक मानस मंडली गढ़वा की टीम ने सबका मन अपनी ओर आकर्षित किया। तीन दिन तक चले इस आयोजन में बिष्णु मंदिर संचालन कमिटी के सभी सदस्यो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। कमिटी के सभी सदस्य पेयजल व फल लेकर सभी जरुरतमंद के लिए तत्पर दिखे। रात्रि सुंदरकांड में झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बिकास दूबे, गंगा कंस्ट्रक्शन के सहायक प्रोपराइटर सह पलामू के समाजसेवी बबलू पांडेय, राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव पप्पू सिंह, सुनील पांडेय, सेवानिवृत पुलिस सब इंस्पेक्टर देवनारायण तिवारी , पुलिस उपाधीक्षक सुनील तिवारी, सीओ शिवपुजन तिवारी, एडवोकेट कमल तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी, तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित कुमार तिवारी, अमरेश तिवारी सहित बिष्णु मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, सचिव गोखूल तिवारी, कोषाध्यक्ष धनंजय तिवारी, संरक्षक विरेन्द्र तिवारी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, प्रवक्ता राम निवास तिवारी, मुकेश तिवारी, अरुण त्रिवेदी, रविन्द्र तिवारी, धीरन तिवारी, राजेश तिवारी, अगस्त तिवारी, कौशल तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, आलोक तिवारी, बिष्णु मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी सहित सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

## तालाब का सौंदर्यीकरण करने पर किशुनपुर पंचायत का बनेगा पहचान

# कूड़ा कचरा डालकर किया जा रहा अतिक्रमण

तालाब में गन्दगी का अम्बार लगा हुआ रहता है, एक आदर्श पंचायत रहते हुए भी लोग गंदगी का शिकार होते जा रहे है

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के आदर्श पंचायत किशनपुर में घनी आबादी पर्याप्त मात्रा में है। किशुनपुर मेन रोड बाजार के समीप एक गहरीकरण तालाब को अतिक्रमण कर लोग भरते जा रहे है। तालाब में गन्दगी का अम्बार लगा हुआ रहता है। एक आदर्श पंचायत रहते हुए भी लोग गंदगी का शिकार होते जा रहे है। इस बड़ा तालाब के समीप ग्रामीण बैंक, स्कूल, मंदिर, दुकान है। यह तालाब सिंचाई के एक बेहतरीन साधन भी है। किशुनपुर बाजार के बीचो-बीच तालाब का सौंदर्यीकरण करने पर आदर्श पंचायत किशनपुर एक अलग पहचान बना पायेगी। लेकिन किशुनपुर के लोग तालाब को अतिक्रमण करने में लगे हैं। इस पंचायत के जनप्रतिनिधि मौन रहते हैं। स्वच्छ भारत से कोसों दूर पर हैं आदर्श पंचायत किशनपुर। इस तालाब के पीड़ पर एक आंगनबाड़ी केंद्र का भवन भी बन कर तैयार है। जो सुचारू रूप से चालू नहीं है। चारो तरफ कचड़ा ही फैला रहता है। जिससे वहां के लोगों के बीच संक्रमण का खतरा बना रहता है। तालाब के किनारे वहा के लोग शौच कर गंदगी फैलाते हैं।

स्पीड न्यूज

## महागठबंधन कार्यकर्ताओं की महगामा में अहम बैठक

**गोड्डा।** गोड्डा लोक सभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं का जमावड़ा और विचार मंथन आज शाम 4 बजे खिरौंधी महगामा में कांग्रेस विधायिका दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में अपने महागठबंधन के लोक सभा प्रत्याशी और कांग्रेस पार्टी के लोक सभा उम्मीदवार पोडैया हाट विधायक प्रदीप यादव को भारी मतों से जीत दिलाने और चुनाव की नीति निर्धारण के लिए बैठक आयोजित की गई। महगामा विधान सभा से ही कांग्रेस केंदीय कमिटी की सचिव हैं दीपिका पांडे सिंह विधायक। जिनका दायित्व इस चुनाव में और अधिक बढ़ जाता है अपने क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों द्वारा समर्थन दिला कर जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करने की। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठित कर मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ले जाकर मतदान कराना सबसे महत्वपूर्ण है और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## कांग्रेस और जेएमएम ने संथाल परगना के विकास को अवरोध किया : सुदेश महतो

**जामताड़ा।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कांग्रेस के तुष्टीकरण की राजनीति के कारण समाज का एक वर्ग राष्ट्रीय विचारधारा से दूर है। जेएमएम और कांग्रेस अपने राजनीतिक दायित्व से अलग होकर तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। विकास से इनका कोई वास्ता नहीं है। इन दोनों ने समाज के एक-एक वर्ग को अपने राजनीतिक लाभ के लिए अपना शिकार बना रखा है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने संथाल परगना के विकास को अवरोध किया है। साथ ही सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को गुमराह किया है। यही वजह है कि लोकसभा चुनावों में राज्य की जनता ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जामताड़ा के यज्ञ मैदान में रविवार को आयोजित जामताड़ा विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। इस दौरान जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी और विधानसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। मौके पर जामताड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन बर्मन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि सातवें और अंतिम चरण में संथालपरगना की तीनों सीटों पर एनडीए की जीत होगी। पहले के चरणों में जिन 11 सीटों पर चुनाव हुए हैं, वहां इंडी गठबंधन की हार तय है। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों का हित सरकार का कर्तव्य है लेकिन मौजूदा सरकार ने राजनीति की परिभाषा ही बदल कर रख दी है। जिस सरकार को जनता ने विकास के लिए चुना था आज उसी सरकार के भीतर कौन अधिक भ्रष्टाचार करेगा इस बात की प्रतिस्पर्धा चल रही है। भ्रष्टाचार की इस प्रतिस्पर्धा में सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री के समेत कई प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हैं।

# बरहेट संजोड़ी मैदान में कल्पना सोरेन ने किया चुनावी जनसभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरहेट।** लोकसभा चुनाव 2024 का अंतिम चरण जैसे जैसे करीब आ रहा है, राजमहल लोकसभा के सभी पार्टियों के दिग्गज नेता अपने प्रत्याशी के लिए पूरे जोश के जज्बे के साथ मैदान में उतर चुकी है। रविवार ऐसे ही जोश व जज्बा बरहेट प्रखंड के संजोड़ी मैदान में झामुमो के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने विशाल जनसभा किया एवं अपने पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में वोट करने का अपील किए।

कल्पना सोरेन हेलीपैड के माध्यम से संजोड़ी मैदान से उतरा जहां उपस्थित आदिवासी कन्याओं ने आदिवासी संस्कृति के तहत फूल, माला, पुष्प अर्पित तथा आदिवासी रीति रिवाज से स्वागत किया।

इस बीच झामुमो के पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने उपस्थित जनता संबोधन करते हुए कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए एक मात्र रास्ता है 1 जून सुबह उठते ही तीर कमान के बटन दबाइए, क्योंकि विपक्षी जनता का दिमाग भटकाने के लिए बहुत सारे दांव खेल रहे हैं, जिसमे सर्कस में जोकर बोलकर संबोधन करते हुए कहा कि अपना ही आदमी वोट काटने के लिए कैंची लेकर घूम रहा है जिसके बहकावे में आकर अपना ध्यान नहीं भटकाना है। साथ ही साथ हेमंत सोरेन की बहुत सारी उपलब्धियां जनता के समक्ष गिनवाते हुए कहा कि एक जेल का चाभी आम जनता के पास है जिसको खोलने के लिए एक जून को सुबह पहले मतदान फिर जलपान करें।

वहीं कल्पना सोरेन मंच पर दहाड़ते हुए कहीं की बीजेपी वाले का 400 पार का जो नारा है वो इसलिए है कि आज जो आदिवासी, दलित, पिछड़ा गरीब का हक और अधिकार बाबा भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान में जो मिला है उसको पहले खत्म करेगा।

आज झारखंड की पहचान दिशोम गुरु शिबू सोरेन का देन है जिसको खत्म करना इनका मनसा है।

मणिपुर में आदिवासी औरतों के साथ ऐसी शर्मनाक घटना हुआ है माननीय प्रधानमंत्री एक बार सुध तक नहीं लेने गया। आदिवासी शब्दों से इसको चिढ़ है, आदिवासी को वनवासी कहते हैं। इस राज्य का पहचान आदिवासी से ही है, ये राज्य शहीद सिद्धो कान्हु, चांद भैरव, बिरसा मुंडा का ही नाम से जाने जाते हैं। आज हेमंत सोरेन जेल में है, और जेल का ताला टूटेगा, और उस ताला का चाभी जनता के पास है जो 1 जून को वो ताला जनता ही खोल सकता है। 1 तारीख को मतदान के लिए वोट देने के लिए किसी भी परिस्थिति में जाना है। आज बड़ी बड़ी हेलीकॉप्टर से बाहर के मुख्यमंत्री आते हैं वो सिर्फ आपके वोट लेने के लिए आते हैं, वो आपका संस्कृति, आपका दुख नहीं समझ पाएगा। आपका दुख और तकलीफ आपका अपना बेटा हेमंत सोरेन ही समझ ही पाएगा। हेमंत को जेल के अंदर जरूर बंद कर सकते हैं, मगर हेमंत की सोच को नहीं बंद कर सकते है। बीजेपी वाले ने 7500 विद्यालय को बंद करवा दिया, लेकिन हेमंत जी ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस खोल कर दिया, ताकि पढ़ाई की सभी सुविधा मिल सके, गुरुजी क्रेडिट कार्ड भी निर्गत किया ताकि आप पढ़ाई पढ़कर अपना सपना पूरा कर सके। आदिवासी अगर पढ़ेगा नही तो आदिवासी को ऐसे ही बेवकूफ बनाएगा और ये शिक्षित झारखंड का सोच हेमंत सोरेन जी का है। हेमंत जी की उपलब्धियां गिनाते हुए कहीं आज अस्पताल तक पहुंचने तक सड़को की जाल हर जगह हेमंत जी ने पहाड़ पर्वत तक बिछाया है। इस बार का चुनाव झारखंड राज्य को देखकर करना है, किसी व्यक्ति विशेष को देख कर नही करना है। इस झारखंड को, आदिवासी संस्कृति को, संविधान को बचाने के लिए सबको आगे आना होगा। इसलिए तीर कमान में वोट दबाकर ही ये बचा सकते हैं।

मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी, वरिष्ठ नेता प्रोफेसर नजरूल इस्लाम, सचिव मुजीबुर रहमान, प्रमुख बर्नाड मरांडी, उप प्रमुख रूपक साह, विस सदस्य जेठा मुर्मू, समदा सोरेन सहित अन्य मौजूद थे।

# डीपीएस बोकारो के सुसज्जित मतदान केन्द्र ने मतदाताओं को किया आकर्षित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** नगर के सेक्टर चार स्थित डीपीएस बोकारो मतदान केंद्र में प्रशासन के सहयोग से विद्यालय प्रबंधन द्वारा यहां जिस प्रकार से मतदान केंद्र को सजाया गया वह अपने-आप में रमणीक एवं आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रवेश-द्वार से लेकर अंदर बूथ तक का पूरा इलाका जागरूकतापरक नारे से पटा रहा। तोरण द्वार के बाद दोनों तरफ शामियाने पर झारखंडी संस्कृति एवं यहां की धनी परंपरा व धरोहरों के चित्रों की आकर्षक प्रदर्शनी लुभावनी बनी रही। आते-जाते वोटर सहसा इस मनमोहक साज-सज्जा को देखकर ठहर जा रहे थे। विद्यालय परिसर झारखंडी संस्कृति व आंचलिकता के साथ-साथ तिरंगे की थीम में सजा रहा। सोहराय पेंटिंग और छऊ नृत्य की सजावट के साथ लगाए गए झोपड़ीनुमा आकर्षक सेल्फी पॉइंट ने वोटरों को खूब रिझाया। हजारों वोटरों में मतदान के बाद यहां फोटो खिंचवाई। कोई अकेले तो कोई पूरे परिवार के साथ मतदान का इंक लगी उंगलियों के निशान दिखाकर उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। वोटरों के लिए विशेष रूप से शरबत और बैठने के लिए सैकड़ों कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। आवश्यक दवा के साथ बनाया गया चिकित्सा केंद्र भी मतदाताओं के लिए उपयोगी साबित हुआ जहां भारी संख्या में वोटरों ने अपने ब्लड प्रेशर की जांच करवाई। निःशक्त मतदाताओं का भी विशेष रूप से ख्याल रखा गया।

# हम लूटने का नहीं, बांटने का काम करते हैं: अर्जुन मुंडा

▸▸ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी मोदी जी वापस लेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** केंद्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को काठीकुंड प्रखंड क्षेत्र के दलदली मैदान में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में वे राज्य सरकार पर जबरदस्त प्रहार करते हुए दुमका लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह चुनाव देश का बेहतर भविष्य बनाने का है। कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनाज, शौचालय, शुद्ध पेयजल, आवास मुहैया कराने का काम किया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हासा-भाषा को खत्म करने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खनिज संपदा को लूटा, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। साथ ही अपनी तिजोरी भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग का पैसा बड़ी-बड़ी बिल्डिंग में मिल रही है। यह पैसा किसका है, इसका हिसाब तो देना पड़ेगा। झारखंड सरकार के मंत्री लूट का साधन बना लिए है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है, हर गरीबों को राशन मिले, हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचे, हर घर का चूल्हा जलना चाहिए, सभी का पक्का मकान होना चाहिए, शिक्षित युवाओं को नौकरी मिलना चाहिए। उन्होंने 1 जून को चढ़कर मतदान करने की अपील जनता से की। श्री मुंडा ने कहा कि आपके मतदान के ताकत से पाक अधिकृत कश्मीर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वापस लेकर रहेंगे। कार्यक्रम मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष बबलु मंडल एंव धन्यवाद ज्ञापन संतोष सोरेन ने किया। कार्यक्रम में सांसद सुनील सोरेन, जिलाध्यक्ष गौरव कान्त, पूर्व जिलाध्यक्ष पारितोष सोरेन, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, ऋषिकेश मार्शल राज टुडू, अलबिनुस किस्कु, दीवानी राय, सरस्वती देवी, जहीर अंसारी आदि मौजूद थे।

# राजमहल सीट पर बनी त्रिकोणीय समीकरण लोबिन खोल सकते है मरांडी के किस्मत का ताला

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** राजमहल लोकसभा सीट पर 2024 का चुनाव बड़ी दिलचस्प होने वाली है। क्षेत्रीय पार्टी से लेकर केंद्र की पार्टी के नेताओ की नजर राजमहल सीट पर टिकी हुई है। राजमहल लोकसभा 2024 का चुनाव त्रिकोणीय होने वाला है। राजमहल सीट शुरू से ही झामुमो और

▸▸ विजय हांसदा को चखनी पड सकती है हार का स्वाद

भाजपा के बीच कांटे की टक्कर रही है। लेकिन इस दोनों ही प्रत्याशियों को कैची से काटने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी लोबिन हेम्ब्रम पूरी ताकत लगा दी है। लोबिन हेम्ब्रम झामुमो और भाजपा को मात देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। लोबिन हेम्ब्रम अपनी चुनावी मैदान में यह साफ कहते आ रहे कि वह इंडी के प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा को मात देंगे। प्रत्येक चुनावी सभा में झामुमो के प्रति आक्रोश साफ देखी जा रही है। चुनावी सूत्रों की माने तो लोबिन हेम्ब्रम एक निर्दलीय प्रत्याशी है। उनके चुनाव प्रचार-प्रसार से आमलोगों को किसी पार्टी के जैसा चुनावी माहौल बनता दिख रहा है। लोबिन के



पीछे चलने वाले हुजूम किसी पार्टी के भीड़ से कम नहीं रहा है। ऐसे में बताया जाता है कि चुनावी मैदान में लोबिन हेम्ब्रम इंडी के प्रत्याशी को प्रभावित जरूर करेंगे और इसका डर भी इंडी गठबंधन को सता रही है। चर्चा यह भी है कि लोबिन हेम्ब्रम के चुनावी मैदान में उतरने से भाजपा को क्लीन चिट मिल गई है। इस बार यदि भाजपा राजमहल सीट निकाल नहीं पाती है तो शायद ही ऐसा कोई चुनाव होगा जिसमें की भाजपा का कमल खिल पायेगा। जानकार यह बताते हैं कि लोग मोदी को देखकर मतदान करेंगे। उनके क्षेत्र के प्रत्याशी ताला मरांडी महज एक चेहरा है। राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पूर्वी झारखंड के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। यह निर्वाचन क्षेत्र पूरे साहेबगंज, पाकुड़ जबकि दुमका और गोड्डा जिला के एक-एक प्रखंड को कवर करता है। राजमहल निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। इस लोकसभा सीट के अन्तर्गत छह विधानसभा सीटें (राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ महेशपुर) आते हैं। इसमें बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा और

**राजमहल सीट पर कब किसने मारी बाजी**

| |
|---|
| ▸▸ 1957 - पाइका मुर्मू (कांग्रेस) |
| ▸▸ 1962 - ईश्वर मरांडी (झारखंड पार्टी) |
| ▸▸ 1967 - ईश्वर मरांडी (झारखंड पार्टी) |
| ▸▸ 1971 - ईश्वर मरांडी (कांग्रेस) |
| ▸▸ 1977 - एंथोनी मुर्मू (जनता पार्टी) |
| ▸▸ 1980 - सेठ हेम्ब्रम (कांग्रेस) |
| ▸▸ 1984 - सेठ हेम्ब्रम (कांग्रेस) |
| ▸▸ 1989 - साइमन मरांडी (झारखंड मुक्ति मोर्चा) |
| ▸▸ 1991 - साइमन मरांडी (झारखंड मुक्ति मोर्चा) |
| ▸▸ 1996 - थॉमस हांसदा (कांग्रेस) |
| ▸▸ 1998 - सोम मरांडी (भाजपा) |
| ▸▸ 1999 - थॉमस हांसदा (कांग्रेस) |
| ▸▸ 2004 - हेमलाल मुर्मू (झारखंड मुक्ति मोर्चा) |
| ▸▸ 2009 - देवीधन बेसरा (भाजपा) |
| ▸▸ 2014 - विजय हांसदा (झारखंड मुक्ति मोचा) |
| ▸▸ 2019 - विजय हांसदा (झारखंड मुक्ति मोर्चा) |

## बेरमो और गोमिया प्रखंड में जगह-जगह शांतिपूर्ण तरीके से मतदाता संपन्न

बेरमो/कथारा। गिरिडीह लोकसभा के बेरमो प्रखंड के सभी बूथों में महिला,पुरुष युवक युतियों ने ईवीएम का बटन दबाकर शांतिपूर्वक मतदान किया। बता दूं कि मतदान की संख्या इस प्रकार है जारंगडीह बूथ नंबर 39 मे 872 मतदान किया गया जिसमें महिला 434 पुरुष 338,68% बूथ नंबर 35 मे 450 जिसमें महिला 220 पुरुष 230, 53% बूथ नंबर 36 मे 430 जिसमें महिला 209 पुरुष 221 बूथ नंबर 34 मे महिला पुरुष518 बूथ नंबर 41 मे 492 जिसमें महिला 230 पुरुष 262, 63% बूथ नंबर 40 में 654 महिला 280 पुरुष 374, 56% बूथ नंबर 38 में 534 जिसमें महिला 256 पुरुष 278, बूथ नंबर 37 मे 560 जिसमें महिला 259 पुरुष 301 46.39% कथारा ऑफिसर क्लब बूथ नंबर 28 जिसमें 496 जिसमें महिला 227 पुरुष 273,40. 85% बोदिया उत्तरी बूथ नंबर 30 मे 754 जिसमें महिला 403 पुरुष 346, 63 पॉइंट 9%बूथ नंबर 31 मे 633 जिसमें महिला 308 पुरुष 325, 48 पॉइंट 72% चंचनी हाई स्कूल बूथ नंबर 33 मे 730 जिसमें महिला 324 पुरुष 406, 53.01% प्रतिशत बूथ नंबर 32 मे महिला पुरुष 614, 56% मतदान किया गया।

## भारतीय मजदूर संघ श्रमिक हितों की बात करनेवाला संगठन : रवींद्र पांडेय

**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला का एक दिवसीय अधिवेशन फुसरो के ढ़ोरी खास स्थित सीसीएल सीकेएस कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता महेश राय एवं संचालन संत सिंह के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विभाग प्रमुख घनबाद और बोकारो रविंद्र कुमार मिश्रा, झारखंड, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा केवट की गरिमामय उपस्थित रही। सर्वप्रथम मंचासीन पदाधिकारियों के द्वारा भारत माता, विश्वकर्मा भगवान एवं श्रद्धेय दंत्तोपंत ठेंगड़ी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप कर किया गया। मंचासीन सभी प्रदेश पदाधिकारी का स्वागत जिला बोकारो के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र देकर किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि बीएमएस राष्ट्र हित, उद्योग हित के बाद श्रमिक हित की बात करने वाला संगठन है। यह गैर राजनीतिक संगठन है जो देश में प्रथम नंबर पर है। देशभर में पांच हजार से अधिक इकाइयां कार्यरत है। इसके उपरांत झारखंड, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय जी के द्वारा संगठन विस्तार हेतु पर चर्चा की गई। उन्होने कार्यकताओं को समय का पालन एवं अनुशासित रहने का मार्गदर्शन दिया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा केवट के द्वारा भी जिला के कार्यकताओं को

एक नजर में

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने ईडी की कार्रवाई को ठराया जायज

**शिकारीपाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए पिछले कुछ दिनों से दुमका में कैंप कर रहे हैं। रविवार को मधु कोड़ा शिकारीपाड़ा के कई गांव का दौरा कर आने वाले एक जून को सीता सोरेन के पक्ष में वोट देने की अपील की। मधु कोड़ा शिकारीपाड़ा के सीतासाल, बोराडंगाल, सिरुआडीह, लांगो पहाड़ी गांव पहुंचे और जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों को बताया कि देश का विकास भाजपा ही कर सकती है। महागठबंधन के जो प्रत्याशी बने हुए हैं उनको जीताकर कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। जबकि भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन विजयी होती है तो पीएम मोदी का 400 पार का जो लक्ष्य है उसमें आपकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मधु कोड़ा ने कहा कि आज पूरे देश की तरह दुमका में भी भाजपा के पक्ष में रुझान है। लोग यह समझ चुके हैं कि भारतीय जनता पार्टी ही विकास कर सकती है। ऐसे में यहां से सीता सोरेन की जीत पक्की है। उन्होंने कहा कि दुमका में जो झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी नलिन सोरेन हैं। वे शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से 35 वर्षों से विधायक है, पर इस इलाके में किसी भी तरह का विकास कार्य नहीं हुआ। लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है। जनता उनसे ऊब चुकी है, उनकी सच्चाई जान चुकी है कि इनसे कुछ नहीं होने वाला है।जनता अब उनको मौका देने वाली नहीं है।मधु कोड़ा जो भ्रष्टाचार के मामले में लंबे समय तक जेल रहे में रहे उन्होंने झारखंड में चल रही ईडी की कारवाई को जायज बताते हुए कहा कि जिस तरह कांग्रेस के नेता और राज्य के मंत्री आलमगीर आलम के घर नोटों का पहाड़ मिला यह चिंता का विषय है। यह जनता का पैसा है। जिससे विकास का काम होना था पर इस रुपए को उन्होंने अपने पास कैद कर रखा था। मधु कोड़ा ने कहा कि ऐसे भ्रष्टाचारियों को जनता सबक सिखाएगी।

## डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव एवं एसपी पूज्य प्रकाश के निर्देशन में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर शांतिपूर्ण संपन्न हुए मतदान की जानकारी दी। मौके पर निवार्ची पदाधिकारी सह एसी मो मुमताज अंसारी डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। श्रीमती जाधव ने बताया कि जिला अंतर्गत आने वाले 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र (67.62 फीसदी) 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र (63.69 फीसदी) 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र (52.07 फीसदी) एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र (71.41) में कुल मतदान प्रतिशत 61.41 फीसदी रहा। वहीं 06 गिरिडीह संसदी क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 64.75 फीसदी रहा। सबों के सहयोग और समन्वय से स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न हुआ। जिले में कहीं से भी किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। ईवीएम-वीवीपैट माकपोल के दौरान 21 बैलेट यूनिट, 04 कंट्रोल यूनिट एवं 15 वीवीपैट मशीनों को बदला गया था। वहीं चुनाव शुरू होने के बाद 14 बैलेट यूनिट 07 कंट्रोल यूनिट एवं 31 वीवीपैट को बदला गया। इस दौरान पूरी टीम वह स्वयं लगातार वेब-कास्टिंग के माध्यम से सभी मतदान केंद्रों पर नजर बनाएं हुए रही। पूरे दिन सेक्टर पदाधिकारी ने पीठासीन पदाधिकारी को दिशा- निर्देश दिया। उन्होंने मीडिया कर्मियों के प्रति भी आभार प्रकट किया। संबद्ध विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम वीवीपैट व अन्य सामग्री बनाएं गए वज्र गृह आइटीआइ मोड़ कृषि उत्पादन बाजार समिति चास में अलग अलग टेबल के माध्यम से प्राप्त किया गया। जिला अंतर्गत 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र का ईवीएम-वीवीपैट व अन्य सामग्री बनाएं गए वज्र गृह धनबाद स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति बरवड्डा में मतदान कर्मियों द्वारा जमा किया गया।

# चक्रधरपुर में तीन करोड़ रुपए के अफीम के साथ दो गिरफ्तार

## चक्रधरपुर से राजस्थान भेजने की थी तैयारी, पांच लाख रुपए नगद बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जंगलों से बड़े पैमाने पर अफीम डोडा की तस्करी की जा रहा है। इसका खुलासा हाल के दिनों में पुलिस को मिली सफलता से हो रही है। ताजा मामला चक्रधरपुर अनुमंडल क्षेत्र की है। यहां रविवार को पुलिस ने करीब तीन करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के डोडा अफीम के साथ एक ट्रक को जब्त किया है। जांच के दौरान जब्त ट्रक से पांच लाख रुपए नगद भी बरामद किये गये है। पुलिस ने ट्रक को जब्त करने के साथ राजस्थान निवासी ट्रक के चालक और खलासी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में चक्रधरपुर के एएसपी पारस राणा ने बताया कि चाईबासा






पुलिस मादक द्रव्य संबंधी अपराधों से निपटने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 25 मई को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डोडा अफीम लेकर एक ट्रक टेबो थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाला है। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चक्रधरपुर के नेतृत्व में आवश्यक कार्रवाई हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के क्रम में टाटा कम्पनी का ट्रक संख्या आरजे-19 जीजे-0511 की तलाशी के दौरान गाडी के बाहरी व उपरी भाग में 3216 खाली जूट का बोरा तथा 415 टीन का खाली डब्बा मिला। जिसके नीचे छुपाकर 135 प्लास्टिक के बोरा में 2096 किलो ग्राम अफीम डोडा जिसकी कीमत लगभग तीन करोड चौदह लाख रुपए का परिवहन ओडिसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान तक करने की योजना थी। इस संबंध में टेबो थाना कांड से 07/2024 दिनांक 26.05.2024 धारा 15 (सी)/18/25 एनडीपीएस एक्ट दर्ज की गई है। इस घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। मामले में मियू खान, उम्र करीब 35 वर्ष, पिता-मूसे खान, पता भीखोड़ाई पोस्ट भीखोड़ाई, थाना-फलसुंड, जिला जैसलमेर राजस्थान एवं राकेश कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता-दीनदयाल वैष्णव, पता-ग्राम पंचायत अगर्या, थाना-बकानी, जिला झलावर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में पारस राणा, सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, चक्रधरपुर के अलावा प्रशिक्षु आइपीएस अमित आनन्द, प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार, बिक्रान्त मुण्डा, थाना प्रभारी टेबो, अंकित कुमार, थाना प्रभारी कराईकेला थाना के अलावा टेबो थाना के जवान पंचू मिंज, कृष्णा उरांव, कार्तिक लोहरा शामिल रहे।

# अग्निवीर की बात

देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में अग्निवीर योजना को भी मुद्दा बनाया गया। हालांकि मोदी सरकार अग्निपथ योजना को सशस्त्र बलों की गेम-चेंजर और युवा शक्ति के जरिये सेना की ताकत बढ़ाने वाली बताती रही है, लेकिन इस योजना के दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर सवाल गाहे-बगाहे उठते रहे हैं। यद्यपि जून 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना फिलहाल गहन विभागीय जांच के अधीन है, लेकिन विशेषकर, विपक्ष को यह मुद्दा आम चुनाव के दौरान रास आ रहा है। जिन इलाकों से ज्यादा युवा सेना में जाते रहे हैं उन इलाकों में कांग्रेस ने सरकार पर तीखे हमले इस योजना को लेकर किये हैं। कांग्रेस ने अपने आम चुनाव 2024 के घोषणापत्र में वायदा किया है कि वह सत्ता में आई तो इस योजना को खत्म कर देगी। साथ ही सेना, नौसेना व वायुसेना द्वारा अपनाई जाने वाली पुरानी भर्ती प्रक्रिया को पुनः लागू करेगी। हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह कहा था कि सरकार आवश्यकता पड़ने पर योजना में कोई भी बदलाव लाने को लिये तैयार है। इस बयान के कुछ सप्ताह बाद एक प्रमुख समाचार पत्र ने खबर दी है कि सेना भर्ती प्रक्रिया में अग्निवीर योजना के प्रभाव का आकलन करने के लिये एक आंतरिक सर्वेक्षण कर रही है। यह भी कि अग्निवीरों, यूनिट कमांडरों और रेजिमेंटल केंद्रों के कर्मचारियों की राय मांगी जा रही है। फिर सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर सेना संभावित बदलावों के लिये अगली सरकार को सिफारिशें कर सकती है। हालांकि केंद्र सरकार आश्वासन देती रही है कि अग्निवीरों के रूप में शामिल किये गए युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्हें सरकारी व निजी क्षेत्रों में समायोजित करने में वरीयता देने तथा स्वरोजगार के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा।

# खस्ताहाल पाक

महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान की दिक्कतें और बढ़ने वाली है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जिस अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के सामने झोली फैलाई थी, उसने एक पैसा भी देने से इनकार कर दिया आईएफएफ ने बेलआउट पैकेज के लिए पाकिस्तान के समक्ष कुछ शर्तें रखी हैं, जिसको पूरा नहीं किया गया। आर्थिक सुधारों की छानबीन करने के बाद आईएमएफ टीम वापस वॉशिंगटन लौट गई। टीम ने लौटने से पहले पाकिस्तान में अमेरिका के राजदूत डोनाल्ड ब्लोम से मुलाकात की। आइएफएफ की टीम 10 मई को पाकिस्तान पहुंची थी। नए बेलआउट पैकेज को लेकर दोनों पक्षों के बीच स्टाफ लेवल के करार पर हस्ताक्षर होना था, लेकिन खस्ता आर्थिक स्थिति और शर्तों को पूरा न करने के चलते ऐसा नहीं हो सका। आटा-चावल से लेकर रसोई गैस तक आमलोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के साथ ही देश के अन्य हिस्सों में महंगाई के विरोध में और सरकार के निकम्?मेपन को लेकर लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आईएमएफ के सामने गिड़गिड़ाते रह गए कि उनकी सरकार संगठन की ओर से निर्धारित शर्तों को पूरा कर लेगी, लेकिन टीम ने उनकी एक न सुनी। पाकिस्तान बर्बादी की कगार पर पहुंच चुका है। अब सुधार के अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय नहीं है। लेकिन सत्ता और सेना का गठबंधन इस प्रकार का है कि यह समस्या लगातार जटिल होती जा रही है। आर्थिक रुप से कमजोर पाकिस्तान की आवाम मंहगाई से कराह रही है। पाकिस्तान की व्यवस्था अब पूरी तरह से लोन पर आधारित हो गयी है। स्थिति इतनी खराब है कि अब लोन भी मिलना असंभव जान पड़ता है।

# सत्य का दर्शन

**विचार-प्रवाह**

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रह: दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

**कार्टून वर्ल्ड**




**लेटर टू एडिटर**

## सुरक्षा को प्राथमिकता

**कोरोना** महामारी की लहर खतरनाक होती जा रही है। लोगों की लापरवाही खतरे की घंटी से कम नहीं है। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, हाथों को साबुन से धोना, नियम पालना हेतु मीडिया का सहारा लेना पड़ेगा। लोगों को अविलंब वैक्सीन लगवानी होगी। अर्थव्यवस्था की चिंता छोड़ जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी नाजुक दौर का मुकाबला करने में सक्षम हो सकें। **–अनिल रांची**

## सख्ती से पालना

**कोरोना** वायरस की रोकथाम के लिए टीकाकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। वायरस के दहशत के साये में जी लेने और टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद लोगों के मन से कोरोना का डर निकल गया। लोग कोरोना से बचाव के सारे नियम व सावधानियां भूल गये। अन्यथा इसका खमियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ेगा। निश्चित तौर पर यह एक बड़ी समस्या है।

**–पूनम कश्यप, हजारीबाग**


# देवर्षि नारद को आदि गुरु मानने से बढ़ेगा गौरव

**प्राचीनकाल** से ही ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की द्वितीय तिथि को देवर्षि नारद मुनि की जयंती मनाने की परंपरा चली आ रही है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार देवर्षि नारद मुनि को सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का मानस पुत्र माना जाता है। कहा जाता है कि उनका जन्म ब्रह्मा जी की गोद से हुआ था। इसलिए वे उनके मानस पुत्र माने जाते हैं। वे समस्त देवी- देवताओं के ऋषि हैं इसीलिए उन्हें देवर्षि एवं ब्रह्मर्षि कहा जाता है। ब्रह्मर्षि का पद प्राप्त करने के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। उन्हें ब्रह्मनंदन एवं वीणाधर के नाम से भी पुकारा जाता है। 'नारद' शब्द में 'नार' का अर्थ है जल एवं अज्ञान तथा 'द' का अर्थ है प्रदान करना एवं नाश करना। वे समस्त प्राणियों को ज्ञान का दान करके अज्ञानता का नाश करते हैं। वे प्राणियों को तर्पण करने में भी सहायता करते थे, इसीलिए उन्हें नारद कहा जाने लगा।



**भगवान विष्णु के अनन्य भक्त**

देवर्षि नारद मुनि सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के अनन्य भक्त माने जाते हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण करते हुए अपनी वीणा की सुमधुर तान पर भगवान विष्णु की महिमा का गान करते हैं। प्रत्यके समय उनकी जिव्हा पर भगवान विष्णु का नाम रहता है- नारायण-नारायण। वे सदैव भक्ति में लीन रहते हैं। किन्तु कुछ कार्यों का उल्लेख करना संभव है, जैसे उन्होंने लक्ष्मी का विवाह अपने इष्टदेव भगवान विष्णु के साथ करवाया था। उन्होंने स्वर्ग के राजा इन्द्रदेव को मनाकर अप्सरा उर्वशी का पुरुरवा के साथ विवाह करवाया था। उन्होंने ऋषि बाल्मीकि को महान ग्रंथ रामायण लिखने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने व्यास जी को भागवत की रचना करने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने विष्णु भक्त प्रह्लाद एवं भक्त ध्रुव का मार्गदर्शन किया था। उन्होंने बृहस्पति एवं शुकदेव आदि को उपदेश देकर उनका मार्गदर्शन किया था। उनके ऐसे असंख्य महान कार्य हैं।


- डॉ सौरभ

> नारद भक्ति सूत्र नामक ग्रंथ देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित है। इसमें भक्ति के 84 सूत्रों का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति की व्याख्या से लेकर इसकी महत्ता, नियम एवं फल आदि का भी उल्लेख मिलता है। इसमें बताया गया है कि प्रेम भक्ति का प्रथम सोपान है तथा अपने इष्ट के लिए व्याकुल होना भक्तिभाव का चिह्न है। आदर्श भक्ति को समझने के लिए श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के मनोभाव को समझना होगा।

**देवर्षि नारद मुनि के ग्रंथ**

देवर्षि नारद मुनि बहुत ज्ञानी थे। वे अनेक कलाओं में पारंगत थे। उन्होंने वाद्य यंत्र वीणा का आविष्कार किया था। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वे ब्रह्मांड के प्रायः सभी विषयों के ज्ञाता थे। लगभग सभी आदि ग्रंथों में उनका उल्लेख मिलता है। वे व्यास, बाल्मीकि एवं शुकदेव आदि के गुरु हैं। उन्हें तीनों लोकों में मान-सम्मान प्राप्त है। वे देवी-देवताओं के मन की बात भी समझ जाते थे। उन्होंने भक्तिभाव का प्रचार-प्रसार किया। उनका कहना था कि व्यक्ति को सर्वदा सर्वभाव से निश्चित होकर केवल अपने प्रभु का ही स्मरण करना चाहिए। यही भक्ति है एवं यही साधना है। लोक कल्याण के लिए उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। इनमें नारद पांचरात्र, नारद के भक्तिसूत्र, नारद पुराण, बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति, नारद-परिव्राज कोपनिषद तथा नारदीय-शिक्षा आदि सम्मिलित हैं।

नारद पांचरात्र वैष्णव संप्रदाय का ग्रंथ माना जाता है। इसमें 'रात्र' का अर्थ है ज्ञान। कहा जाता है कि इस ग्रंथ में ब्रह्मा, वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध का ज्ञान है इसलिए इसे पांचरात्र कहा जाता है। यह ग्रंथ श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त था। देवर्षि नारद मुनि ने इसका प्रचार-प्रसार किया। इसमें प्रेम, भक्ति, मुक्ति एवं योग आदि का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति के संबंध में श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम का उल्लेख किया गया है।

नारद भक्ति सूत्र नामक ग्रंथ देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित है। इसमें भक्ति के 84 सूत्रों का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति की व्याख्या से लेकर इसकी महत्ता, नियम एवं फल आदि का भी उल्लेख मिलता है। इसमें बताया गया है कि प्रेम भक्ति का प्रथम सोपान है तथा अपने इष्ट के लिए व्याकुल होना भक्तिभाव का चिह्न है। आदर्श भक्ति को समझने के लिए श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के मनोभाव को समझना होगा।

नारद पुराण भी वैष्णव का ग्रंथ है। अट्ठारह पुराणों में यह छठे स्थान पर आता है। इसी से इसकी महत्ता का ज्ञान होता है। कहा जाता है कि इस पुराण का श्रवण करने से मुक्ति प्राप्त होती है अर्थात पापी व्यक्ति भी इसका श्रवण करके पाप मुक्त हो जाता है। इसमें पापों का उल्लेख किया गया है। इसके प्रारंभ में अनेक प्रश्न पूछे गए हैं। इसमें अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक कथाएं, धार्मिक अनुष्ठान, ज्योतिष, मंत्र, बारह मास की व्रत-तिथियों के साथ उनसे संबंधित कथाएं, शिक्षा एवं व्याकरण आदि का भी उल्लेख मिलता है।

बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति नारद स्मृति भी देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें न्याय, उत्तराधिकार, संपत्ति का क्रय एवं विक्रय, उत्तराधिकार, पारिश्रमिक, ऋण एवं अपराध आदि विषयों उल्लेख है। एक प्रकार से यह न्याय अथवा संविधान का ग्रंथ है। इसमें नारद गीता, नारद नीति एवं 'नारद संगीत आदि ग्रंथ होने का भी उल्लेख किया गया है। नारद-परिव्राजक कोपनिषद अथर्ववेद से संबंधित ग्रंथ है। देवर्षि नारद मुनि इसके उपदेशक हैं। इसमें परिव्राजक संन्यासी के सिद्धांत, आचरण, संन्यासी-धर्म, संन्यासी-भेद आदि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। परिव्राजक संन्यासी उसे कहा जाता है जो परिव्रज्या व्रत ग्रहण कर भिक्षाटन करके अपने जीवन का निर्वाह करता है। इसमें ब्रह्म के स्वरूप का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। इसमें परम पद प्राप्ति की प्रक्रिया का भी स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया गया है। अहं ब्रह्मास्मिअर्थात 'मैं ही ब्रह्म हूं' मंत्र का उल्लेख किया गया है। साधक के लिए यह मोक्ष प्राप्ति की स्थिति है।

**लोक कल्याणकारी संदेशवाहक**

देवर्षि नारद मुनि एक लोक कल्याणकारी संदेशवाहक एवं लोक-संचारक थे। इसीलिए उन्हें आदि संबाददाता अथवा पत्रकार कहना अनुचित नहीं है। सर्वविदित है कि वही तीनों लोकों में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। वे केवल देवी-देवताओं को ही नहीं, अपितु दानवों को भी आवश्यक सूचनाएं देते थे। उस समय मौखिक रूप से ही सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। इसलिए दानव भी उनका आदर-सत्कार करते थे तथा उनसे परामर्श लेने भी संकोच नहीं करते थे।

प्राचीन काल में आधुनिक काल की भांति सूचना के साधन नहीं थे। उस समय चौपालों पर लोग एकत्रित होते थे। इसी समयावधि में उनके मध्य संवाद होता था। इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। तीर्थ यात्रियों के द्वारा भी सूचनाओं का संचार होता था।

**खास बात**

## योग का सिद्धांत

**स्वामी मुक्तरथ**



**योग** के सिद्धांत ऐसा माना जाता है कि जब से सभ्यता शुरू हुई है तभी से योग किया जा रहा है। योग के विज्ञान की उत्पत्ति हजारों साल पहले हुई थी, पहले धर्मों या आस्था के जन्म लेने से काफी पहले हुई थी। योग विद्या में शिव को पहले योगी या आदि योगी तथा पहले गुरू या आदि गुरू के रूप में माना जाता है। कई हजार वर्ष पहले, हिमालय में कांति सरोवर झील के तटों पर आदि योगी ने अपने प्रबुद्ध ज्ञान को अपने प्रसिद्ध सप्तऋषि को प्रदान किया था। सत्पऋषियों ने योग के इस ताकतवर विज्ञान को एशिया, मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका एवं दक्षिण अमरीका सहित विश्व के भिन्न - भिन्न भागों में पहुंचाया। रोचक बात यह है कि आधुनिक विद्वानों ने पूरी दुनिया में प्राचीन संस्कृतियों के बीच पाए गए घनिष्ठ समानांतर को नोट किया है। तथापि, भारत में ही योग ने अपनी सबसे पूर्ण अभिव्यक्ति प्राप्त की। अगस्त नामक सप्तऋषि, जिन्होंने पूरे भारतीय उप महाद्वीप का दौरा किया, ने यौगिक तरीके से जीवन जीने के इर्द-गिर्द इस संस्कृति को गढ़ा।

योग करते हुए पित्रों के साथ सिंधु - सरस्वती घाटी सभ्यता के अनेक जीवाश्म अवशेष एवं मुहरें भारत में योग की मौजूदगी का संकेत देती हैं।योग करते हुए पित्रों के साथ सिंधु - सरस्वती घाटी सभ्यता के अनेक जीवाश्म अवशेष एवं मुहरें भारत में योग की मौजूदगी का सुझाव देती हैं। देवी मां की मूर्तियों की मुहरें, लैंगिक प्रतीक तंत्र योग का सुझाव देते हैं। लोक परंपराओं, सिंधु घाटी सभ्यता, वैदिक एवं उपनिषद की विरासत, बौद्ध एवं जैन परंपराओं, दर्शनों, महाभारत एवं रामायण नामक महाकाव्यों, शैवों, वैष्णवों की आस्तिक परंपराओं एवं तांत्रिक परंपराओं में योग की मौजूदगी है। इसके अलावा, एक आदि या शुद्ध योग था जो दक्षिण एशिया की रहस्यवादी परंपराओं में अभिव्यक्त हुआ है। यह समय ऐसा था जब योग गुरू के सीधे मार्गदर्शन में किया जाता था इसके आध्यात्मिक मूल्य को विशेष महत्व दिया जाता था। यह उपासना का अंग था तथा योग साधना उनके संस्कारों में रचा-बसा था।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

ये इंडी गठबंधन के लोग
घोर सांप्रदायिक हैं।
घोर जातिवादी हैं।
घोर परिवारवादी हैं।
ये सबसे पहले अपने परिवार का ही सोचते हैं, बाकी सबको पीछे रखते हैं।

**– नरेन्द्र मोदी**

## आपके ट्वीट

**झारखंड** में पिछली डबल इंजन की सरकार ने हजारों स्कूलों को बंद किया, 11 लाख राशन कार्ड डिलीट किए गए, सीएनटी एसपीटी एक्ट में संशोधन का दुस्साहस किया गया एवं हजारों आदिवासियों पर झूठे मुकदमे किए गए।

**– चंपई सोरेन, सीएम**





**किसी** भ्रम में मत रहिए - जल-जंगल-जमीन की सरकार का मतलब ही है - जल, जंगल, जमीन, खदान, संसाधन लूटने - हड़पने वाली सरकार। जनता भी इनके स्लोगन का असली मतलब समझ गई है।

**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# इतिहासकार हबीब बोले औरंगजेब ने तोड़ा काशी-मथुरा का मंदिर

**सामयिक**

**इतिहासकार** इरफान हबीब ने कहा कि काशी और मथुरा के मंदिर को राजा वीर सिंह बुंदेला ने जहांगीर के शासनकाल में बनावाया था। ज्ञानवापी विवाद के बीच इतिहासकार इरफान हबीब ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उस जमाने में छिप कर काम नहीं होता था बल्कि जो होता था खुलेआम होता था। उन्होंने कहा कि औरंगजेब द्वारा ही काशी और मथुरा में मंदिर तुड़वाकर मस्जिद का निर्माण किया गया था। ज्ञानवापी में सर्वे के दौरान शिवलिंग मिलने का दावा किया गया है और मुस्लिम पक्ष ने हिन्दू पक्ष के दावे को नकारते हुए हुए कहा की जिसे वो शिवलिंग बता रहे, वो एक फव्वारा है।

इतिहासकार इरफान हबीब ने दावा करते हुए कहा है, ह्ववाराणसी और मथुरा का मंदिर औरंगजेब ने तोड़ा था। इन मंदिरों को राजा वीर सिंह बुंदेला ने जहांगीर के शासनकाल में बनवाया था। मथुरा और काशी दो प्रमुख मंदिर थे जिसे औरंगजेब ने तुड़वाया था। ऐसी कोई बात नहीं है जो नई हो। बल्कि सभी बातें इतिहास में दर्ज हैं। अब बात ये है कि आप कितना पीछे जाना चाहते हैं?

इरफान हबीब ने आगे कहा, जो चीज 1670 में बन गई थी, क्या अब इसे तोड़ा जा सकता है? अगर ऐसा होता है तो ये स्मारक एक्ट के खिलाफ होगा। जो गलत काम औरंगजेब ने किया, क्या अब वही गलत काम सरकार करेगी?

इरफान हबीब ने मस्जिद में मंदिर की निशानी भी बताई। उन्होंने कहा, ह्लजो मंदिर तोड़े गए तो उसके पत्थर मस्जिदों में लगाए गए। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग की बात कही जा रही है। लेकिन जो मुकदमा दायर किया गया था उसमें शिवलिंग का जिक्र नहीं था। वहीं अब शिवलिंग को मुद्दा बनाकर पेश किया जा रहा है। राणा कुंभा का चित्तौड़ में एक बड़ा मीनार है, उसके एक पत्थर पर अरबी में अल्लाह लिखा है तो उसे मस्जिद तो नहीं कह सकते?

साथ ही सर्वे के दौरान शिवलिंग मिलने का दावा किया गया जिसके बाद वाराणसी कोर्ट ने वजूखाने को सील करने का आदेश दे दिया था। मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट के इस कदम का विरोध किया है और कोर्ट से गुहार लगाई है कि वजूखाने से प्रतिबन्ध हटाया जाए। वहीं मुस्लिम पक्ष ने सर्वे का भी विरोध किया है।ज्ञानवापी मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अभी मंदिर और मस्जिद को लेकर अदालती विवाद चल रहा था। लेकिन अब इसमें नेताओं की भी एंट्री हो गई है। एक एडवोकेट ने बनारस के सीजेएम की अदालत में याचिका दायर की है। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव, एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी व उनके छोटे भाई अकबरुद्दीन समेत सात लोगों केस खिलाफ नामजद मुकदमा दायर करने की गुहार कोर्ट से लगाई गई है। एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने अपनी याचिका में अखिलेश व ओवैसी के अलावा मुफ्ती ए बनारस अब्दुल बातिन नोमानी, ज्ञानवापी मस्जिद के अंजुमन इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाकी, संयुक्त सचिव सैय्यद मोहम्मद यासीन को भी आरोपी बनाया है। उनका कहना है कि अखिलेश, ओवैसी समेत इन सात लोगों ने ज्ञानवापी विवाद पर बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। जबकि अज्ञात लोगों पर कोर्ट कमीशन कार्यवाही के दौरान विरोध, बाधा पहुंचाने और वुजूखाने में गंदगी फैलाने का आरोप है। अदालत इस अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई करेगी। पांडेय का कहना है कि छह मई को सर्वे टीम ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर कमीशन की कार्यवाही करने गई थी। वहां जुमे की नमाज के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम पक्ष के लोग मौजूद थे।

# हिमालय के चार धाम और उनकी यात्रा के लिये आपकी तैयारी

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

**सामयिक**

**उत्तराखंड** में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया?

आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है।

शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है।

निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ? चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। पिछले साल के मुकाबले तुलना करें तो इस यात्रा के पहले दो दिन में ही चालीस फीसदी से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आए। अनेक यात्री अभी भी बिना पंजीकरण के वहां पहुंच रहे हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। असल में इस पर खास ध्यान ही नहीं दिया गया कि चारधाम यात्रा के लिए जाने के इच्छुक श्रद्धालु जिस तरह से पंजीकरण करा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए, पर ऐसा नहीं किया गया। ऐसा लगता है कि इस बार पिछले सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है। लेकिन यह भी सच है कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़कों, गांव-कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं।

# पीएम आवास के 288 फ्लैटों में पानी के लिए मचा हाहाकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक, कोलघट्टी हजारीबाग के सदस्यों ने अध्यक्ष अजय साव की अध्यक्षता में रविवार को बैठक की, जिसमें पानी को लेकर मचे हाहाकर को लेकर चर्चा की गयी। अध्यक्ष ने बताया कि पानी को लेकर 288 फ्लैट के सदस्यो के बीच आपस में ही झगड़ा होते रहता है। वर्तमान समय में नगर निगम में यह फ्लैट होने के बावजूद कोई मुलभूत सुविधा नहीं मिल पा रहा है। पानी के समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है, जिसमे महिलाएं , बुजुर्ग , बच्चे , पुरुष सभी पानी की समस्या से काफी चिंतित है। यह एक विकराल समस्या है। आसपास या दूर दराज से लोग पानी बाल्टी में भरकर लाते हैं और अपना गुजर - बसर कर रहे हैं। ये कितना दिन चलेगा। सभी लोगों ने कहा कि अगर पानी का व्यवस्था नहीं होगा, तो हमलोग सभी एक साथ पूरा फ्लैट छोड़ देंगे नगर निगम हम लोगों को पैसा वापस कर दे।

**▶▶ निगम से समस्या का नहीं हो रहा तो फ्लैट वापस ले और पैसे लौटाए : अजय साव**

अध्यक्ष अजय साव ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर हमलोग टीम बनाकर सभी के पास अपना आवेदन पत्र लेकर ज्ञापन सौंप चुके हैं। जिसमें हजारीबाग उपायुक्त , उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, वार्ड पार्षद, पीडब्ल्यूडी व अन्य कई जगहों पर अपना फरियाद रखे चुके हैं , परंतु अब-तक इस गम्भीर मामले को कोई देखने - सुनने वाला नहीं है। रविवार को बैठक कर सभी उपस्थित लोगों ने कहा कि पानी का समस्या जल्द दूर नहीं हुआ तो बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे और नगर निगम के पास धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पदाधिकारियों ने इस निर्णय का सहमति दे दिया है। बैठक में सोसायटी के अध्यक्ष, सचिव , महासचिव , कोषाध्यक्ष , के अलावा सभी फ्लैट के लोग मौजूद थे।



# सेवा सहयोग समिति ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों का बढ़ता है हौसला : हर्ष अजमेरा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** डिस्टिक मोड1 चौक स्थित सेवा सहयोग समिति के कार्यालय सभागार में प्रतिभावान सम्मान समारोह हुआ। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के माध्यमिक परीक्षा में सफल हुए सदर प्रखंड के शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने किया, सेवा सहयोग समिति के द्वारा यह तीसरी बार सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस पूर्व कटकमसांडी एवं कटकमदाग में आयोजित कर उत्कृष्ट छात्र&छात्रों को सम्मानित किया जा चुका है। सर्वप्रथम सबसे पहले मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 11 से अधिक स्कूल से करीब 60 बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में शहर के राज वर्मा एम.बी.ए, सूरज कुमार दीक्षित सीए, सीएस, नीरज जैन बीटेक सीएस मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी ने बच्चों को शिक्षा के प्रति विभिन्न प्रकार का टिप्स दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी चीज के प्रति सम्मान मिलना यह हम सभी के लिए काफी महत्वाकांक्षी रखता है और शिक्षा के प्रति सम्मान मिलना यह हमारे जीवन का अमूल्य क्षण होता है। 31 मई को आनंद विद्यालय में एक परीक्षा आयोजित कर सभी बच्चों में से तीन उत्कृष्ट बच्चों को चयनित कर स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा।

यदुनाथ गर्ल्स स्कूल, सिंदूर हाई स्कूल, बिहारी बालिका विद्यालय, जिला स्कूल, आनंद स्कूल, हिंदू हाई स्कूल, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, मिशन स्कूल, आरक्षी स्कूल, अमृत नगर स्कूल शामिल रहे। हर्ष अजमेरा ने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का अवसर हम सबों को काफी गोरवान्वित करता है। आगे मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को और कड़ी मेहनत करने की एक आईना साबित होता है। ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है। कहा कि आगामी 31 मई को आनंद विद्यालय में सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी उत्कृष्ट बच्चों बच्चों का सामूहिक परीक्षा आयोजित किया जाएगा जिसमें तीन उत्कृष्ट बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। मौके पर इस मौके पर संस्था के सचिव अनीश सिंह,कृष्ण सिंह भोक्ता, रवि सिंह, सहित कई स्कूलों शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद थे।



## ठेला और बाइक में टक्कर, एक की मौत

इचाक। इचाक थाना क्षेत्र के मोकतमा फुरुक्का पथ पर ठेला और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई और बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि ठेला चालक अश्विनी कुमार सिंह 55 के हाथ पैर टूट गया, जबकि बाइक सवार युवक विकास कुमार के सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद आस पास के लोग जमा हुए, जिसके बाद दोनो घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले गए। जहां विकास की गंभीर स्थिति को देखते हुए, डाक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया। रांची जाने क्रम में विकाश की मौत रास्ते में हो गई। वहीं अश्विनी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर मृत युवक विकाश के पिता गंदोरी ने इचाक थाना में आवेदन दिया है। जिसमे लिखा है कि मेरा पुत्र विकास करियातपुर से देवरिया लौट रहा था। इसी क्रम में ठेला से सीधी टक्कर हो गई। घटना में विकास के सिर में गंभीर चोट लगने से रक्त का स्त्राव अधिक होने और तत्काल इलाज नहीं होने से उसकी मौत हो गई। आवेदन में विकास की मौत भीड़ में हुई पिटाई से होने का संदेह जताया है।

थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मृतक विकास के पिता ने आवेदन दिया। जिसमे विकास के मौत भीड़ में हुई पिटाई के कारण होने का संदेह जताया है।

## भुरकुंडा के सभी बेरोजगार युवा को रोड सेल से जुड़ेंगे

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं की रविवार को हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संतोष पासवान और संचालन संतोष उरांव ने किया। बैठक में भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति शहरी क्षेत्र का समर्थन करने की घोषणा की गई। इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने एक स्वर में कहा कि रोड सेल में आधा शहर, आधा देहात जो पिछले 40 वर्षों से चलता रहा है आगे भी चलता रहेगा। कहा गया कि यह कोयलांचल के लिए सम्मान और स्वाभिमान की बात है। रोड सेल समिति शहरी क्षेत्र के प्रतिनिधिगणों ने भी एक स्वर में कहा कि कोयलांचल के सभी बेरोजगार युवाओं को रोड सेल से जोड़कर रोजगार के अवसर का पूरा लाभ दिया जायेगा। कहा गया कि कोयलांचल के कुछ भटके हुए युवक जो क्षेत्र में भ्रमाक प्रचार कर शहरी क्षेत्र को डिस्टर्ब करने की मंशा रखते हैं, रोड सेल शहरी समिति उनको भी साथ जोड़ना चाहती है और अवसर का लाभ देना चाहती है।

# दिगंबर जैन मंदिर का मना वार्षिक महोत्सव

**रामगढ़।** रविवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर का द्वितीय वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम श्रीजी का जलभिषेक शांतिधारा एवं पूजा किया गया। स्वर्ण कलश से श्री जी पर जलाभिषेक करने का सौभाग्य मंगीलाल अशोक चूड़ीवाल, रतन जैन,दीपक जैन, जीवन मल पाटनी,जंबू पाटनी, विमल छाबड़ा,राहुल छाबड़ा, विदुत छाबड़ा, हीरालाल पाटनी,राजेंद्र पाटनी को मिला।

शांतिधारा करने का सौभाग्य मंगीलाल अशोक चूड़ीवाल, रतन जैन,दीपक जैन,पंकज जैन,ललीत गंगवाल ,राहुल गंगवाल ,रोहित गंगवाल को मिला । पांडुशिला पर स्वर्ण कलश से जलाभिषेक करने का सौभाग्य अमराव देवी पाटनी,मानिक चंद पाटनी, योगेश सेठी,निशा सेठी, संजय सेठी को मिला। पांडुशिला पर शांतिधारा करने कोह्ल सौभाग्य अमराव देवी पाटनी,मानिक चंद पाटनी, डूंगरमल गंगवाल, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल,ललीत चूड़िवाल, विमल छाबड़ा,राहुल छाबड़ा, विदूत छाबड़ा, रतन जैन ,दीपक जैन,पंकज जैन को मिला। मंदिर के बाहर राहगीरो के बीच मीठी बूंदी का वितरण किया गया। वहीं, मन्दिर जी मे सुबह 10:00 बजे से पंच परमेष्ठि विधान का आयोजन किया गया। पांच मंगल कलश एवम अष्ट प्रतिहार का महिलाओं द्वारा स्थापना मांडला जी मे किया गया। शाम मे श्री मंदिर जी मे जैन महिला जागृति के द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया मौके पर समाज के उपाध्यक्ष अरविन्द सेठी,समाज सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जम्मू पाटनी, नरेंद्र छाबड़ा, देवेंद्र गंगवाल,अशोक सेठी, रमेश सेठी, देवेंद्र गंगवाल,ललित चुड़ीवाल,अंकित जैन, बिनोद पहाड़िया, राजेंद्र पाटनी,,उषा अजमेरा समेत कई लोग उपस्थित थे।



# मार्शल आर्ट आत्मरक्षा का बेहतर माध्यम : अजय पासवान

**▶▶ भुरकुंडा में पांच दिवसीय डोजो कराटे प्रतियोगिता संपन्न सफल कराटेकार सम्मानित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में 22 मई से चल रहे पांच दिवसीय डोजो कराटे प्रतियोगिता सह कराटे प्रशिक्षण शिविर का रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन प्रांगण में समापन हुआ। अंतिम दिन सेल्फ डिफेंस मार्शल आर्ट के तहत जूडो और आत्मरक्षा का भव्य प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में सितोरियू कराटे के सचिव सह मुख्य राकेश एक्का के देख-रेख में संचालनकर्ता सेंसाई कंचन दास तृतीय डान द्वारा लेसमैन की भूमिका में सृष्टि कुजूर तथा आस्था सिंह को बेस्ट महिला कराटेकार के रूप में मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं नेशनल विजेता मिहिर कुमार पासवान को कराटे में बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर फिटनेश के लिए बच्चों को कराटे का भी गुर सिखना चाहिए। मुखिया श्री पासवान ने कहा कि खास करके लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शट आर्ट का टेर्जनिंग जरूर लेना चाहिए। सचिव राकेश कुमार एक्का ने बताया कि कुरसे निवासी पंकज सिंह की 15 वर्षीय पुत्री सह ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी सीबीएसई 10वीं की छात्रा आस्था सिंह ने अपने कलाई के ऊपर से तीन सवारी बैठाकर पार करने पर उपस्थित लोगों ने उसकी खुब तारीफ की। उन्होंने बताया कि आस्था पढ़ाई के साथ-साथ कराटे में भी अव्वल है। सफल कराटेकारों में विकास कुमार, शिवांश, मुस्कान, मयंक, हर्ष राज, स्मृति, मिहिर, रेयांश, राज, खुशी, आलिया, अजीज, यामिनी, चित्रलेखा, सिमरन, अनीश, भूमि, सृष्टि भारती आदि शामिल हैं। इन सभी को मुख्य अतिथि अजय पासवान ने मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर रंजीत कुमार, राजेश मुंडा, रीना कुजूर, अर्चना देवी, संतोष कुमार, पूर्व पंसस रेणुका देवी, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, बालदेव राम, कालेश्वर राम, सनी सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था एवं भदानीनगर क्षेत्र के लपंगा स्थित वैंकटेश आयरन फैक्ट्री के सौजन्य से रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले दर्जनों गरीबों को भोजन कराया गया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुड़ी-सब्जी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है। सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक व ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए।श्री सिंह ने मंच की ओर से इस नेक कार्य में सहयोग करने के लिए वैंकटेश आयरन फैक्ट्री के कमाल केडिया और अंकित केडिया के प्रति आभार जताया है। भोजन वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, शुकरा करमाली, लखन राम, लालू उरांव, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### बाल विवाह को लेकर बैठक




कुजू। दर्पण ने बाल विवाह के रोकथाम को लेकर रविवार को अंबाटांड करमा में की बैठक। इसकी अध्यक्षता संस्था सचिव सह गर्ल्स नोट ब्राइडस की जिला संयोजिका रजनी किरण ने किया। रजनी ने कहा कि वर्तमान समय में बाल विवाह आम हो गया है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। बाल विवाह से किशोरी युवतियों को शिक्षा से वंचित, नेतृत्व क्षमता वृद्धि पर रोक, आत्मनिर्भर की दिशा में बाधा, कम उम्र में बच्चों की जिम्मेवारी, उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्या को झेलना, यौन एवं प्रजनन, स्वास्थ्य और अधिकार से वंचित होने जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसका नतीजा लड़की के माता-पिता को भी अपने जीवन में भुगतना पड़ता है। इसलिए लड़कियां आत्मनिर्भर बनेंगी, अपना जिम्मेवारी संभालेंगी तो युवा, पुरुष पर दबाव नहीं बनेगा। मौके पर करमा दक्षिणी पंचायत के मुखिया खागेश्वर महतो, संस्था के चंद्र कुमार, उपासना वर्मा, मो नसीम, अजय डिसिलवा, मोहिनी देवी, देवंती कुमारी, मंजू कुमारी, रीना देवी, ओमप्रकाश कुमार नायक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### निशि पांडेय से मिले यूनियन के नेता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल के यूनियन नेताओं ने शनिवार की शाम जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से रू-ब-रू कराया। इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत मजदूरों की समस्या, सीसीएल के अस्पतालों में दवाई की कमी आदि समस्याओं से निशि पांडेय को अवगत कराते हुए भुरकुंडा अस्पताल कालोनी से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय ने यूनियन नेताओं से कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की कोई भी समस्या है, तो इसे हर हाल में दूर कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह हमेशा मजदूरों के हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने को तैयार है। मजदूर के हित को ले प्रबंधन से भी वार्ता की जाएगी। जरूरत पड़ी तो आंदोलन का भी रुख अख्तियार किया जाएगा। मुलाकात करने वालों में बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष चमन मुंडा, क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य रवि गिरी, उरीमारी परियोजना सचिव शिवचरण करमाली, सुरेश राय, मनोज आदि शामिल थे।

### ग्रामीणों ने की गोलीकांड की निंदा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।**सौंदा बस्ती में रविवार को सौंदा बस्ती एवं सरैया टोला के ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बैजनाथ प्रसाद एवं संचालन विशेश्वर प्रसाद ने किया। बैठक में पिछले 17 मई 2024 को सेल संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार के घर पर हुई गोलीकांड एवं 20 मई 2024 को हुई सयाल डी में लोडर में आगजनी कांड की निंदा की गई। साथ ही कहा गया की नीतीश कुमार के घर पर आसामाजिक तत्वो द्वारा किए गए गोली कांड में सेल संचालन समिति के अध्यक्ष दयानंद प्रसाद को जबरन पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार के द्वारा फंसाने का प्रयास किया जा रहा है जो काफी निंदनीय है। ग्रामीणों ने कहा की पुलिस-प्रशासन पर हमसबों को पूरा भरोसा है। हमसबों को पूरा विश्वास है कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर जल्द ही मामले का उद्भेन कर दोषियों को न्यायालय के समक्ष पेश करेगी।

## एक नजर में

### कटकमसांडी प्रखंड में 185 आंगनवाड़ी केंद्रों को पांच माह से नहीं मिला पोषाहार का पैसा

**कटकमसांडी।** महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड सरकार से संचालित आईसीडीएस योजना के अंतर्गत कटकमसांडी व कटकमदाग प्रखंड में 185 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है। इन आगनवाड़ी केन्द्रों में तीन से छह वर्ष के नौनिहालों को स्कूली पूर्व की शिक्षा दी जाती है। आगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत बच्चों को सरकार के द्वारा केंद्र पर नास्ते व गर्म पका भोजन प्रतिदिन दिया जाता है ।विभाग इसके लिए आंगनवाड़ी केंद्र के सेविकाओ को निर्धारित पोषाहार की राशि देती है। इसी राशि से सेविका पोषाहार खरीद कर केंद्र में बच्चों को प्रतिदिन पका भोजन उपलब्ध कराती है। जनवरी 2024 से वर्तमान माह मई (पांच माह) से सेविकाओं को विभाग ने पोषाहार की राशि नही दिया है। राशि का समय पर भुगतान नही होने से आंगनवाड़ी केंद्र की सेविकाओ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालिया स्थिति यह है कि स्थानीय विभागीय अधिकारियों के दबाव के कारण सेविकाओं को राशि नही मिलने के बावजूद पोषाहार चलाना पड़ रहा है। दुकानदार राशन का सामान तो उधार देने से कतराने लगे हैं। ऐसे में सेविकाओ को महाजनों या फिर अपने परिवार अथवा महिला ग्रुप से सूद पर लोन लेकर राशन का सामग्री खरीदना पड़ रहा है और केंद्र पर पोषाहार चलाना पड़ रहा है। दूसरी ओर सेविकाओ को पूरा मानदेय भी समय पर नही मिलने की वजह से अपना घर परिवार को चलाने में भी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान सीओ को बीडीओ व सीडीपीओ को पदभार सौंपे जाने से सही समय पर काम नही हो पा रसा है। कार्यालय के प्रधान सहायक रमेश कुमार से पूछे जाने पर बताया कि गत 2023 दिसम्बर तक ही पोषाहार की राशि दी गई थी। जनवरी 2024 से अभी तक (मई) पोषाहार की राशि का एलॉटमेंट नही होने के कारण भुगतान नही हो सका है। सरकार से एलॉटमेंट मिलते ही सभी सेविकाओ का बकाया पोषहर राशि का भुगतान किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

चरही। थाना क्षेत्र के घाटी में रविवार सुबह को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चरही के लालबंगला निवासी उमेश करमाली, पिता कंगलु करमाली की सड़क दुर्घटना में मौत ।यह व्यक्ति डेमोटांड के कुरकुरे फैक्ट्री से रात्रि पाली का ड्यूटी कर रविवार सुबह अपने बाइक से चरही वापस घर लौट रहा था। इसी बीच चरही घाटी के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई ।चरही पुलिस को जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया ।सरकारी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।

### मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की बैठक

**चरही ।**चरही मंडाटांड में रविवार को मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता पूर्व उप मुखिया सुनिता देवी तथा संचालन डॉ.रामसेवक प्रसाद महतो ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली व विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य आशा राय थे ।बैठक में सर्वसम्मति से मांडू को अनुमंडल बनाने,गिरिडीह इंटर सिटी ट्रेन का ठहराव चरही रेलवे स्टेशन पर हो तथा चरही,चुरचू और आंगो थाना को सदर में शामिल करने एवं चरही चौक पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने पर बल दिया गया ।इस बैठक में उमेश सिंह,भुवनेश्वर ठाकुर,अजीत सिंह,संजय कुमार साहू,द्वारिका ठाकुर,गुड्डू महतो, निर्मल ठाकुर, गौतम सिंह राजपूत, अर्जुन करमाली,मनोज महतों,सुरज प्रजापति,मुटून करमाली,गोरेलाल करमाली,छोटू करमाली,रमेश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक में पानी, बिजली व आवासों की जर्जर पर चर्चा




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित यूनियन कार्यालय में रविवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे ने की। यूनियन के क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता ने कहा क्षेत्र अंतर्गत सभी परियोजना में मजदूरों के लंबित पड़े पदोन्नति सहित कई समस्याएं हैं। इसमें पानी और बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं। सीसीएल क्वार्टरों की स्थिति भी काफी जर्जर है जिसके कारण मजदूरों में प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश का माहौल है। श्री गुप्ता ने कहा कि अब चुनाव बित चुका है। हम सभी साथियों को जदूरों की समस्या के समाधान के लिए संघर्ष को तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड सदस्य संजय यादव ने कहा कि सुरक्षा नियमों की लगातार अवहेलना की जा रही है, इसकी नियमित जांच कर लापरवाही को सख्ती से निपटा जाएगा। भुरकुंडा परियोजना के सचिव सह केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य पप्पू सिंह ने कहा कि पेमेंट स्लीप बहुत लेट से मिलता है। साथ ही सैलरी में भी हमेशा गड़बड़ी रहता है। बैठक में क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड सदस्य संजय यादव, भुरकुंडा परियोजना के सचिव सह केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य पप्पू सिंह, उरीमारी सचिव बिनोद साव, सयाल सचिव सुजित पटेल, बिरसा सचिव सुधीर सिंह, हरिशंकर पांडेय, सुरेन्द्र ठाकुर, मनोज कुमार, सुनील, बाबुनंदन, प्रदीप उरांव, संजय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बदमाश गिरफ्तार दो मोबाइल बरामद

हजारीबाग। शहर के बड़ा बाजार पुलिस ने नया बस स्टैंड के पास छिनतई करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी का दो मोबाइल बरामद किया है। बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजक ने बताया कि सदर बड़ा बाजार ओपी मे शनिवार को छिनतई के संबंध में एक शिकायत दर्ज की गई। छिनतई के शिकार हुए अनीश रविदास, ग्राम नवाडीह कला, थाना पदमा ओपी जिला हजारीबाग ने एक आवेदन दिया था कि दो बाइक सवार अपराधकर्मी उनका मोबाइल छीन कर भाग गए। पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अपराधकर्मी सुरज कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की को मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से छिना गया दो मोबाइल बरामद कर लिया।

# चतरा में नक्सलियों ने पिता-पुत्र की हत्या कर दी, पुलिस को खुली चुनौती

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा/कुंदा।** चतरा में लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सलियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। उग्रवादियों के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले पिता-पुत्र पंकज बिरहोर और उनके पिता की हत्या कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। घटना कुंदा थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित हिंदियाकला गांव की है। हथियारबंद नक्सलियों ने हिंदियाकला गांव पहुंचकर पहले पिता-पुत्र को अपने कब्जे में लिया, फिर दोनों की जमकर पिटाई की और इसके बाद गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। नक्सलियों की इस वारदात से इलाके में सनसनी मच गई है और वहां रहने वाले ग्रामीण दहशत में हैं। दोनों मृतक बिरहोर जाति के थे , पुलिस ने स्थानीय चौकीदार और ग्रामीणों की मदद से शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।



### साथी को पुलिस के हवाले किए जाने से नाराज थे नक्सली

बताते चलें कि जिले के पूर्व उपायुक्त अबु इमरान ने कुछ दिन पहले गांव में आकर 10 बिरहोर परिवारों को बिरसा आवास दिया था, जिसकी देखरेख मृतक पंकज और उसका भाई कर रहे थे। इसी दौरान टीएसपीसी के नक्सलियों के छह सदस्यों का दस्ता गांव में पहुंचा और हर एक आवास से दस हजार रुपए लेवी की मांग की। पंकज और उसके भाई ने ग्रामीणों के सहयोग से दस्ते में शामिल हथियारबंद उग्रवादी मंटू गंझू को पकड़कर हथियार के साथ पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों के अनुसार नक्सलियों को गांव में लाने में गांव के ही सुदेश्वर यादव नामक शख्स ने भूमिका निभाई थी, जिसे पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। मंटू गंझू को पुलिस के हवाले किए जाने से नक्सली नाराज थे और उन्होंने पंकज की हत्या कर दी।

### कैसे घटी घटना

शनिवार रात में लगभग 60-70 वदीर्धारी हथियारबंद टीएसपीसी नक्सली दस्ते ने पंकज के घर पर हमला किया। दरवाजा तोड़ने के बाद, उन्होंने घर में घुसकर पंकज और उसके पिता पर ईंट, पत्थर और टांगी से हमला किया। पंकज ने दो नक्सलियों से लड़ाई की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया और उसे गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। इसके बाद, नक्सलियों ने पंकज के भाई को खोजा और न मिलने पर उसके वृद्ध पिता को मार डाला। हालांकि नक्सलियों के आने से चंद मिनट पूर्व ही पंकज का बड़ा भाई घर से खाना खाकर बाहर निकाला था, जिससे उसकी जान बच गई।

## ग्रामीणों ने गांव में पुलिस पिकेट बनाने की मांग की

ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों की मांग पर गांव में पुलिस पिकेट बनाने की मांग की है। यह गांव कुंदा और प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित घोर नक्सल प्रभावित इलाके में है। नक्सली गतिविधि की सूचना पर जब तक पुलिस पार्टी की टीम मौके पर पहुंचती है, तब तक नक्सली घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं। इस कारण ग्रामीण दहशत में जीने को मजबूर हैं।



### नक्सलियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा: एसपी

हालांकि एसपी विकास पांडे ने इतना जरूर कहा है कि पिता-पुत्र की हत्या में शामिल नक्सलियों के धर-पकड़ को लेकर इलाके की घेराबंदी की जा रही है। एसपी ने कहा कि किसी भी हालत में नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### कालीचरण नहीं पहुंच सके हिंदियाकला, सुरक्षा कारणों से पुलिस ने रोका

इधर घटना की सूचना पाकर चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी कुंदा पहुंचे। लेकिन पीड़ित परिवार से मिलने से पूर्व एसपी ने उन्हें सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए हिंदियाकला गांव जाने से रोक दिया। इसके बाद कालीचरण सिंह वापस लौट गए।

# एलआइसी कार्यालय के स्थानांतरण के निर्णय पर आरके वसंत ने उठाया सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच के सचिव आरके वसंत ने भारतीय जीवन बीमा शाखा का स्थानांतरण असुरक्षित स्थान पर करने के निर्णय पर सवाल उठाया है। श्री वसंत ने शाखा का स्थानांतरण रेलवे फ्लाईओवर के नीचे लक्ष्मी टावर में किये जाने, जो भादोडीह के पीछे सुनसान जगह पर है का विरोध जताते हुए कहा है कि इस जगह का रास्ता रेलवे लाइन पर बंद हो जा रहा है। यही नहीं, लक्ष्मी टावर के बगल से गली मोहल्ले तक जा रही है, इस रास्ते पर जमा करने जा रहे बीमा धारकों व अभिकर्ताओं के रुपये की छिनतई एवं अप्रिय घटना की पूरी संभावना है। साथ ही इस टावर के निकट आपराधिक तत्वों का जमावड़ा भी रहता है। स्थानांतरण निर्णय के विरोध में जीवन बीमा निगम शाखा में 12 से 16 अप्रैल तक लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तल्ले संजय कुमार तवें की अध्यक्षता में धरना भी दिया जा चुका है। मगर इसके बाद भी स्थानांतरण के निर्णय पर रोक नहीं लगी है। श्री बसंत ने केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ ही जीवन बीमा निगम के सभी वरीय पदाकािरियों को सूचित करते हुए इस स्थानांतरण पर रोक लगाने एवं सुरक्षित तथा साधन संपन्न स्थान पर कार्यालय स्थानांतरित करने की मांग की है।



# बराकर नदी के विभिन्न घाटों से अवैध बालू का उठाव जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित बराकर नदी के विभिन्न घाटों से अवैध तरीके से बालू का उठाव जारी है। इस मामले में अंचल व पुलिस प्रशासन मौन है। जिसका फायदा अवैध कारोबार से जुड़े लोग बखूबी उठा रहे हैं। इसी तरह प्रखंड के तमाय, धरेयडीह घाट से फोरलेन, गौशाला रोड, पानी टंकी, जैन मोहल्ला, देवी मंडप रोड होते हुए प्रतिदिन अहले सुबह दर्जनों ट्रैक्टर बालू लेकर झुमरीतिलैया बाजार पहुंचते हैं और 2800 रुपये से 3500 रूपये की दर से बालू बेचा जाता है। बताते चलें कि बालू लूट के कारण सरकार को भले ही राजस्व की क्षति हो रही है, मगर तस्कर मालामाल हो रहे हैं।



## गिरिडीह के उसरी फॉल में डूबने से देवघर के दो छात्रों की मौत

**गिरिडीह।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर स्थित उसरी फॉल में नहाने के दौरान रविवार को देवघर के दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान पवन कुमार और दीपक कुमार के रूप में की गई है। घटना के बारे में बताया गया कि पवन और दीपक दोनों नहाने के लिए फॉल में उतरे थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए और बाहर नहीं आ सके। इसके बाद मौके पर मौजूद अन्य युवकों ने हंगामा किया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों को झरने से बाहर निकाला और सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ट्रक से 3.14 करोड़ का डोडा जब्त, पांच लाख नकदी बरामद, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रक सहित तीन करोड़ 14 लाख रुपये से अधिक का डोडा जब्त किया है। इसमें चालक और खलासी को गिरफ्तार किया गया जबकि मुख्य तस्कर फरार हो गया। ट्रक राजस्थान नंबर का है। तस्कर बदगांव की तरफ से चक्रधरपुर से चाईबासा जा रहा था। तस्करों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए डोडा के ऊपर खाली बोरा और तेल का टीना रखा हुआ था। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि करोड़ों का डोडा चाईबासा की तरफ जा रहा है। सूचना महत्वपूर्ण थी। इसलिए एसपी ने तत्काल पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने रविवार को रांची चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 ई पर टेबो घाटी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया और मामले का खुलासा हो गया। पुलिस चालक और खलासी को हिरासत में लेकर ट्रक को जब्त कर टेबो थाना ले गई, जहां जांच-पड़ताल में टाटा कंपनी के ट्रक के ऊपर से 67 बंडल में प्रत्येक बंडल में 48 पीस बोरा, 415 तेल का खाली डिब्बा मिला। इसके नीचे 135 प्लास्टिक के बोरे में 2096 किलो ग्राम अफीम डोडा मिला, जिसकी कीमत लगभग तीन करोड़ चौदह लाख रुपये है।

## अवैध माईका खदान में वन विभाग की छापेमारी

**गिरिडीह।** अवैध माईका खनन के खिलाफ वन विभाग की टीम ने शनिवार को गांवा वन प्रक्षेत्र में छापेमारी कर 45 पीस जिलेटिन, 01 डेटोनेटर समेत कई सामग्री बरामद की है। हालांकि, इस कार्य में संलिप्त सभी लोग भागने में सफल रहे। बताया गया कि जिले के गावां वन विभाग के रेंजर अनील कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से माईका का उत्खनन कर रहे हैं। इसके बाद एक स्पेशल टीम बनाकर धरवे जंगल में छापेमारी अभियान चलाया गया। जैसे ही वन विभाग की टीम जंगल के पहाड़ी पर पहुंची अवैध उत्खनन करने वाले भाग निकले। खनन स्थल से छापेमारी करने गये कर्मियों और पदाधिकारियों ने 45 पीस जिलेटिन, 01 डेटोनेटर, 04 क्विंटल माईका, 03 पीस हथौड़ी, सपटा पाईप, 120 फीट सबल के अलावा बिजली का तार व त्रिपाल आदि बरामद किया। सभी सामग्री को वन विभाग की टीम ने जब्त कर लिया है। छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल पवन चौधरी, वनरक्षी हिरालाल व अन्य शामिल थे।

# लावालौंग प्रखंड में रक्तदान शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के लावालौंग प्रखंड अध्यक्ष विवेक केसरी के नेतृत्व में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आरोग्यं ब्लड बैंक हजारीबाग को 100 यूनिट रक्तदान किया गया। झारखंड के कई जिलों में आरोग्यं ब्लड बैंक की शाखाएँ हैं, जो जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराती हैं। लावालौंग प्रखंड के ग्राम वाशी में रक्त की कमी को देखते हुए विवेक केसरी ने निर्णय लिया कि वे सभी देश हित में रक्तदान करेंगे, जिसके परिणामस्वरूप लावालौंग में 100 यूनिट रक्तदान किया गया। इस पुण्य कार्य के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और रक्त मित्रों को धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष विवेक केसरी, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, प्रखंड सचिव भोला साहू, पप्पू साहू, लावालौंग पंचायत के उप मुखिया मुकेश यादव, दिलीप कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, भुनेश्वर यादव, बिहारी भारती, निर्मल भारती, नीरज चंद्रवंशी, पंकज केसरी, राकेश केसरी, प्रकाश साहू, शिवपूजन भारती, जितेंद्र सिंह, पवन सिंह, मुरारी केसरी, निरंजन केसरी, चंदन साहू, प्रमोद प्रजापति, दीपक केसरी, विनय सिंह, त्रिवेणी रजक, राजेश राम, किशोरी ठाकुर, प्रवीण सिन्हा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



## कोयले की अवैध कारोबार जारी, अवैध कोयला लदे एक ट्रेक्टर जब्त

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में संचालित मगध कोल परियोजना में लगातार कोल माफियाओं द्वारा कोयले की हेराफेरी की जा रही है। रविवार को मगध के धमना टांड में एक ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से कोयला लोड कर ले जाया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर टंडवा थाना इंस्पेक्टर अनिल उरांव के निर्देश पर एसआई उपेंद्र सिंह ने कोयला लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और चालक धुर्वा उरांव को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले को लेकर टंडवा थाना में कांड संख्या 140/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## डालमिया कंपनी के बोरिंग कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के खैल्हा गांव के ग्रामीणों ने डालमिया कंपनी के बोरिंग कार्य का विरोध किया क्योंकि कंपनी के लोग बिचौलियों के माध्यम से गांव में आए थे और ग्रामीणों को उलझाकर रखना चाहते थे। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ग्रामीणों के हक और अधिकारों की बात करने के बजाय अपने कार्यों में तेजी लाने के लिए लोगों को गुमराह कर रही है। पंचायत के मुखिया नीलेश ज्ञासेन ने कंपनी को चेतावनी दी है कि जब तक कंपनी और ग्रामीणों के बीच मुआवजा, नौकरी और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सहमति नहीं बनती, तब तक कंपनी को कोई भी कार्य नहीं करने दिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान जगदीश महतो, जयनाथ महतो, सुनिता देवी, अशोक महतो, सुखदेव महतो, बाजो महतो, संजय रजक, विरेन्द्र राम, उदय वर्मा, पंसस नितेश राणा, रिंकू पांडे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिप्रा एक्सप्रेस के कोच अटेंडेंट ने यात्री के साथ किया मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारतीय रेलवे विभाग हमेशा यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के प्रयास में लगी रहती है। मगर कई बार कुछ रेलकर्मी ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे पूरे रेलवे विभाग को शर्मिंदा होना पड़ता है। कुछ ऐसा ही मामला रविवार को कोडरमा जंक्शन पर देखने को मिला, जहां ट्रेन के कोच अटेंडेंट के द्वारा दो यात्रियों को कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर दौड़ा-दौड़ा कर लात घुसे और बेल्ट से पिटाई की गई। दरअसल बिहार के गया निवासी पंकज कुमार और सुमन कुमार गया जंक्शन से साधारण टिकट लेकर शिप्रा एक्सप्रेस के जरिए हावड़ा जंक्शन तक के लिए यात्रा करने जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गया जंक्शन पर शिप्रा एक्सप्रेस के टीटीई से अपने साधारण टिकट को दिखाते हुए एसी कोच में सीट खाली होने पर टिकट को अपग्रेड करने की गुजारिश की। इस पर टीटीई ने एसी कोच में सीट उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दोनों व्यक्तियों को दिया। इसी दौरान दोनों के पास शिप्रा एक्सप्रेस का एक कोच अटेंडेंट पहुंचा और उन्हें एसी कोच के बी वन और बी टू में सीट दिलाने का प्रलोभन देकर दोनों को एसी कोच में चढ़ा लिया।इसके बाद कोच अटेंडेंट दोनों यात्रियों को सामान रखने वाली जगह पर बिठाकर टीटीई के पास सीट कंफर्म कराने चला गया। लगभग 20 मिनट के बाद कोच अटेंडेंट वापस दोनों यात्रियों के पास पहुंचा और बताया कि सीट खाली नहीं है यदि सीट चाहिए तो प्रति व्यक्ति 3000 लगेंगे। इसके बाद दोनों यात्रियों को संदेह हो गया कि उनके साथ गलत हो रहा है। इसके बाद दोनों ने टीटीई से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद टीटीई ने एसी कोच में सीट उपलब्ध नहीं होने की बात से अवगत कराते हुए उन्हें कोडरमा स्टेशन पर उतारकर साधारण कोच में यात्रा करने की सलाह दी। दोनों जैसे ही कोडरमा स्टेशन पर उतरे इसके बाद पीछे से 7-8 कोच अटेंडेंट उतरे और बेल्ट खोलकर प्लेटफार्म पर दोनों यात्रियों की पिटाई करने लगे। इस दौरान कोच अटेंडेंट के द्वारा लात गुंसों से मारपीट करते हुए गाली गलौज भी किया गया।घटना के बाद यात्री ने जीआरपी कोडरमा को दिए गए आवेदन में बताया है कि मारपीट के दौरान कोच अटेंडेंट के द्वारा उनका चप्पल और चश्मा के अलावा पर्स भी छीन लिया गया। जिसमें एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और 6450 रुपए नगद था। कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद अचानक हुई इस तरह की घटना से कोडरमा स्टेशन पर अपने ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री सहम गए। कोडरमा स्टेशन से शिप्रा एक्सप्रेस के खुलने के बाद कोच अटेंडेंट के द्वारा मारपीट के शिकार हुए दोनों यात्री पंकज कुमार और सुमन कुमार ने इसकी शिकायत जीआरपी कोडरमा से किया। जिसके बाद जीआरपी कोडरमा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोमो स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के बाद मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले 5 कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें मध्य प्रदेश निवासी नीरज रजक, यशवंत मेहरा, अभिषेक विश्वकर्मा, गजेंद्र सिंह और उत्तर प्रदेश निवासी हरिशंकर दुबे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर जीआरपी कोडरमा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह जानकारी जीआरपी प्रभारी उपेन्द्र पासवान ने दी।





# अनियमित पेयजल आपूर्ति को लेकर डॉ.नीरा ने की उपायुक्त से बात, कहा

- अनियमित पेयजल आपूर्ती के कारण विभिन्न वार्डों के लोगों ने विधायक डॉ.नीरा यादव
- पेयजल प्रभावित वार्डों में टैंकर से होगी पानी की आपूर्ति



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिठैया नगर के विभिन्न वार्डों में कई दिनों से पेयजलापूर्ति नहीं हो रही है। इस अनियमित पेयजल आपूर्ती के कारण विभिन्न वार्डों के लोगों ने विधायक डॉ. नीरा यादव से शिकायतें की। पेयजल की विकट समस्या को देख इस मामले को संज्ञान में लेते हुए त्वरित निदान के लिए उन्होंने उपायुक्त मेघा भारद्वाज से फोन पर बात की एवं उपायुक्त को कहा कि बाधित पेयजलापूर्ति के कारण कई वार्डों को सिर्फ पेयजल के लिए पेयजलापूर्ति विभाग की इस आपूर्ति पर ही निर्भरता के कारण आमजनों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने उपायुक्त से सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति न हो तब तक तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था व इसके निदान के लिए प्रत्येक दिन पीने योग्य पानी का कई टैंकर नगर के विद्यापुरी, अड्डी बंगला सहित कई प्रभावित वार्डों में शाम से ही उपलब्ध कराने की बात कही।

## संदर्भ लोकसभा चुनाव : करवटें बदलते रहें सारी रात हम आपकी की कसम..

# हार-जीत के समीकरण में प्रत्याशियों की रातों की नींद उड़ी

### लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस व भाजपा में रही है मुंछ की लड़ाई, दोनों ही पार्टियां मानती है इस सीट को अपना पुराना किला

**दीपक राम काजू**

**गुमला।** करवटें बदलते रहें सारी रात हम आपकी की कसम, हिंदी फिल्म का यह गीत वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों पर सटीक बैठती है। क्योंकि मतदान के बाद प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है और प्रत्याशी लगातार हार-जीत का अंकगणित बैठाने में जुटे हुए हैं। इस उधेड बून में उनकी रातें करवटें बदलते ही बीत रही है। हर दिन हर पल नये आंकडें प्रत्याशियों का नींद हराम कर रही है। कोई कह रहा है फलना विधान सभा जीत रहे हैं तो कोई कह रहा है कि हमें उस विधान सभा से लीड वोट प्राप्त हो रही है। समर्थकों का प्रतिदिन का आंकड़ा प्रत्याशियों के समझ से परे नजर आ रहा है। यही कारण है कि रात में भी प्रत्याशी हार-जीत का गणित बैठाने में लगे रहते हैं। क्योंकि यह लोकसभा चुनाव कई प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी तय करने वाली है। अगर वे जीतते हैं तो लंबे समय तक राजनीति रेस के घोड़े होंगे नहीं तो उनका राजनीतिक क्षेत्र में कैरियर समाप्त हो जाएगा। चुनावी समीकरण को देखें तो दो पार्टियों की लोहरदगा लोकसभा सीट में मुंछ की लड़ाई रही है। क्योंकि दोनों ही पार्टियां लोहरदगा संसीदय सीट को अपना कीला मानती है। भाजपा तो जनसंघ काल से ही लोहरदगा लोकसभा के गुमला विधान सभा सीट को अपना किला मानती रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी लोहरदगा लोकसभा सीट को अपना सबसे पुराना और मजबूत किला मानती रही है। हालांकि भाजपा के सुदर्शन भगत लगातार इस सीट पर तीन बार विजय होकर एक रिकार्ड बनाया है। जो क्षेत्र के दिग्गज कांग्रेसी नेता व आदिवासियों के मसीहा स्व. कार्तिक उरांव को भी प्राप्त नहीं हुआ था। बहरहाल बात चुनावी समीकरण की चल रही है तो लोग यह अंदेशा जता रहे हैं कि इस बार जीत का चांस कांग्रेस व भाजपा में पचास-पचास प्रतिशत का है। क्योंकि यह देखा जाता है कि कांग्रेस गुमला व सिसई विधान सभा में हमेशा भाजपा से आगे रही है। वहीं भाजपा लोहरदगा, विशुनपुर व मांडर विधान सभा से हमेशा आगे रही है। अब वर्तमान समीकरण को देखें तो विशुनपुर विधानसभा से भाजपा की नैया डोलती नजर आ रही है। विशुनपुर विधान सभा के विशुनपुर व घाघरा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार कांग्रेस के पक्ष में बयार बहती नजर आयी है। इन दोनों प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र हो या प्रखंड मुख्यालय कांग्रेस पार्टी सीधे भाजपा को टक्कर देती नजर आ रही है। जहां भाजपा के कैडर वोटर थे। वहां भी इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी सेंधमारी करती नजर आ रही है। गुमला और विशुनपुर विधान सभा का पूर्वी क्षेत्र यानि गुमला सदर प्रखंड के पूर्वी भाग की बात करें तो यहां कांग्रेस हमेशा वोट प्राप्ति में पीछे रही है। लेकिन इस बार कांग्रेस के पक्ष में पूर्वी भाग में भी बयार बही है और गुमला के पूर्वी भाग से भी कांग्रेस को अच्छी खासी वोट मिली है। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा भी विशुनपुर विधान सभा से अच्छी खासी वोट ला रहे हैं। जिसे भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी हो गयी है। इस लिहाज से देखें तो कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत तीन विधान सभा क्षेत्रों में अधिक मत प्राप्त करने की दिशा में आगे चल रहे हैं। सुखदेव भगत का पक्ष इस बार अधिक मजबूत भी नजर आ रहा है क्योंकिं गठबंधन के विधायकों ने वोटों के समीकरण को इंडिया गठबंधन की ओर मोड़ने के लिए अंदर ही अंदर अच्छा खेल खेला है। जिसका परिणाम चार जून को मतगणना के बाद पता चलेगा। हालांकि जीत हार के अंक गणित में उंट किस करवट बैठेगी यह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगी। लेकिन वर्तमान चुनावी समीकरण तो कुछ और ही बयां कर रही है।

**खबर एक नजर में**

## तालाब में नहाने के क्रम में डूबने से हुई युवक की मौत



मृतक युवक की तस्वीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** आजाद बस्ती गुमला निवासी हुजैफा आलम की रविवार को नहाने के क्रम में तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हुजैफा अपने दो मित्रों मो. छोटू और दिलकश के साथ बरिसा स्थित तालाब में दिन के 12बजे के आस पास नहाने के लिए गया था। तीनों युवक तालाब में नहाने लगे। इसी बीच मृतक हुजैफा आलम एक किनारे के तरफ था जो डूब गया। घटना स्थल के आस पास के ग्रामीण और साथ गए मित्रों ने उसे तालाब से निकाला और सदर अस्पताल इलाज के लिए ले गये। जहां उसे जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया गया। ज्ञात हो कि घटना स्थल वाली तालाब में इससे पहले भी आजाद बस्ती गुमला के ही दो युवकों की डूबने के कारण मौत हो गई थी। पिछले साल आदम अंसारी के बेटे मेहराब अंसारी की मृत्यु इसी तालाब में हुई थी। उसी समय जिला प्रशासन के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि इस घटना स्थल वाली तालाब को डेंजर जोन घोषित कर तालाब को बाड़ से घेरा कर चौकीदार भी नियुक्त कर दिया जाएगा पर पिछली घटना के समय दिया गया आश्वासन को जिला प्रशासन के द्वारा अगर डेंजर जोन घोषित कर दिया जाता और तालाब का बाड़ से घेरा बंदी कर चौकीदार की व्यवस्था कर दी जाती तो यह घटना नही होती।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 51 लोगों ने कराया जांच



शिविर में मौजूद लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 102 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 51 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए।मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है एंव समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए। साथ ही बाहर की चीज खाने के पूर्व उनके गुणवत्ता को समझबूझकर ही खाएं,और कहा की जरूरतमंदों एवं असहायों का सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को कम से काम प्रतिदिन तीन से चार लीटर पानी का सेवन करना चाहिए और सुबह उठने के साथ ही दो से तीन गिलास पानी पिए। इससे कई प्रकार की बीमारियों से आप बच सकते हैं। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,व सह सचिव संजय चौधरी ने कहा की यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है। जहां लोग शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से परामर्श भी लेते है।

## मवेशी से लदा पिकअप गाड़ी किया पुलिस के हवाले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के आदर फॉरेस्ट नाका के पास वन विभाग के लोगों ने लगभग एक दर्जन मवेशियों से लदा पिकअप वाहन को जब्त कर आदर पुलिस विकेट को सुपुर्द कर दिया है। आदर रेंज के फॉरेस्टर शेखर कुमार सिंह ने रविवार को दिन के डेढ़ बजे जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप में अवैध लकड़ी जंगल से निकलकर माफिया ले जा रहे हैं। जिसकी सूचना के तुरंत बाद ही हम लोगों ने शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि में 1:00 बजे आदर में बने वन विभाग के नाका को बंद कर दिया। कुछ ही देर बीता था कि एक पिकअप वाहन तेजी से नाका के पास आई और नाका को टक्कर मारा लेकिन नाका नहीं टूटा और पिकअप वाहन को चालक बैक गेयर लगाकर तेजी से पीछे भागने लग। पीछे की ओर कुछ दूर जाकर वाहन छोड़कर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। हम लोगों ने जब जाकर देखा तो वाहन में लकड़ी नहीं बल्कि लगभग एक दर्जन पशु गाय बैल लदा हुआ था।जिसका चारों पैर बांधकर बोरा की तरह एक दूसरे के ऊपर रखा गया था। हम लोगों ने तुरंत ही आदर पुलिस पिकेट को इसका सूचना देते हुए पुलिस के हवाले कर दिया।इधर रात भर मवेशी पिकअप में बांधकर जिस प्रकार से रखा गया था उसी तरह तड़पता रहा। सुबह जब हुई तो गांव के लोग पिकअप से सभी मवेशियों को किसी तरह बड़ी मशक्कत से नीचे उतरा और खाने के लिए पुवाल दिया और पीने के लिए पानी। जिसके बाद मवेशियों की जान बचाई जा सकी। ग्रामीणों ने कहा कि मवेशियों को जब भी जीमा नामा पर दिया जाए तो स्थानीय लोगों को दिया जाए। हालांकि पिकअप गाड़ी में 12 मवेशी लदे थे। लेकिन पुलिस कह रही है कि 10 मवेशियों को जब्त किया गया है। सवाल है कि दो मवेशी कहां गायब हो गए।



जब्त किया गया पशु

**ग्रामीणों के प्रयास से बची मवेशियों की जान :** इधर रात भर मवेशी पिकअप में बांधकर जिस प्रकार से रखा गया था उसी तरह तड़पता रहा। सुबह जब हुई तो गांव के लोग पिकअप से सभी मावश्यों को किसी तरह बड़ी मशक्कत से नीचे उतरा और खाने के लिए पुवाल दिया और पीने के लिए पानी जिसके बाद मवेशियों की जान बचाई जा सकी।

**लंबे समय से चल रहा है अवैध तरीके से कारोबार :**
मवेशी तस्करी का कारोबार पहले गुमला से रांची वाले रास्ते पर होती थी, लेकिन बाद में जब लगातार कार्रवाई होने लगी तब से घाघरा थाना क्षेत्र से होकर दूसरे जगह पर तस्करी की जा रही है। मवेशी तस्करी में टोटो का एक युवक और घाघरा स्थित पतागाई का एक युवक रात भर सक्रिय रहता है।

### तस्करों से दस्तावेज की करेंगे मांग : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वन विभाग के द्वारा एक मवेशी पिकप वाहन को पकड कर आदर पीकेट को दिया गया है। जिस पर हम लोग दस्तावेज मंगाएंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। लेकिन खास बात यह है कि उस पिकप कितना मवेशी है जिसकी जानकारी दूसरे दिन दोपहर 12:00 बजे तक थाना प्रभारी को नहीं थी। जो की पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़ा करता है।आखिरकार इतने क्रूरता से पशु का तस्करी के लिए दस्तावेज कहां से उपलब्ध होता है।

## मरीज व पेइंग वार्ड में वेड की संख्या बढ़ाने की रखी मांग



अस्पताल उपाध्यक्ष से मिलते चेंबर का प्रतिनिधिमंडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। जिसमें प्रमुख रूप से डॉक्टरों की कमी के साथ-साथ रोगियों के समुचित इलाज हेतु बेड की संख्या बढ़ाने पर बात की गई। इसके साथ-साथ पेइंग वार्ड के कमरों की संख्या बढ़ाने पर भी चेम्बर के अधिकारीयों ने बातें रखी। जिसपर उन्होंने जानकारी दिया कि यह सभी आपकी पुरानी मांगे हैं, इसलिए अविलंब बेड की संख्या को बढ़ाकर इसकी संख्या 11 कर दी गई है एवं साधारण बेड की संख्या पर उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर के बगल में महिला कॉलेज परिसर खाली है।

## 29 मई को रांची में आयोजित बैठक में गुमला से भाग लेंगे कार्यकर्ता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 9 जून 2024 को वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के मौके पर रांची में होनेवाली केंद्रीय स्तर का कन्वेंशन की सफलता के लिए 29 मई 2024 को रांची में होनेवाली राज्य स्तर की बैठक में गुमला जिला से दल के प्रमुख नेतागण भी भाग लेंगे। 29 मई की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी तथा जन मुद्दों को लेकर विधानसभा वार 9 जून 2024 से शुरू होनेवाली झारखंड बचाओ अभियान को राज्य के सभी जिलों में ले जाने और झारखंड के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करने जैसे सवालों को लेकर कन्वेंशन में विस्तार से विचार विमर्श की जाएगी। रांची के रातू प्रखंड में आयोजित कन्वेंशन की तैयारी के लिए 29 मई 2024 को झारखंड प्रदेश के जिलों में दल के प्रमुख नेताओं को बैठक में आमंत्रित की गई है, जिसमें गुमला जिला से भी दल के प्रमुख पदाधिकारीगण भाग लेंग।

## सांप के काटने से बच्चे की हुई मौत



अस्पताल में पहुंचे परिजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कसपूर नवा टोली में सांप के काटने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान मंगरा उरांव के 10 वर्षीय पुत्र अमन उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अमन अपने दोस्तों के साथ अखिलेश्वर धाम मंदिर की ओर खेलने गया था। जिसके बाद वह तालाब में नहाने के लिए चला गया। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया। जिसके बाद अमन को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। सदर अस्पताल में अमन की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले पर जांच व अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

### अधर में लटका जिले का बहु प्रतीक्षित बाइपास सड़क का सपना

## 205 करोड़ की लागत से होना है 19.9 किलोमीटर लंबी बाईपास सड़क का निर्माण



जमीन अधिग्रहण को लेकर लगाया गया पिलर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले की बहु प्रतीक्षित बाईपास सड़क निर्माण योजना का सपना सच होते-होते टूटने की स्थिति बन गई है। कारण भू अर्जन विभाग और रैयतों की बीच मुआवजा को लेकर जिच है। जिसे अभी तक सुलझाने का कार्य नही किया गया है। 19.9 किलोमीटर लंबी बाईपास सड़क का निर्माण कुडू प्रखंड के हिरही से सेन्हा तक होना है, जहां यह सड़क नेशनल हाईवे से मिल जाएगी। वीकेएस कंस्ट्रक्शन रांची को 205 करोड़ की लागत से बाईपास सड़क निर्माण का ठेका मिला है। इसका अनुबंध 25 अगस्त 2022 को हुआ था और इसकी समय सीमा अगस्त 2024 में पूरी हो जाएगी। मगर अभी तक एक इंच काम नहीं हुआ है। बाईपास सड़क निर्माण के लिए जिन रैयतों की जमीन ली गई है, उनके भुगतान पर मामला अटका हुआ है। रैयत जमीन के दर से असंतुष्ट हैं। भू अर्जन विभाग और रैयतों के बीच की जिच बने रहने से यह आशंका बढ़ती जा रही है कि एग्रीमेंट के दो साल के भीतर सड़क निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराए जाने की स्थिति में निर्माण एजेंसी कहीं अपना लाभांश लेकर परियोजना से पीछे न हट जाए। पिछले दिनों निर्माण एजेंसी के कर्मी जब फाइनल सर्वे और अलाइन लेवल ठीक करने साइट पर गए तो ग्रामीणों ने उन्हें काम करने से रोक दिया। जब तक मुआवजा भुगतान नहीं होगा तब तक काम नहीं करने को कहा। हालांकि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग मुआवजे की संशोधित दर जारी कर चुका है। पिछले दिनों बेटहट पंचायत क्षेत्र के प्रभावित रैयतों ने बैठक भी की। जिसमे प्रशासन पर गुमराह करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण अंचल और जिला भू अर्जन अधिकारी को असहमति पत्र दिया गया है।

## 16 जून को आयोजित रसोईया संयोजिका संघ के सम्मेलन पर हुई चर्चा



बैठक में शामिल महिलाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 16 जून को गुमला सदर प्रखंड के रसोईया संयोजिका संघ के सम्मेलन पर चर्चा की गई। बैठक में 9 जून को रांची में आयोजित कार्यक्रम शामिल होने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्ष व सचिवों को निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में रसोईया संयोजिका संघ के सदस्यों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में विनायकी देवी, शोभा देवी, रेखा देवी, प्रतिभा देवी, होलिका देवी, लक्ष्मी देवी, पूर्णिया देवी,जय देवी, मेरी गोरेती मिंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जतरा प्रेम एवं सद्भाव का प्रतीक है : डॉ रामेश्वर उरांव

### भक्सो जतरा मैदान में ऐतिहासिक पड़हा जेठ जतरा का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम भक्सो जतरा मैदान में ऐतिहासिक पड़हा जेठ जतरा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। इस मौके पर आयोजनकर्ता के द्वारा डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत किया गया एवं आदिवासी वेशभूषा देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक पढ़हा जतरा भक्सों में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली । विभिन्न गांव से आए खोड़हा के द्वारा आदिवासी संस्कृति का प्रस्तुति की गई । इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा जतरा मेला आदिवासी समाज का पारंपरिक त्यौहार है ।जतरा प्रेम एवं सद्भाव का प्रतीक है। इस प्रकार के मेला से सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक,और भाईचारा को बढ़ावा मिलता है ।हमारी पारंपरिक त्योहार को धूमधाम से आज मनाया जा रहा है इस त्योहार से हमारे समाज में प्रेम एवं सद्भाव बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय में हम सभी को मिल कर अपने संस्कृति, सभ्यता का रक्षा करनी एवं आने वाले समाज के युवा पीढ़ी को जागरुक करने की जरूरत है। हमे अपने संस्कृति में पूर्वजों का देन को संरक्षित रखना होगा। जतरा मेला में आए विभिन्न गांव से खोड़हा दल के द्वारा किया जा रहा ढोल,नगाड़ा,गीत संगीत का प्रस्तुति मनमोहक दृश्य है। यही हमारी आदिवासी समाज की पहचान है। हमारे द्वारा अपने संस्कृति एवं सभ्यता को संरक्षण हेतु लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत लगभग 170 अखड़ा का निर्माण किया गया है। साथ अन्य अखड़ा निर्माण कार्य प्रगति में है। आदिवासी संस्कृति का एक अंग वाद्ययंत्र है इससे बढ़ावा देने के लिए पूरे लोहरदगा विधानसभा में कुल 300 मांदर एवं नगाड़ा का वितरण किया गया है। इसके साथ ही हमारे समाज एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सामूहिक पड़हा भवन,धुमकुड़िया भवन, एवं कला संस्कृति भवन का भी निर्माण किया जा रहा है ।इसके निर्माण से हमारे समाज एकत्रित होकर कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सुखदेव उरांव, बिरेंदर उरांव, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, ठाकुर प्रसाद, जुगल भगत, आयोजन समिति के अध्यक्ष बिहारी भगत,सचिव बिरेंदर उरांव, उपाध्यक्ष मनोज भगत, संदीप उरांव, कोषाध्यक्ष शुकरु उरांव, बालकुमार उरांव, गोसाई भगत, हरी भगत, शंकर उरांव, खादिया उरांव आदि मौजूद थे।



मंत्री श्री उरांव का स्वागत करते लोग व सम्बोधित करते वित मंत्री

## शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत, बंधाया ढांढ़स



परिजनों से मिलते सुखदेव भगत

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम गंगुपाड़ा के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता श्याम उरांव का भतीजा संतोष उरांव उम्र 24 वर्ष को विगत रात्रि को सोते समय उसको सांप काट दिया था । परिजनों ने उसे लेकर सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया था ।सदर अस्पताल ने बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गया था। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू भी थे।

## घरेलू विवाद को लेकर मारपीट

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मनसिंघा ग्राम में घरेलू विवाद को लेकर मारपीट की की घटना हुई। जिसमें सुनीता देवी 31वर्ष पति राजेश यादव ग्राम मनसिंघा थाना बालूमाथ निवासी घायल हो गयी। सुनीता देवी ने बताया कि किसी बात को लेकर उसका अपने सास ससुर के साथ विवाद हुआ था। जिसके बाद उसके साथ ससुर ने मिलकर उसके साथ मारपीट किया। घटना के बाद महिला के पति राजेश यादव ने अपनी पत्नी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य से लाया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## 10 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, हो रही है परेशानी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मकईयाटांड ग्राम स्थित डीएवी स्कूल मोड़ के पास लगा हुआ विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले 10 दिनों से जलकर खराब है। इस वजह से गांव में अंधेरा छाया हुआ है। बिजली नहीं रहने के कारण भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने से करीब 50 घरों की में बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली के अभाव में सबसे अधिक परेशानी महिलाओं एवं छोटे बच्चों को हो रही है। अंधेरे में सांप बिच्छू समेत अन्य विषैला जंतुओं का डर बना हुआ रहता है। ट्रांसफार्मर खराब होने व आम लोगों को हो रही परेशानी के बारे में बिजली विभाग को अवगत कराया गया। परंतु बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव के रहने वाले राजेश राम ने बताया ट्रांसफार्मर खराब होने से हम लोगों की दिनचर्या गड़बड़ा गई है। सूचना के बावजूद भी ट्रांसफार्मर बिजली विभाग द्वारा नहीं बदला जा रहा है। ग्रामीणों ने इस संबंध में लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी से मामले पर पहल करते हुए गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग किया है।

# दीप ज्योति बस व ट्रक के बीच टक्कर, दर्जनों यात्री घायल

## हजारीबाग से मेदिनीनगर जा रही थी यात्री बस, रूद मूर्तिया के पास हुआ हादसा

## एनएच पर बने गड्ढे के कारण दुर्घटना होने की बात आ रही है सामने

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनएच 75 अब 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत रुद मूर्तिया के पास रविवार की दोपहर बाद हजारीबाग से मेदिनीनगर जा रही दीप ज्योति नामक यात्री बस जेएच-02-वी-6566 एवं सामने से आ रही सीमेंट लदी ट्रक जेएच-02-बीबी-1833 के बीच भीषण टक्कर हो गयी। जिसमे बस सवार लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ी में चली गयी व बस सड़क पर तिरछा होकर सड़क पर खड़ी हो गयी, जिसमे एनएच जाम हो गया। इधर घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगो के द्वारा चंदवा पुलिस के वाहन व 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी, डॉ. मनोज कुमार की देर रेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

इधर दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है, उस स्थान पर सड़क पर बड़ा-बड़ा गड्ढा बना हुआ है। घटनास्थल पर सामने से आ रहे ट्रक को साइड देने के लिए बस सड़क के बाई ओर मुड़ी, वापस सड़क पर आने के क्रम में बस असंतुलित हो गयी बस का आगे का हिस्सा ट्रक से सट गया। जिसके बाद दोनो वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे उक्त हादसा हुआ।



दुर्घटनाग्रस्त बस व ट्रक।

**घटना के बाद 1 घंटे तक जाम रहा एनएच :** इधर घटना के बाद एनएच 75 मुख्य मार्ग पर सड़क के दोनों साइड छोटे बड़े वाहनों की भारी जाम लग गयी। सूचना के बाद पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे व एक निजी कंपनी से क्रेन उपलब्ध होने के बाद बस को सड़क से हटाकर एनएच पर आवागमन सामान्य कराया। इस दौरान लातेहार एसडीओ कौशल कुमार समेत सैकड़ो वाहन लगभग 1 घंटे तक जाम मे फंसे लोग परेशान दिखे।


घटना के बाद एनएच पर लगा जाम।

**ये हुए हैं घायल** दुर्घटना में घायल होने वालों में बस का चालक महानंद सिंह, कंडक्टर उज्जवल सिंह खलासी शंकर ठाकुर, एजेंट दिलीप कुमार, यात्री जीरा देवी पति चमन सिंह (रजवा डीह पलामू), रीमा देवी पति जुलूस उरांव (डाल्टेनगंज), पार्वती देवी (इचाक हजारीबाग), विकाश कुमार (हजारीबाग), सगीर मियां (लातेहार उपायुक्त कार्यालय का कर्मी) समेत लगभग दो दर्जन लोग शामिल हैं।

# स्वास्थ्य उपकेंद्र मकरा में किया गया मासिक टीकाकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के स्वास्थ्य उप केंद्र मकरा में शनिवार को जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को टीका करण किया गया। टीकाकरण में एएनएम अर्चना हस्सा स्वास्थ्य सहिया किरन्ति देवी मुख्य भूमिका निभा रहे थे। टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एएनएम अर्चना ने बताया की जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को कई गंभीर बीमारी से बचाव के लिए समय समय पर टीका लगाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पोषक क्षेत्र के बच्चों व गर्वती महिलाओं को टीटी, पेंटा, बिसीजी, डीपीटी, खसरा, बुस्टर, पोलियो, विटामिन दवा सहित जरूरत के मुताबिक अन्य सुविधा दिया जाता है। आसपास के सभी ग्रामीणों से समय समय पर टीका लगवाने का भी आग्रह किया। उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुषों को स्वास्थ्य सम्बंधित कई जानकारी भी दिया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण महिला मौजूद थे।


टीकाकरण करते स्वास्थ्यकर्मी।

### अलौदिया पंचायत के शुक्र बाजार में घोर पेयजल संकट, बूंद-बूंद पानी के लिए लोग परेशान

# शुक्र बाजार में एक करोड़ की लागत से एक दर्जन स्थानों पर नल जल योजना के तहत जलमीनार लगा पर उपयोगिता शून्य

- कुआं भी सूखा, चापाकल भी हो रहा डेड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय से सेट अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्र बाजार के ग्रामीण पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट से जूझ रहे हैं व त्राहिमाम कर रहे हैं। हर घर तक स्वच्छ पेयजल मुहैया हो इस उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर नल जल योजना के तहत शुक्र बाजार टांड व हरैया में लगभग एक करोड़ की लागत से एक दर्जन स्थानों पर जलमीनार लगाया गया था। लेकिन वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता शून्य है। सभी स्थानों पर बोरिंग डेड होने के कारण जल मीनार में पानी नहीं चढ़ पा रहा है और योजना सिर्फ हाथी का दांत साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि पेयजल संकट इतना गहरा गया है कि लोगों को दैनिक उपयोग के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। आसपास के सभी कुएं सुख गए है, चापानल भी खराब पड़ा है। हर घर नल जल योजना का पाइप तो बिछाया गया है लेकिन उससे एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। योजना का कार्य कर रही कार्यकारी एजेंसी यूनिट लगाने के बाद से लापता है। योजना की जमीनी हकीकत क्या है, इसे देखने वाला न हीं प्रशासन है और न हीं कोई जनप्रतिनिधि। ऐसे में लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। हर घर नल जल योजना का यूनिट लगने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि उन्हें पेयजल संकट से मुक्ति मिलेगी, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है उक्त योजना मुह चिढ़ाने लगी है। इधर समस्या जानने के बाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पेयजल संकट की जानकारी ली व पहल का भरोसा दिया। वहीं मामले को लेकर विभाग के सहायक अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया।

**इन स्थानों पर खराब है नल जल योजना का जलमीनार**

तैलिक समाज विवाह मंडप, महावीर साव के घर के पास, शुक्र बाजार मस्जिद के पीछे-2 यूनिट, रशीद मियां के घर के पास, प्रदीप ठाकुर चिल्ड्रन पैराडाइस के पास, खान मोहल्ला शुक्र बाजार टांड, विनोद ठाकुर के घर के पास शुक्र बाजार, बबलू राम के घर के पास, महेंद्र साव के घर के पास शुक्र बाजार, ठाकुर बाड़ी मंदिर के पास हरैया।

## उपरलोटो अगलगी मामला में आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने की निंदा


पीड़ित को आश्वासन देते अमित पांडेय।

- पीड़ित परिवार के घर पहुंच परिवारों को न्याय दिलाने का दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के ईचाक पंचायत के उपरलोटो ग्राम निवासी वीरेंद्र प्रजापति, तिलकधारी प्रजापति व पप्पू प्रजापति पिता स्व. उधो प्रजापति के घर में 20 मई सोमवार को मध्य रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दिया था। जिससे घर के साथ-साथ घर में रखे सारा सामान व नकद राशि भी जलकर खाक हो गया। वहीं इस मामले को लेकर आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर पीड़ित परिवारों न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। आगे उन्होंने कहा कि यह एक निंदनीय घटना है। इस घटना को हुए एक सप्ताह हो गई और अभी तक पीड़ित को न्याय नहीं मिलना और अपराधी को पुलिस के गिरफ्त से बाहर होना इससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस मामले में सुस्ती से कार्य कर रही है। आगे उन्होंने पीड़ित के साथ हर संभव खड़े होने एवं जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाने की बात कही है। वहीं पीड़ित परिवारों ने बताया कि हमलोगों का जीविकोपार्जन का दुकान ही एक मात्र सहारा था जो दुश्मनों ने छिन लिया। आगे उन्होंने जिला प्रशासन से मुआवजे कि मांग तथा दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी कि गुहार लगाई है।

# लुकुईया आश्रम के पास से गढ़वा पुलिस लाइन में पदस्थापित जवान का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-लुकुईया-लोहरदगा मार्ग पर स्थित आश्रम के पूर्व दिशा की ओर महुआ पेड़ के नीचे एक व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया। मृतक खाली पैर है तथा लाल रंग का टी शर्ट और काला रंग का फुट पैंट पहना हुआ है, शव के पास एक काला रंग का पर्स भी पड़ा देखा गया। बीड़ी पत्ता मजदूरों ने इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी। सूचना पाकर चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में ग्रामीण बताते हैं कि यह व्यक्ति शनिवार की सुबह करीब आठ बजे यहां देखा गया था। वह लोगों से पानी की मांग कर रहा था इस पर कुछ लोगों के द्वारा पानी देने का प्रयास किया गया पर वह पानी नहीं पिया इसके बाद लोग अपने अपने घर चले गए। कुछ घंटों बाद ग्रामीणों ने उसे वहां मृत अवस्था मे पाया। इधर जांच पड़ताल में मृतक की शिनाख्त रमेश उरांव पिता राजदेव (पांकी पलामू) के रूप में हुयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रमेश पुलिस बल का जवान था व गढ़वा पुलिस लाइन में पदस्थापित था। चुनाव ड्यूटी के लिए निकला था लेकिन वह लुकुईया कैसे पहुंचा इसका पता खबर लिखे जाने तक नहीं चल पाया है। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पड़ताल में जुट गयी है।


मृतक जवान ।

# रुद पहाड़ में फांसी में झूलता एक युवक का शव बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत रुद ग्राम स्थित बड़का पहाड़ में बरगद के पेंड़ से फांसी में लटकते युवक का शव को पुलिस ने बरामद किया। शव की पहचान फूलसु ग्राम निवासी नागेश्वर प्रजापति के पुत्र अंगध प्रजापति (20) वर्ष के रूप में की गईं। मिली जानकारी के मुताबिक रुद के बड़का पहाड़ में बरगद के पेंड़ में लाल रंग के छिट्टा साड़ी से फांसी लगाकर युवक को झूलता देखा गया इसकी जानकारी बारियातू थाना को दी गईं। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से शव को पेंड़ से निचे उतारा गया। पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। मृतक युवक कुछ दिन पूर्व से बचरा ग्राम में बहन के घर पर रह रहा था। अचनाक सुबह 4 भोर से गायब हो गया था। आत्म हत्या के कारणों को पुलिस जांच कर रही है। इस तरह के अचनाक हुए घटना से परिजनों में मातम पसर गया है।


बरामद लटका हुआ शव ।

# स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में किया पीएलए की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा गांव में स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में सहिया साथी गौरी देवी की अध्यक्षता में पीएलए बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सहिया पूनम देवी ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को पोषण सम्बंधित जानकारी दिया। वहीं हरा सब्जी, दाल, हरे पति की साग सहित शारीरिक पोषण से सम्बंधित विस्तृत चर्चा किया। हरा सब्जी व फल खाने से फायदे, अंडा मछली व मांश फायदे के बारे में भी कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। मौके पर अस्मिता देवी, गीता देवी, यशोदा देवी, सुनीता देवी, मालो देवी, रिंकी देवी, प्रीति कुमारी, रवीना कुमारी, सुमन देवी, कविता देवी, तुलसी माहतो, पपु यादव, मनीषा देवी, राजमनी मसोमात, अंशु कुमारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।


बैठक में उपस्थित लोग।

# सड़क पार करने के क्रम में अनियंत्रित बोलेरो ने मारी टक्कर घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम के पास रविवार की देर शाम एक अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क पार कर रहे रामदयाल साव 50 वर्ष पिता रामेश्वर साव ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी को टक्कर मार दिया। और खुद भी पलट गया। जिससे रामदयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। वही बेलोरो पलटने से चालक अमित हेरेंज पिता केनेथ हेरेंज ग्राम बिरहु जिला खूंटी निवासी घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि रामदयाल साव बालूमाथ से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान जरी ग्राम के पास पैदल सड़क पार करने के क्रम में शेरेगड़ा ग्राम की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित बोलेरो ने टक्कर मार दिया। और खुद भी पलट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनो घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रामदयाल साव की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।





## लातेहार: पंचायत सहायक का सम्मान समारोह संपन्न, संगठन की मजबूती पर जोर

# पंचायत सहायकों को काम से जोड़ने पर दिया गया बल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार स्थित होटल ब्लिस परिसर में रविवार को पंचायत सहायको का जिला स्तरीय पंचायत सहायक मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष बालगोविंद महतो ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि प्रखण्ड से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करना है, इसी उद्देश्य के साथ सभी जिलों में पंचायत सहायको को एकजुट करने का काम किया जा रहा है। वैसे पंचायत जो अथार्भाव में काम छोड़ चुके हैं, उन्हें भी जोड़ने का काम संगठन कर रही है। वैसे पंचायत सहायक जो अब तक छूटे हुए हैं, वे अपने प्रखण्ड अध्यक्ष से मिलकर अपना नाम जुड़वाए। आगे कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद संगठन आगे की वार्ता के लिए सरकार के साथ बैठेगी व अपनी 7 सूत्री मांगो को रखने का काम करेगी। इस दौरान 252 दिनों की लंबी लड़ाई लड़ने के बाद पंचायत स्वयं सेवकों को पंचायत सहायक के रुप मे नया पहचान देने पर सरकार को साधुवाद भी दिया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम में सम्मिलित हुए अतिथियों का जिला कमेटी के द्वारा अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गढ़वा जिलाध्यक्ष लव कुश प्रजापति, सचिव विवेकानंद चौबे, पलामू जिलाध्यक्ष राम निवास तिवारी, लातेहार जिला सचिव राजू कुमार, कोषाध्यक्ष राज कुमार, चंदवा प्रखण्ड अध्यक्ष राजन कुमार, राहुल कुमार, लातेहार प्रखण्ड अध्यक्ष राजदीप कुमार समेत पूरे जिले के सिकड़ो पंचायत सहायक मौजूद थे।


मौके पर मौजूद लोग।

# नागरिक सुविधाओं के लिये खरीदी गई थी मशीन

## नागरिकों नहीं मिल रहा लाभ



ब्लॉक कैंपस में खड़ा वाहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नपं में नागरिक सुविधाओं के लिये क्रय की गई महंगी मशीनों का लाभ नागरिकों को नहीं मिल रहा है। सारी मशीनें खड़ी खड़ी कबाड़ हो रही हैं। मशीनों का उपयोग नहीं होने से उनकी खरीद पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकार बताते हैं कि महंगे मशीनों का खरीद नागरिक सुविधाओं की आड़ में कमीशन वसूलने के लिये की गई है। नपं की ओर से शहर में लाईट लगाना हो, जलमीनार लगाना हो, वाहन या फिर मशीन की खरीददारी हो सबमें जबर्दस्त कमीशन खोरी हुई है। कमीशनखोरी के आगे शहरवासियों की सुविधाओं का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया। कमीशनखोरी का आलम यह है कि नपं की ओर से लाखों रुपये की लागत से खरीदा गया सैप्टिक टैंक वाहन लावारिस की तरह ब्लक कैंपस में फेंका गया है। उक्त वाहन धूप, पानी और धूल फांककर खड़ा-खड़ा कबाड़ा में तब्दील हो गया है। जबकि उक्त वाहन का एक दिन भी उपयोग नहीं किया गया है। बताते चले कि नगर पंचायत की ओर से शहरवासियों की सुविधा के लिये एवं शौचालय टंकी की सफाई के लिये पांच वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से दो सैप्टिक टैंक वाहनों को खरीदा गया था। किंतु वाहनों के संचालन के लिये चालकों की नियुक्ति नहीं की गई। नतीजा शहरवासियों को उसका लाभ आज तक नहीं मिल सका। शहरवासी आज भी अपने शौचालय टंकी की सफाई के लिये गढ़वा, डाल्टनगंज या अन्य श्रोतों से अधिक पैसे देकर टंकी की सफाई कराने को विवश है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि शौचालय टंकी से निकले अपशिष्ट को डिस्पोज करने के लिये कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण शौचालय टंकी की सफाई नहीं हो पा रही है। जल्द ही प्लांट निर्माण के लिये टेंडर कर टंकी की सफाई शुरू किया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर

**गढ़वा।** मझिआंव-सुंडीपुर मार्ग पर खरसोटा गांव के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति पलामू जिले के ऊंटरी रोड थाना क्षेत्र के शिमरी गांव निवासी महेंद्र शर्मा का पुत्र दीपक शर्मा है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल के पिता महेंद्र शर्मा ने बताया कि दीपक का चाचा प्रसाद शर्मा काफी बीमार था, उसे खरसोटा अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया गया था। इसी दौरान प्रसाद शर्मा का रेफर पर्ची छूट गया था, उसे एंबुलेंस में पहुंचने के लिए जा रहा था इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल और नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### बिहार में अमित शाह की हुंकार, विपक्ष पर गृह मंत्री जमकर बरसे

# यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वाले के बीच

एजेंसी

**पटन/भभुआ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार के काराकाट संसदीय सीट से राजग उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा करते हुए कहा कि लालू यादव से पूछता हूं कि 10 साल आपकी और सोनिया-मनमोहन की सरकार चली। आपने बिहार को केवल 02 लाख 80 हजार करोड़ दिया जबकि नरेन्द्र मोदी ने 14 लाख 24 हजार करोड़ बिहार को विकास के लिए दिया। यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वाले के बीच में है। अमित शाह ने उपस्थित जनता से पूछा कि आप बताएं कि आपको रामभक्तों पर गोली चलाने वाले के साथ रहना है या राममंदिर बनाने वाले के साथ रहना है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश को विश्व में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस



कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, उससे पीओके मत मांगों। मैं आज यहां से राहुल गांधी को कहना चाहता हूं पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे। अमित शाह ने कहा कि बिहार की जनता यह समझ चुकी है कि परिवारवादी गठबंधन कभी भी प्रदेश का विकास नहीं कर सकता। काराकाट की सभा का यह उत्साह भरा माहौल बिहार में राजग की रिकॉर्ड विजय का साफ संदेश दे रहा है। राममंदिर का मुद्दा उठाकर अमित शाह ने कहा कि 70 साल तक लालू यादव और कांग्रेस ने मुद्दे को रोक कर रखा। आपने मोदी को प्रधानमंत्री बनाया और उन्होंने मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा करके जय श्री राम कर दिया।

## 400 पार कराने की अपील, 310 पार कर लेने का किया दावा

सासाराम संसदीय क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह विपक्ष पर जमकर बरसे। अमित शाह ने कहा कि मैं यहां एनडीए प्रत्याशी शिवेश राम को जीताने की अपील करने आया हूं। अमित शाह ने कहा कि 4 जून को 400 कमल में एक कमल शिवेश राम का खिलने वाला है। पांच चरण के चुनाव में मोदी जी 310 सीट पार करके सरकार बना चुके हैं। छठे और सातवें चरण में 400 पार करना है।

### लालू यादव को घेरा

अमित शाह ने बाबू जगजीवन राम और कपूर्री ठाकुर के योगदान को याद किया। लालू यादव पर हमला करते हुए कहा कि ये लालू यादव सामाजिक न्याय की बात करते हैं लेकिन लालू यादव ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की कभी सिफारिश नहीं की। ये काम नरेंद्र मोदी ने कर दिया।

## प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार पर विपक्ष पर कसा तंज

अमित शाह ने विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों के नामों पर चुटकी ली। एक-एक करके विपक्ष के कुछ शीर्ष नेताओं का नाम गिनाया। उन्होंने जनता से सवाल किया कि ये बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने वाले पाकिस्तान को जवाब दे सकता है क्या। आतंकवाद और नक्सलवाद को कौन समाप्त कर सकता है? अमित शाह ने कहा कि हर जगह मोदी-मोदी के नारे लगते हैं। ये नारा महान भारत बनाने का नारा है। बिहार को विकसित बिहार बनाने का नारा है।

### परिवारवाद का आरोप, आरक्षण के मुद्दे पर घेरा

अमित शाह ने आरजेडी और कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पिछड़ा विरोधी पार्टी के गोद में गये। कांग्रेस ने हमेसा पिछड़ा-अति पिछड़े के विरोध में काम किया। अमित शाह ने मुसलमानों को आरक्षण देने वाले बयान पर लालू यादव को घेरा और कहा कि ये आरक्षण कहां से लाओगे लालूजी। कुछ राज्यों का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वहां पिछड़ों-अति पिछड़ों का आरक्षण काटकर दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश को विश्व में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना

### खबर एक नजर में

# पीएम ने बिहार की जनता को किया अपमानित : खड़गे

**पटना (बिहार)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में एक चुनावी रैली में विपक्षी नेताओं के लिए 'मुजरा' शब्द का इस्तेमाल किया। यह सही नहीं है। मोदी ने बिहार की धरती पर ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया यानी मोदी का कहना है कि बिहार में मुजरा होता है। यह बिहार और उसके मतदाताओं का अपमान है। मोदी की ऐसी अमर्यादित टिप्पणी को बिहार बर्दाश्त नहीं करेगा। खड़गे बिहार के सासाराम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुमार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खुद को तीसमारखां मानने वाले मोदी नहीं जानते है कि वह गलतफहमी में हैं। असली तीसमारखां तो बिहार की जनता है, जो चुनाव परिणाम में भाजपा को उसकी औकात बताएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी एक तानाशाह हैं। मोदी यदि तीसरी बार पीएम बने तो लोगों को कुछ भी कहने की इजाजत नहीं होगी। खड़गे ने कहा कि यह चुनाव मूलतः जनता बनाम मोदी है।

राहुल बनाम मोदी नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री होने के नाते हम उनका सम्मान करते हैं लेकिन मोदी कांग्रेस नेताओं का सम्मान नहीं करते। खड़गे ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी गरीबों को नहीं, बल्कि अमीर लोगों को गले लगाते हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को बिहार में सासाराम, नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, काराकाट और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है।

### आईएनडीआई गठबंधन घोटालेबाजों का गठजोड़

# आधे नेता जेल में तो आधे बेल पर : जेपी नड्डा

एजेंसी

**पटना (बिहार)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को जहानाबाद में एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में देश में बहुत तरह के सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, जिसे आप सब भी महसूस कर रहे हैं।

नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले जाति, धर्म, तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति होती थी। आज मोदी के नेतृत्व में विकासवाद और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही है। मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र दिया है। उन्होंने आईएनडीआई गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि आईएनडीआई गठबंधन के आधे नेता जेल में और बाकी बचे नेता बेल पर हैं। बिहार में लालू यादव ने चारा घोटाला किया। नौकरी के बदले जमीन घोटाला किया। बंगाल में टीएमसी मंत्री के घर से कैश बरामद हुआ। शिक्षक भर्ती घोटाला हुआ। बचे केजरीवाल तो उन्होंने शराब और दवा घोटाला कर बैठा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में सरकार के मंत्री के पीएस के नौकर के घर से रुपये बरामद हुए। कांग्रेस ने चावल, चीनी, कोयला और अगस्ता वेस्ट लैंड घोटाला के साथ टू जी तथा थ्री जी घोटाला किया। आईएनडीआई गठबंधन घोटालेबाजों का गठजोड़ है।

# नि:शुल्क पांच दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत



खिलाड़ियों के साथ अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 26 से 30 मई तक शहर के सहिजना हनुमान नगर छठ घाट स्थित कराटे प्रशिक्षण केंद्र में निःशुल्क पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई। जिसका उद्‌घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा जिला कराटे संघ के वरीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सुबोध वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस शिविर में मुख्य कोच सह प्रशिक्षक मनोज संसाई प्रशिक्षण देंगे। पहले दिन 30 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। मौके पर गढ़वा जिला कराटे संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, रामनाथ रावत, गुड्डू सोनी, कमलेश साहू, दीपक कुमार, सुशील कुमार, अजय कुमार, खिलाड़ियों में सविता कुमारी, झूलन कुमारी, प्रकृति आनंद देव, ओम आनंद देव, कृष्णानंद देव, रूपा कुमारी, काजल तूफान, श्रेया कुमारी, सुप्रिया कुमारी, समीर कुमार चौबे, देवराज सिंह, साइना परवीन, अनमोल कुमार, अनन्या कुमारी, अदिति पांडेया, अनुराज पांडेया, नंदनी कुमारी, हर्ष कुमार, सक्षम कुमार, सुरुचि कुमारी, अमर कुमार, राजकुमार, आरूषी कुमारी, स्नेहा कुमारी, अभिजीत चौबे आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा-मझिआंव मार्ग पर रविवार को खजूरी गांव स्थित पुल के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के जाटा गांव निवासी राजमणि साव का पुत्र धर्मेंद्र साव, झोटी गांव निवासी राम आाार बैठा की पत्नी सुषमा देवी एवं उसकी पुत्री नेहा कुमारी का नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में नेहा कुमारी ने बताया कि धर्मेंद्र साव के साथ सभी लोग एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बिहार के रोहतास जिले के नबीनगर इलाज करने के लिए गए थे। वापस लौटने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही गाड़ी से साइड लेने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल और नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# बड़े दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है पुल



जीर्ण शीर्ण अवस्था में पुल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना मोड़ मुख्य पथ से भवनाथपुर थाना को जोड़ने वाली पथ स्थित वर्षो पुरानी पुलिया किसी बड़े दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। उक्त पुलिया का निर्माण करीब 50 वर्ष पूर्व कराया गया था, जो अब जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गई है। पुल के नीचे से दोनों पिलर टूट चुकी है, साथ ही उक्त पुलिया के उपर की ढलाई टूटने से एक बड़ा सा होल बन चूका है। पुलिया जर्जर होने से पुलिस वाहन को भी बड़ी सावधानी से पुल से गुजरना पड़ता है, अगर पुलिस प्रशासन द्वारा किसी अवैध कार्य में संलिप्त बड़े वाहन को पकड़ा जाता है, तो उस वाहन को पुलिस द्वारा थाना मोड़ स्थित मुख्य पथ के किनारे ही खड़ा करना पड़ता है। थाना को जोड़ने वाली इस पुलिया का नवनिर्माण कराने के लिए कई थाना प्रभारी ने विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से पुल बनाने की मांग किया जा चुका है।

## पेज एक का शेष

### भाजपा झूठ की...

पर अब यहां की जनता जाग चुकी है और भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं है। मोदी सरकार ने देश में दो करोड़ युवाओं को नोकरी देने, किसानों की आय दोगुनी करने एवं काला धन का 15-15 लाख हर लोगों के बैंक खाते में भेजने का वादा किया था। 10 साल गुजर गये एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। वहीं अब दूसरे राज्यों के विधायक- सीएम झारखंड आकर लोगों से झुठे वादे कर वोट मांग रहे हैं। जब उन्हें झारखंड का इतिहास नहीं मालूम, यहां के लोगों की जरूरत मालुम नहीं, कला संस्कृति का नहीं पता, वे झारखंडी जनता को क्या समझायेंगे। भाजपा सरकार से आदिवासी गैर आदिवासियों का भला नहीं होने वाला। कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलायी गयी विकास योजनाओं को गिनाया और कहा कि सुंदर और विकास वाला भारत बनाने के लिए आप एक जुन को गठबंधन प्रत्याशियों को भारी मतों से जिता कर दिल्ली भेजें। यह चुनाव एनडीए बनाम इंडी गठबंधन नहीं, बल्कि भाजपा बनाम त्रस्त जनता है।

### प्रचंड चक्रवाती तूफान ...

मौसम कार्यालय ने पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओड़िशा के तटीय जिलों में भारी वर्षा होने चेतावनी जारी की है। असम और मेघालय में भी अत्यधिक भारी बारिश होने की आशंका है। मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में 27-28 मई को भारी से बहुत भारी बारिश होगी। **रेड अलर्ट जारी किया :** मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। चक्रवात के पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों में पहुंचने पर 1.5 मीटर तक की तूफानी लहर के कारण निचले इलाकों में पानी भर जाने की आशंका है। मछुआरों को सोमवार सुबह तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में समुद्र में न जाने की सलाह दी है। उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, कोलकाता, हावड़ा और हुगली जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। 27-28 मई को भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। **मौसम विभाग ने चेतावनी दी :** तूफान में कच्चे मकानों को हानि पहुंच सकती है। तूफान के दौरान पेड़ से दूर रहने को कहा गया है। संचार व्यवस्था बाधित हो सकती है। बारिश की वजह से फसलों को नुकसान होगा। मछुआरों को समुद्र के करीब जाने से मनाही। समुद्री इलाके या उसके करीब से तुरंत हट जाने की अपील।

### मोदी सरकार में...

उनके लिए सबकुछ कर रही है। सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य की जनता के लिए हर संभव काम करने को तैयार है। यह सरकार झारखंड के हर समुदाय, हर धर्म-जाति और हर वर्ग के लिए खड़ी है और आगे भी जनहित में झारखंड सरकार काम करती रहेगी। सभा को मुख्यमंत्री के साथ बन्ना गुप्ता, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, मिथलेश ठाकुर, फुरकान अंसारी, इरफान अंसारी, सत्यानंद भोक्ता, मथुरा महतो ने भी संबोधित किया।

### कल मोदी, परसों ...

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोनों पक्षों के प्रदेश स्तर के नेता संथाल में जम गये हैं। बाबूलाल मरांडी, प्रदीप वर्मा सहित दर्जनों नेता संथाल में हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई नेता संथाल में कैंप किए हुए हैं। झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य भी दलबल के साथ दुमका में डटे हुए हैं। यहां की तीनों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस-जेएमएम के उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला है।

### हाथ में हथकड़ी ...

आरोपी युवक अपने घर का एक मात्र पुत्र था। उसकी मां ब्लड कैंसर से लंबे समय से पीड़ित थी। पटना के एक अस्पताल में कैंसर से झूझते हुए मौत हो गयी थी। रविवार को उसकी मां के शव पहुंचते ही जेल की गाड़ी से मां की अंतिम संस्कार के लिए पुलिस बल के निगरानी में युवक को पैरोल पर घर लाया गया था। हथकड़ी लगे हाथों से ही उसने मां की अर्थी को कंधा दिया और अंतिम संस्कार किया।

## चोरी की 18 भैंस के साथ तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** थाना क्षेत्र के खरडीहा पंचायत के रामदाहा टोला निवासी पच्चू यादव की आठ दुधारु भैंस तथा कंचनपुर से पांच भैंस चोरी कर ले जा रहे चोरों को तेनुडीह गांव के जंगल से गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार पच्चू को भैंसों की खोजबीन के दौरान पता चला कि चार लोग भैंस और बैल को जंगल के रास्ते पलामू जिला के चैनपुर की ओर ले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बिहार के औरंगाबाद निवासी सतीश कुमार (22 वर्ष) एवं हरेंद्र भुइयां (30 वर्ष) को 16 भैंस और 9 बैल के साथ पकड़कर इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों चोरों को पशु थाना लाया। पूछताछ के क्रम में दोनों चोरों ने बताया कि गर्मी को लेकर गांव के लोग पशुओं को खुले में बांाते हैं और छोटी रात होने के कारण एक से चार बचे रात तक गहरी नींद में होते हैं। इसी का फायदा उठाकर वे लोग आसानी से पशुओं को खोल कर ले जाते हैं। भैस चोरी करने में थाना क्षेत्र के खपरो के रफीक अंसारी, इश्तेहार अंसारी और आजाद अंसारी के नाम का खुलासा किया। पुलिस ने बयान के आधार पर रफीक अंसारी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया, सतीश और हरेंद्र के साथ रफीक अंसारी को रविवार को जेल भेजा गया। पशु चोर गिरोह के सरगना इश्तेहार अंसारी और आजाद अंसारी दोनो फरार है। थाना प्रभारी अनिल नायक ने बताया कि यह गिरोह काफी दिनों से चोरी में संलिप्त है और पशुओं के साथ बाइक और गाडियों की बैटरी चोरी के दर्जनों घटना को अंजाम दिया है। भैंस मालिक पच्चू के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया गया है। तीन आरोपियों को जेल भेजा गया एवं अन्य आरोपी आजाद एवं इश्तेहार की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पानी की समस्या की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने पर बीडीओ ने किया क्षेत्र भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अंतर्गत पंडरिया पंचायत के धनीमंडरा और कैलान के कोनमंडरा में पानी की समस्या की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद बीडीओ नंदजी राम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कैलान के कोनमंडरा के खोह टोला में ग्रामीणों से मिलकर पानी की समस्या से अवगत हुए। उन्होंने पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव को खराब पड़े चापाकल और जलमीनार को अविलंब दुरुस्त कराने को कहा था। परंतु 48 घंटे बीतने के बावजूद कोनमंडरा में जहां के ग्रामीण आाा किलोमीटर दूरी से पीने का पानी लाने को मजबूर है। ग्रामीण सोना देवी, जशोदा देवी, सरिता देवी,



जानकारी देते ग्रामीण

सुमन देवी, चांदनी देवी, शकुंतला देवी, उपेंद्र प्रजापति रामदेव प्रजापति, शामदेव प्रजापति, राहुल प्रजापति, अमरदेव उरांव, मथुरा प्रजापति ने कहा कि खोह टोला पानी की समस्या बहुत ज्यादा ही खराब है। कई चापाकल कई महीनों से खराब है। कई बार जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों तक को चापाकल ठीक करने के लिए बोले लेकिन आज तक नहीं ठीक हुआ। अधिकारी खानापूर्ति कर कर चले जाते हैं। जबकि धनीमंडरा के मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौबे ने बताया कि पंडरिया पंचायत में हैंड पम्प खराब की सूचना मिलते ही तुरंत बनवाया जा रहा है। कुछ हैंड पम्प के बोर का पानी जल स्तर नीचे चले जाने के कारण बंद पड़े है। जो बरसात में पानी का लेयर बढ़ते ही चालू हो जाते है।

परंतु पंचायत के कई टोलो में पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है। जलनल के द्वारा घरों में पानी सप्लाई को लेकर संवेदक के लापरवाही के कारण पानी की समस्या उत्पन हो रही है कई बार संवेदक को सूचित करने के बावजूद जल नल के लिए तीस चालीस जगहों पर डिप बोर तो कर दिया है परंतु आज तक उसमे कनेक्शन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि खोह टोला में पानी की समस्या है, जो भी चापाकल खराब है उन्हें जल्दी बनवा दिया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## सेना प्रमुख मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा



**नयी दिल्ली।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है । रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करके बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था। सेना प्रमुख बनने से पहले वह सेना उप प्रमुख थे ।

## भाजपा नहीं कर रही मुद्दों पर बात : सुप्रिया

**अमृतसर।** कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने रविवार को कहा कि भाजपा मुद्दों की बात नहीं कर रही है। भाजपा सिर्फ धर्म के नाम वोट मांग रही है जबकि यह राजनीति मुद्दों के नाम पर होनी चाहिए।


श्रीनेत ने कहा कि बेरोजगारी, मंहगाई, गरीबी ऐसे मुद्दे हैं जिन पर बात होनी जरुरी है और जिनका हल भी जरुरी है। उन्होंने कहा कि जब दस साल पहले उन्होंने भाजपा के हाथ में सत्ता सौंपी थी तो तब डालर 58 रुपए था जबकि आज 82 है, वहीं पेट्रोल 70 रुपए था। कांग्रेस के समय में क्रूड आयल 150 था, जबकि अब 77 रुपए है। लेकिन पेट्रोल के रेट घटाए नहीं गए हैं। लेकिन सिर्फ हिंदुत्व, मंदिर, मुसलमान, मंगलसूत्र और अब मुजरा, ऐसे शब्द प्रयोग किए जा रहे हैं पर देश के विकास की बात नहीं हो रही।

## ब्रिटेन में अनिवार्य सैन्य सेवा शुरू होगी : सुनक



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि यदि कंजरवेटिव पार्टी 04 जुलाई को होने वाला अगला आम चुनाव जीतती है, तो वह युवाओं के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा या वैकल्पिक सेवा शुरू करने की योजना बना रहे हैं। सुनक ने कहा कि हम आज के ब्रिटेन के लिए राष्ट्रीय सेवा को फिर से शुरू करेंगे। यह हमारे युवाओं के लिए जीवन बदलने वाले अवसर प्रदान करेगा।

## प्रोडक्शन में उतरने की जल्दबाजी नहीं : सोनाक्षी



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि फिल्म प्रोडक्शन में उतरने की उन्हें जल्दबाजी में नहीं हैं। आलिया भट्ट, कृति सैनन, हुमा कुरैशी, और तापसी पन्नू समेत ऐसी कई अभिनेत्रियां हैं, जो अभिनय के साथ-साथ फिल्म निर्माण में भी सक्रिय हैं। हालांकि, उन्हीं के समकालीन अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा फिलहाल फिल्म प्रोडक्शन में उतरने की जल्दबाजी में नहीं हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने कहा,फिलहाल मेरे पास जिस तरह के प्रस्ताव आ रहे हैं, तो मैं एक्टिंग और अपनी नेल्स कंपनी चलाने में व्यस्त हूं। मेरे पास फिल्में प्रोड्यूस करने के लिए टीम के साथ बैठने और स्क्रिप्ट पर काम करने का समय नहीं है। यदि मैं कुछ करती हूं, तो उसमें अपनी क्षमता का शत प्रतिशत देती हूं। मैं आधे दिल से कोई काम नहीं कर सकती हूं।

# दिल्ली के बेबी डे केयर सेंटर में आग से सात मासूमों की मौत

एजेंसी



- अस्पताल का मालिक और एक डॉक्टर गिरफ्तार
- प्रधानमंत्री ने जताया शोक मुआवजे का किया एलान
- उपराज्यपाल ने घटना की जांच का दिया आदेश

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यमुनापार (पूर्वी दिल्ली) के विवेक विहार स्थित दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में शनिवार रात आग से सात नवजात की मौत हो गई। दमकल विभाग के अनुसार इस दौरान कुल 12 बच्चों को रेस्क्यू किया गया, एक बच्चा वेंटिलेटर पर है और पांच बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। यह सेंटर विवेक विहार के ब्लॉक बी में है। दमकल विभाग के अनुसार, सभी को एंबुलेंस के जरिये पास के गुप्ता नर्सिंग होम व ईस्ट दिल्ली एडवांस नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही दमकल व पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। बचाव दल ने सभी नवजात को खिड़की के रास्ते बाहर निकाला। दमकल विभाग ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद सेंटर का संचालक और कर्मचारी फरार हो गए। अभिभावकों को भी कोई सूचना नहीं दी गई। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार रात 11:30 बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली। तत्काल दमकल विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। केयर सेंटर के भू-तल से लोगों ने धुआं निकलते देखा था। देखते ही देखते आग ऊपरी मंजिलों पर पहुंच गई। आग की लपटों ने पूरी इमारत को चपेट में ले लिया। दमकल व पुलिस ने केयर सेंटर के पीछे की साइड से खिड़कियों को तोड़ा और सभी नवजात को एक-एक करके बाहर निकाला। जैसे-जैसे नवजात बाहर लाए गए, उन्हें दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

इधर पुलिस ने अस्पताल के मालिक और एक अन्य डॉक्टर को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपितों की पहचान डॉ. नवीन खीची (45) और बीएएमएस डॉक्टर आकाश (26) के रूप में हुई है। डॉ. आकाश चरखी दादरी का रहने वाला है। पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान टीम ने जब अस्पताल की लाइसेंस की पड़ताल की तो उसकी अवधि समाप्त मिली। इसके अलावा दिल्ली सरकार के डीजीएचएस विभाग की ओर से अस्पताल को महज पांच बेड का अस्पताल चलाने की अनुमति थी। उसका उल्लंघन कर 12 बेड का अस्पताल चलाया जा रहा था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में लगी आग की घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अस्पताल में लगी आग की घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को सभी जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। उन्होंने दोषियों को सजा दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## राजकोट गेम जोन के संचालक समेत दो गिरफ्तार

**राजकोट।** राजकोट गेम जोन अग्निकांड में राजकोट तहसील थाने में 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन पर आईपीसी की धारा 304, 308, 337, 338 और 114 के तहत शिकायत दर्ज की गई है। एफआईआर में टीआरपी गेम जोन के मालिक युवराज सिंह सोलंकी, प्रकाश सोलंकी, धवल ठक्कर, आशोकसिंह जाडेजा, किरीटसिंह जाडेजा, राहुल राठौड़ के नाम शामिल हैं। क्राइम ब्रांच ने इनमें से गेम जोन मालिक युवराज सिंह सोलंकी समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है। राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की टीम अन्य की गिरफ्तारी के लिए तलाश में जुटी। उन्होंने कहा कि घटना के लिए एसआईटी बनाई गई है। मामले की जांच राजकोट क्राइम ब्रांच करेगी। उन्होंने कहा कि गेम जोन के संचालकों ने फायर सेफ्टी के साधनों का साक्ष्य पेश नहीं किए थे। वर्ष 2024 में इनका लाइसेंस रिन्यू कराया गया था। फायर एनओसी के लिए कार्यवाही चालू थी। गेम जोन अग्निकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी में पुलिस महानिदेशक सीआईडी क्राइम सुभाष त्रिवेदी समेत आईएएस अधिकारी बंछानिधि पाणी, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, गांधीनगर के निदेशक एचपी संघवी, अहमदाबाद के चीफ फायर ऑफिसर जेएन खड़िया और क्वालिटी कंट्रोल, मकान और मार्ग विभाग सुपरिटेंडेंट इंजीनियर एमबी देसाई को शामिल किया गया है।

## यूपी के शाहजहांपुर में सड़क हादसा, 11 श्रद्धालुओं की मौत

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जनपद के खुटार थाना क्षेत्र में खुटार-गोला रोड पर शनिवार रात हुए सड़क हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए अधिकारियों को हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक जनपद सीतापुर के सिंधौली थाना क्षेत्र से ग्रामीणों का एक दल बस से पूर्णागिरी दर्शन के लिए जा रहा था। रात को खुटार-गोला मार्ग पर कस्बे के पास एक ढाबे पर चालक ने बस को रोका। बस से उतरकर कुछ लोग खाना खाने चले गए जबकि कई लोग अंदर बैठे रहे। रात करीब साढ़े दस बजे खुटार से गोला की ओर जा रहा बजरी लदा एक डंपर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बस के ऊपर पलट गया। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

# पापियों के अंत तक चैन की सांस नहीं लेंगे : योगी

एजेंसी

- बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से कोई दुस्साहस करने की कोशिश की तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते हुए मिलेंगे
- कानून की धज्जियां उड़ाने वाले माफियाओं की छाती पर चल रहा है बुलडोजर
- दो लड़कों की जोड़ी जब भी मिली है तो अनर्थ की है



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों पर चलने वाले हैं और तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे, जब तक पापियों का अंत नहीं कर देते। मीरजापुर, रॉबर्टसगंज,गोरखपुर, चंदौली और गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के लिये भाजपा और अपना दल (एस) उम्मीदवारों के समर्थन में ताबड़तोड़ चुनावी सभाओं में योगी ने रविवार को कहा कि प्रदेश में आज बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता और अगर ये दुस्साहस करने की किसी ने कोशिश की तो अगले ही चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते हुए मिलेंगे। गाजीपुर में उन्होने कहा कि जो माफिया कभी कानून की धज्जियां उड़ाया करते थे आज यूपी का बुलडोजर उनकी छाती को रौंद रहा है। गाजीपुर का एक माफिया अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार का बताता है। जबकि ये कोरा झूठ है और उसका ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार से कोई नाता नहीं है।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत, जो आज दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हुआ है। जिसने दुनिया में अपने सम्मान को मजबूती के साथ बढ़ाया है। कांग्रेस-सपा के लोग सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण नहीं कर सकते। अयोध्या में राम मंदिर और काशी में विश्वनाथ धाम का निर्माण नहीं कर सकते। आराध्यों के पवित्र स्थलों का सुंदरीकरण भी नहीं कर सकते तो इन समस्याओं को सिर पर ढोने की आवश्यकता नहीं है। सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना। श्री योगी ने कहा कि जिन्होंने एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया, अब उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये।

चंदौली लोकसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि काशी व चंदौली में विकास बुलेट की स्पीड से आता दिख रहा है। हमारी सरकार बाबा कीनाराम की जन्मभूमि पर उनके मंदिर को दिव्य-भव्य रूप देने के लिए कार्य करा रही है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस का गठबंधन अनर्थकारी है। दो लड़कों की जोड़ी जब भी मिली है तो अनर्थ की है। कांग्रेस व सपा के घोषणा पत्र को देखकर आप कहेंगे कि यह पाकिस्तान परस्त घोषणा पत्र है। यह सत्ता में आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण को मुसलमानों को दे देंगे।

## सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं मोदी : प्रियंका



**फतेहगढ़ साहिब।** प्रियंका गांधी ने रविवार को पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। मोदी के झूठे और खोखले वादे का मकसद सिर्फ और सिर्फ आपका वोट लेकर देश की सत्ता पर काबिज होना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में आज जो राजनीति हावी है, वह सिर्फ अलगाव फैलाने, आपसे फायदा उठाने वाली राजनीति है। पीएम मोदी सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं और किसानों के आंदोलन के दौरान यह बहुत स्पष्ट हो गया था। उन्?होंने आपके संघर्ष को नहीं पहचाना, लेकिन जैसे ही चुनाव आया, वोटों के लिए उन्होंने काले कृषि कानून हटा दिए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और भाजपा की सारी नीतियां, वे जो भी कहते हैं, जितने भी झूठ आपके सामने रखते हैं, जितने भी खोखले वादे करते हैं, जितनी हल्की बातें करते हैं, वो सब सिर्फ और सिर्फ सत्ता पाने के लिए है। उन्हें किसी भी तरह से सत्ता हासिल करनी है।

# अपना कुनबा बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है सपा : मोदी

एजेंसी

**इंडी जमात वालों ने वोटबैंक के लिए राम मंदिर को ठुकरा दिया**



**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देवरिया और बांसगांव लोकसभा क्षेत्रों की संयुक्त जनसभा में सपा पर करारा हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सपा अपने परिवार का कुनबा बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। इन्हें केवल परिवार की ही चिंता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी जमात वालों ने वोटबैंक के लिए राम मंदिर को ठुकरा दिया। सपा वाले राम मंदिर को अपवित्र कहते हैं। इसलिए राम को गाली देने वालों को एक भी सीट पूर्वांचल में नहीं मिलनी चाहिए। मोदी ने बांसगांव में आयोजिन जनसभा में कहा कि छठे चरण के मतदान ने इंडी गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं, अब सातवें चरण में इंडी वालों पर पूर्वांचल का प्रहार होगा और पूर्वांचल का प्रहार जिस पर हुआ, वो मैदान से बाहर जाकर गिरता है।

इंडी जमात कह रही है, हम आएंगे तो जम्मू-कश्मीर में फिर से 370 लगाएंगे, ये शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने वाले कानून सीएए को रद्द करेंगे। यही तो भारत विरोधी ताकतें भी चाहती हैं, फिर इंडी वाले यही क्यों चाहते हैं? प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल बना करेगी और ब्रह्मोस मिसाइल ऐसी है, जिसका खौफ दूर-दूर तक है। दुनिया के कई देशों में ब्रह्मोस मिसाइल की मांग रही है, लेकिन कांग्रेस ने उनके सामने भी रोड़े अटकाए। इंडी वाले चाहते हैं, भारत रक्षा क्षेत्र में न आत्मनिर्भर बने और न ही भारत में हथियार एक्सपोर्ट करने की क्षमता पैदा हो। ये इंडी वाले चाहते हैं कि विदेशी हथियारों की डील होती रहे और इनकी दलाली आती रहे।

# श्रीराम जन्मभूमि परिसर में लगेंगे रामायण कालीन पौधे

एजेंसी

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने रविवार को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला पर रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे। इस पर उद्यान विभाग काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि रामायण में कौन-कौन से पौधों का उल्लेख है, इस पर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआलआई) शोध भी कर चुका है। उन्होंने बताया कि रामायण में 150 से अधिक पौधों का उल्लेख है। उन्हीं में से ही चयन करके पौधे लगाए जाएंगे। ट्रस्ट का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को राम मंदिर के साथ-साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों का दर्शन कराया जाए।

**रामायण में 150 से अधिक पौधों का उल्लेख है : नृपेंद्र मिश्रा**

उनका कहना है कि परिसर में बन रहे सातों मंदिरों का निर्माण कार्य सितम्बर तक पूरा हो जाएगा। नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि कुबेर टीले का काम पूरा हो चुका है, जो श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं, वे कुबेर टीले की दिशा में भी जाएं। उनका कहना है कि परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को जूते और चप्पल नहीं उतारने पड़ेंगे। ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए। नंगे पैर कुबेर टीले पर जाने पर उनके साथ नाइंसाफी होगी।



उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में रविवार को ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की तृतीया के अवसर पर भगवान महाकाल का सूर्य रूपी विशेष शृंगार किया गया।

# प्रधानमंत्री ने 22 लोगों के 16 लाख करोड़ का कर्ज किया माफ : राहुल



**शिमला।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के मात्र 22 लोगों को करोड़पति बनाने के लिए काम कर रहे हैं और पिछले दस वर्षों में उनका 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया गया है, लेकिन किसान का कर्ज माफ नहीं किया गया। श्री गांधी ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला के नाहन में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करते हुए श्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने राज्य में कांग्रेस पार्टी के चारों लोकसभा उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए कहा कि मैं और प्रियंका दिल्ली में आपके सिपाही हैं और हिमाचल प्रदेश की आवाज को दिल्ली में बुलंद करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में आपदा आई तो श्री मोदी ने प्रदेश की कोई मदद नहीं की। प्रदेश में आपदा से 22 हजार परिवार प्रभावित हुए और केंद्र सरकार ने कुछ नहीं दिया। नुकसान से 9000 करोड़ रुपए भी अभी तक केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को नहीं दिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्री नरेंद्र मोदी, अडानी और मीडिया की पार्टनर्शिप के कारण हिमाचल के सेब बागबानों को सही दाम नहीं मिल रहा है। श्री मोदी ने सेब स्टोरेज का सारी फैसिल्टी एक आदमी को दे दी है और वह सेब के दाम को कंट्रोल कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सात एयरपोर्ट अडानी की कंपनी को दे दिए गए हैं और हथियार बनाने का काम भी अडानी की कंपनी कर रही है।

# नौसेना अकादमी से स्प्रिंग टर्म में पास आउट हुए 216 प्रशिक्षू

एजेंसी

- चमचमाती तलवारों और राइफलों के साथ मार्मिक विदाई धुन पर थिरके प्रशिक्षू



**नयी दिल्ली।** केरल के एझिमाला में भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) से स्प्रिंग टर्म में 216 प्रशिक्षु पास आउट हुए हैं। इनमें 34 महिला और मित्र देशों के 10 प्रशिक्षु हैं। मिड शिपमैन पिनिंटला प्रदीप कुमार रेड्डी को मेरिट के सभी क्रम में प्रथम स्थान हासिल करने लिए 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' मिला। पासिंग आउट परेड में सफल प्रशिक्षुओं ने चमचमाती तलवारों और राइफलों के साथ पारंपरिक और मार्मिक विदाई धुन पर अंतिम चरण की सलामी देते हुए धीमी गति से मार्च किया। नौसेना अकादमी में शनिवार को 106वें भारतीय नौसेना अकादमी पाठ्यक्रम, 36 और 37 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (विस्तारित), 38 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (नियमित) और 39 नौसेना विशेष स्तरीय प्रशिक्षण (तटरक्षक एवं विदेशी) के पासिंग आउट परेड (पीओपी) का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया। इन पाठ्यक्रमों को 34 महिला प्रशिक्षुओं और मित्र देशों के 10 प्रशिक्षुओं सहित 216 प्रशिक्षुओं ने अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। पासिंग आउट परेड में मिडशिपमैन पिनिंटला प्रदीप कुमार रेड्डी को मेरिट के सभी क्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसी तरह बीटेक कोर्स के लिए रजत पदक मिड शिपमैन मोहम्मद समीर को, बीटेक कोर्स के लिए एफओसी-इन-सी दक्षिण कांस्य पदक मिडशिपमैन राहुल दर्शन सिंह शोरन को, एनओसी (विस्तारित) के लिए स्वर्ण पदक कैडेट संधिता पटनायक को एनओसी (विस्तारित) के लिए एफओसी-इन-सी दक्षिण रजत पदक कैडेट शौर्य जामवाल को दिया गया। इसी तरह कमांडेंट, एनओसी (विस्तारित) के लिए आईएनए कांस्य पदक कैडेट सलोनी के सिंह को, एनओसी (पंजीकृत) के लिए सीएनएस द्वारा स्थापित स्वर्ण पदक और सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर महिला कैडेट कैडेट जाह्नवी सिंह को, एनओसी (पंजीकृत) के लिए कमांडेंट रजत पदक कैडेट सहाना एमके को, महानिदेशक तटरक्षक सर्वश्रेष्ठ सहायक कमांडेंट सहायक कमांडेंट आदित्य ओझा को दिया गया। फाइटर स्क्वाड्रन ने प्रतिष्ठित चैंपियन स्क्वाड्रन बैनर प्राप्त किया। सफल प्रशिक्षुओं ने अकादमी के क्वार्टरडेक से अपनी चमचमाती तलवारों और राइफलों के साथ, पारंपरिक और मार्मिक विदाई धुन पर अंतिम चरण की सलामी देते हुए धीमी गति से मार्च किया। वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट प्रशिक्षुओं, पदक विजेताओं और चैंपियन स्क्वाड्रन को उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने देश की रक्षा के लिए इस पेशे को चुनने और प्रोत्साहित करने के लिए उनके माता-पिता के निर्णय की सराहना की। परेड के बाद पासिंग आउट प्रशिक्षुओं को पट्टियां प्रदान की गईं, जो नौसेना में उनके कमीशनिंग का प्रतीक है। अब ये अधिकारी विशेष क्षेत्रों में अपने प्रशिक्षण को और मजबूत करने के लिए विभिन्न नौसेना जहाजों और प्रतिष्ठानों में जाएंगे। नए कमीशन अधिकारियों पर राष्ट्र की बड़ी जिम्मेदारी है, जो कर्तव्य, सम्मान और साहसी मूल्यों से ओतप्रोत, युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना की प्रतिष्ठा को निरंतर कायम रखने और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !